सूर्योदय 6:47 सूर्यास्त 6:20

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 9.0 न्यू | 18.0 अधि |
| धर्मशाला | 12.0 न्यू | 21.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80,239 |
| निफ्टी | 24,866 |

सोना 1,66,200 चांदी 2,87, 350

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | मंगलवार, 3 मार्च 2026 | 20 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 65, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# अमेरिका के छह मिलिट्री बेसों पर ईरान के हमले

## कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट मार गिराने का किया दावा

**एजेंसी, तेहरान**

ईरान ने सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में स्थापित 6 अमेरिकी मिलिट्री बेसों पर हमला किया है। कुवैत में अमेरिका के कई फाइटर जेट क्रैश हो गए, जिन्हें ईरान ने अपने ड्रोनों से मार गिरान का का दावा किया है। जेट हवा में गोल-गोल घूमने के थोड़ी देर बाद जमीन से टकरा गए। हालांकि, इसमें किसी मौत की नहीं हुई है। वहीं, कुवैत ने सोमवार को गलती से 3 अमेरिकी फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया।

हादसे में सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है। (अनंत ज्ञान)

### ईरान ने सऊदी अरब में अरामको की रिफाइनरी को बनाया निशाना



**सऊदी** अरब की सरकारी तेल कंपनी अरामको की रिफाइनरी पर सोमवार को ईरान ने हमला किया है। अरामको ने बताया है कि उसकी रास तनुरा तेल रिफाइनरी को ड्रोन हमले के बाद अस्थायी तौर पर बंद करना पड़ा है।

### पीएम मोदी ने बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस से की बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस को फोन किया। दोनों के बीच पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति पर चर्चा हुई। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी ने आज दो अहम फोन कॉल किए। टेलीफोन पर उन्होंने बहरीन के किंग और सऊदी के क्राउन प्रिंस के साथ ईरान और इसराइल के बीच टकराव समेत कई मुद्दों पर बातचीत की। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले बहरीन के किंग हमाद बिन ईसा अल खलीफा से बात की। उन्होंने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री- मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद से भी बात की। पीएम मोदी ने इन दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की और यहां रहने वाले भारतीय समुदाय के लोगों की सुरक्षा से संबंधित चिंताओं पर भी चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

### खामेनेई की पत्नी की भी मौत

**अमेरिका** और इसराइल ने शनिवार को तेहरान में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के ऑफिस पर हमला किया था। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरेह दो दिन पहले अमेरिका और इजराइल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे। ईरान की सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि मंसूरेह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ईरान में अब तक 555 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### इसराइल-ईरान युद्ध के बीच फंसे भारतीयों को सुरक्षित लाया जाएगा : किरेन रिजिजू



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू सोमवार सुबह कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ईरान और इसरायल के बीच जारी संघर्ष के दौरान विदेशों में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और स्वदेश वापसी को लेकर केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विदेश में रहने वाले किसी भी भारतीय नागरिक को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। यदि किसी भारतीय को समस्या आती है तो उसे सुरक्षित भारत लाने के लिए व्यापक और त्वरित कदम उठाए जा रहे हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नागपुर ब्लास्ट : 21 डॉयरेक्टर्स पर केस

**एजेंसी, नागपुर ।** महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार को हुए धमाके से घायल दो और लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। उधर, पुलिस ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के नौ डॉयरेक्टर्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कंपनी के 21 डॉयरेक्टर्स और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अन्य घायल श्रमिकों का यहां के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। धमाका नागपुर जिले की कटोल तहसील के राउलगांव स्थित खनन और औद्योगिक विस्फोटक निर्माता कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड की डेटोनेटर पैकिंग इकाई में हुआ। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विस्फोट के कारणों की गहन जांच के आदेश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### अमेरिका-इसराइल ने हद पार कर दी : जावेद अख्तर

**एजेंसी, मुंबई।** अमेरिका और इसराइल की ओर से ईरान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई पर गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा, 'मुझे लगता है कि इस बार ट्रंप और इसराइल ने हद से ज्यादा कदम उठा लिया है। अगर उन्हें इस तरह की हिम्मत दिखाने और इराक की तरह ईरान के साथ भी ऐसा करने की छूट मिल जाती है, तो चीन की दुनिया में पूरी साख खत्म हो जाएगी।' (अनंत ज्ञान)



### ऑनलाइन सट्टेबाजी पर 37 करोड़ की संपत्ति जब्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मुख्यालय नई दिल्ली ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म वीएंडबेट के संबंध में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत लगभग 18.10 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। जांच में सामने आया है कि वीएंडबेट भारत में बिना अनुमति के चल रहा था। इसके जरिए कई मिरर वेबसाइटों को साथ लेकर अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी और जुए की गतिविधियों को बढ़ावा दिया गया। इस प्लेटफॉर्म ने फर्जी बैंक खातों से जुड़ा एक गतिशील सिस्टम तैयार किया। यूपीआई आईडी के माध्यम से धन संग्रह के लिए एक गुप्त तंत्र अपनाया गया। इसका मकसद, वास्तविक लाभार्थियों को छिपा कर अपराध की आय को कई परतों में बांटना था। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- शिक्षा मंत्री ने दी राजस्व रिकॉर्ड रूम की सौगात -पेज 2
- कृषि विपणन बोर्ड में 110 करोड़ का गड़बड़झाला -पेज 3
- जुलाई तक पूरा होगा चबूतरा पेयजल योजना का कार्य: मुकेश -पेज 6
- होली के रंगों की गुणवत्ता पर स्वास्थ्य विभाग की नजर -पेज 12

# मुख्यमंत्री सुक्खू ने केंद्र सरकार से मांगा विशेष वित्तीय पैकेज

## वित्त मंत्री से पहाड़ी राज्यों के लिए अलग समिति बनाने की मांग

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण से औपचारिक भेंट कर राज्य की जटिल वित्तीय परिस्थितियों को गंभीरता से रखा और वित्त वर्ष 2026-27 के लिए विशेष केंद्रीय सहायता के अंतर्गत एक समुचित वित्तीय पैकेज प्रदान करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राजस्व घाटा अनुदान की समाप्ति से प्रदेश की आर्थिक संरचना पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और सीमित संसाधनों वाले पहाड़ी राज्य के लिए यह स्थिति अत्यंत चुनौतीपूर्ण बन गई है। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री से पहाड़ी राज्यों की अर्थव्यवस्था के समुचित अध्ययन और दीर्घकालिक सुधारों के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आग्रह किया, ताकि वास्तविक परिस्थितियों के अनुरूप नीति निर्धारण किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल की तुलना बड़े और संसाधन-संपन्न राज्यों से करना यथार्थपरक नहीं है। उन्होंने बताया कि राज्य को पूर्व में राजस्व घाटा अनुदान के रूप में लगभग 12.7 प्रतिशत तक सहायता प्राप्त होती थी, जो देश में नागालैंड के बाद सर्वाधिक थी। इस सहायता के बंद होने से विकास योजनाओं,



वित्त मंत्री से मिलते सीएम सुक्खू।

### बोले-जीएसटी लागू होने से भी हो रहा वित्तीय नुकसान

सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों और आधारभूत ढांचे के विस्तार पर सीधा असर पड़ा है। उन्होंने दोहराया कि सभी राज्यों को एक ही पैमाने पर आंकना पहाड़ी राज्यों की विशेष भौगोलिक और आर्थिक परिस्थितियों की अनदेखी है। मुख्यमंत्री ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 275(1) का उल्लेख करते हुए कहा कि यह प्रावधान उन राज्यों को अनुदान देने की अनुमति देता है जिनकी आय और व्यय में संतुलन स्थापित करना कठिन है। उन्होंने कहा कि वित्त आयोग द्वारा छोटे पहाड़ी राज्यों की आवश्यकताओं को अपेक्षित महत्व न देना चिंताजनक है। सीएम ने वित्त मंत्री को बताया कि वस्तु एवं सेवा कर व्यवस्था लागू होने के बाद राजस्व संरचना में आए बदलाव से भी राज्य को क्षति हुई है। कर दरों में आवश्यक संशोधन और अनुदानों के तार्किक पुनर्गठन के बावजूद राजस्व घाटे की भरपाई संभव नहीं हो पा रही है।

### वित्त मंत्री ने मांगों पर गंभीरता से गौर करने का दिया आश्वासन

**सीएम** ने वित्त मंत्री से आग्रह किया कि परिवहन लागत, सीमित औद्योगिक आधार, प्राकृतिक आपदाओं की संवेदनशीलता और भौगोलिक विषमताओं को ध्यान में रखकर आकलन किया जाए। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि प्रदेश सरकार ने पिछले वर्षों में वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए कठोर कदम उठाए हैं। किसी प्रकार का अतिरिक्त बजट-बाह्य ऋण नहीं लिया गया है और विभिन्न उपकरों के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 600 करोड़ की अतिरिक्त आय जुटाई गई है। वहीं केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्य की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह और प्रधान सचिव (वित्त) देवेश कुमार भी उपस्थित रहे।

# भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

## प्रधानमंत्री मोदी और मार्क कार्नी की मुलाकात के बाद हुआ करार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई पीएम कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है।

कनाडा के पीएम कार्नी के इस दौरे की सबसे बड़ी डील भारत-कनाडा के बीच 10 साल का यूरेनियम सप्लाई समझौता है। बताया जा रहा है कि यह डील करीब 3 अरब डॉलर की हो सकती है। कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। भारत और कनाडा के बीच न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट 2013 में लागू हुआ था, जिसके बाद कनाडा ने भारत को यूरेनियम सप्लाई शुरू की थी। भारत अपने तेजी से बढ़ते परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के लिए और अधिक यूरेनियम खरीदना चाहता है। (अनंत ज्ञान)



### रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की होगी स्थापना

**विदेश** मंत्रालय के अनुसार भारत-कनाडा के बीच रक्षा डायलॉग और संसदीय मैत्री समूह की स्थापना की जाएगी और भारत-कनाडा सीईओ फोरम का पुनर्गठन होगा। कनाडा ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस और इंटरनेशनल सोलर अलायंस में शामिल होगा। साथ ही भारत के सहयोग से कनाडा इंडियन ओशन रिम एसोसिएशन में डायलॉग पार्टनर के तौर पर भी शामिल होगा। मंत्रालय के अनुसार भारत में संयुक्त दाल प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। वहीं कनाडा आगामी 17-30 मार्च तक होने वाले भारत जनजातीय उत्सव-2026 में भागीदारी करेगा। विश्वविद्यालय कनाडा एक नई कनाडा-भारत संयुक्त योग्यता एवं नवाचार रणनीति लांच करेगा।

### एआई, हेल्थकेयर, कृषि और इनोवेशन में समझौते

**आर्टिफिशियल** इंटेलिजेंस, हेल्थकेयर, एग्रीकल्चर और इनोवेशन जैसे क्षेत्र में यूनिवर्सिटी/इंस्टीट्यूशन के बीच 24 साझेदारी समझौते होना तय किया गया है। इसके अलावा ग्लोबलिंक रिसर्च इंटर्नशिप, महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) पी.कुमारन ने कहा कि इस दौरे के पांच ठोस नतीजे मिले। पहला, सीईपीए के लॉन्च के ज़रिए एक टिकाऊ आर्थिक सहारा देने पर सहमति बनी। सीईपीए के लिए शर्तों पर साइन करने से 2026 के आखिर तक एक बड़ा, संतुलित और दोनों के लिए फायदेमंद समझौता करने का एक साफ रोडमैप मिलता है।

# मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**एजेंसी, इंफाल।** सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस ने पिछले 24 घंटों के दौरान इम्फाल पूर्व, इम्फाल पश्चिम और थौबल जिलों में अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के तीन सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन पीपल्स रिवॉल्यूशनरी पार्टी कांग्लेईपाक (प्रीपाक) के एक उग्रवादी अनिल कुमार सिंह (21) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। एक अन्य अभियान में खैदेम नरेंद्र सिंह उर्फ अंगौ उर्फ मैकेइंगकपा (29) को इंफाल पश्चिम जिले के वांगोई खैदेम लैकाई स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया। एक अन्य कार्रवाई में इबुंगोमाचा लैश्रम उर्फ रॉकी उर्फ इबोमचा (43) को थौबल जिले के थौबल थाना क्षेत्र के यैरिपोक लमखाई इलाके से गिरफ्तार किया। इनसे हथियारों समेत एक दोपहिया वाहन भी बरामद किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर किया हमला

**एजेंसी, काबुल**

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह बेस पाकिस्तानी आर्मी के हेडक्वार्टर और प्रधानमंत्री कार्यालय से सिर्फ 25 किमी दूर है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है। इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन

### तालिबान ने पाकिस्तान की सीमा के अंदर घुसने का भी किया दावा

पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं। ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। (अनंत ज्ञान)

# पुलिस ऑफिसों में महिला कर्मियों की सुरक्षा का होगा ऑडिट

## डीजीपी ने 15 दिन में मांगी रिपोर्ट, ट्रेनी सिपाही से छेड़छाड़ के बाद उठाया कदम

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश पुलिस ने कार्यस्थलों पर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस महानिदेशक ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पंद्रह दिनों के भीतर राज्य की सभी पुलिस इकाइयों और कार्यालयों में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की जाए। यह कदम पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज डरोह में प्रशिक्षु महिला कांस्टेबल के कथित यौन उत्पीड़न का मामला सामने आने पर उठाया है। पीएचक्यू (पुलिस हेडक्वार्टर) की ओर से जारी किए निर्देशों के अनुसार यह लेखा-परीक्षण केवल कागजी औपचारिकता नहीं होगा, बल्कि हर स्तर पर व्यवस्थाओं की गंभीर पड़ताल की जाएगी। यह देखा जाएगा कि जिन कार्यालयों में आंतरिक शिकायत समितियों का गठन आवश्यक है, वहां वे विधिसम्मत रूप से बनी हैं या नहीं, उनका संचालन प्रभावी है या नहीं, और शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया समयबद्ध व निष्पक्ष ढंग से अपनाई जा रही है या नहीं। साथ ही अभिलेख संधारण, जांच की प्रगति, जागरूकता कार्यक्रमों और वैधानिक प्रतिवेदनों की स्थिति का भी सूक्ष्म परीक्षण किया जाएगा।



पुलिस महानिदेशक ने दोहराया कि कार्यस्थल पर उत्पीड़न के प्रति शून्य सहनशीलता केवल नीति का हिस्सा नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति का मूल सिद्धांत है। इस व्यापक पहल का उद्देश्य कानून के अक्षर मात्र का पालन करना नहीं, बल्कि ऐसा पेशेवर वातावरण निर्मित करना है जहां हर महिला कर्मी स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त महसूस करे तथा बिना किसी भय, संकोच या दबाव के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों तथा अन्य उच्च अधिकारियों को स्वयं इस प्रक्रिया की निगरानी करने और निर्धारित अवधि में विस्तृत प्रतिवेदन मुख्यालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। यदि किसी इकाई में समिति गठन, कार्यप्रणाली या नियम पालन में कमी पाई जाती है तो उसे तत्काल दुरुस्त करने को कहा गया है।

### नियम की अनदेखी पर होगी सीधी कार्रवाई

**नियमों** की अनदेखी, तथ्यों को छिपाने या सुधारात्मक उपायों में ढिलाई बरतने की स्थिति में कड़ी विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है, जिससे यह स्पष्ट संकेत जाता है कि इस विषय में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

# एआई जेनरेटेड सबूतों पर फैसला लेना बिलकुल गलत : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए सबूतों पर फैसला लिखना गलत काम है। कोर्ट ने कहा कि यह कोई गलती से होने वाला काम नहीं है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि इसके नतीजों और जवाबदेही की जांच करना चाहते हैं क्योंकि इसका सीधा असर फैसले की प्रक्रिया की ईमानदारी पर पड़ता है। कोर्ट ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। दरअसल, पिछले साल अगस्त में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी के केस में एआई से बनी तस्वीर के आधार पर फैसला दिया था। फैसले के खिलाफ आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जनवरी में हाइकोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई। (अनंत ज्ञान)



### अटॉर्नी जनरल, बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी

**रंगों का उत्सव** | कुल्लू में सैकड़ों सालों से अनोखी होली परंपरा को संजोए हुए हैं एक समुदाय के लोग

# कुल्लू में 40 दिन तक होली उत्सव मनाता है बैरागी समुदाय

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में बैरागी समुदाय के लोग एक अनोखी होली परंपरा को संजोए हुए हैं। यहां पर 40 दिनों तक चलने वाले होली उत्सव में बैरागी समुदाय के लोगों ने परंपरानुसार विशेष भूमिका निभाई जाती है। इस वर्ष भी बखूबी यह उत्सव मनाया जा रहा है।

बैरागी समुदाय के विनोद महंत, ओम प्रकाश महंत, राज कुमार महंत, दीपक महंत, विनोद महंत का कहना है कि उनकी यह होली बहुत पुरानी है और इसकी खासियत यह है कि इसमें रिश्तों का ख्याल रखा जाता है। इस समुदाय के लोग अपने से बड़ों के मुंह और सिर में गुलाल नहीं लगाते, बल्कि वे रिश्तों की मर्यादाओं का सम्मान करते हुए बड़ों के चरणों में गुलाल फेंकते हैं और उनकी उम्र से बड़े लोग छोटे व्यक्ति के सिर पर गुलाल फेंककर आशीर्वाद देते हैं। वहीं, हमउम्र लोग एक-दूसरे के मुंह पर गुलाल लगाते हैं और इस उत्सव को मनाते हैं। बसंत उत्सव से 40 दिनों तक भगवान रघुनाथ को सुल्तानपुर स्थित मंदिर में हर रोज गुलाल उड़ाया जाता है। इस दौरान होली से आठ दिन पूर्व ही यहां होलाष्ठक पर्व शुरू हो गया है और देश की होली से एक दिन पूर्व ही कुल्लू में होली मनाई जाती है। इस बार भी इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।




### डफली और झांझ हैं शान, नग्गर के झीडी से नाता

**होली** के गीतों को रंगत देने के लिए वैरागी समुदाय के लोग डफली और झांझ आदि साज का इस्तेमाल करते हैं। इन साजों का प्रयोग भी सिर्फ ब्रज में ही होता है। बताया जा रहा है कि इस समुदाय द्वारा मनाई जाने वाली यह होली रघुनाथ से भी जुड़ी हुई है। इस समुदाय द्वारा मनाई जाने वाली इस होली का संबंध नग्गर के झीडी और राधा कृष्ण मंदिर नग्गर ठावा से भी है। बताया जाता है कि इस समुदाय के गुरु पेयहारी बाबा रहते थे और उन्हीं की याद में इस समुदाय के लोग टोली बनाकर नग्गर के ठावा और झीडी में जाकर भी होली के गीत गाते हैं। समुदाय के लोग हर साल उनके तपोस्थली में होली से एक दिन पहले जाते हैं और पूरा दिन होली के गीत गाते हैं आशीर्वाद लेते हैं।

### यहां ब्रज की तर्ज पर होली मनाते हैं बैरागी

**बैरागी** समुदाय के लोग विशेष होली मनाते हैं उनकी यह होली ब्रज की तर्ज पर मनाई जाती है। ब्रज की भाषा में होली के गीत वृंदावन के बाद कुल्लू घाटी में ही गूंजते हैं। परंपरागत इन गीतों को गाते हुए यह समुदाय 40 दिनों तक इस होली उत्सव को मनाता है। खासकर ब्रज की भाषा में यह समुदाय 'सखी री कोई मोड़ लैया वन को चले दोनों भाई' गीत राम और लक्ष्मण व सीता के वनवास जाने की व्याख्या करते हैं।

> **भगवान** रघुनाथ जी के कुल्लू आगमन से ही बसंत पंचमी के दिन से होली मनाई जाती है। होली के आठ दिन पूर्व बैरागी समुदाय के लोग भगवान रघुनाथ के पास होली गायन लगातार करते हैं। इस बार भी इस परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है।
>
> -महेश्वर सिंह, छडीबरदार भगवान रघुनाथ।

# शिक्षा मंत्री ने दी राजस्व रिकॉर्ड रूम की सौगात

## अब कोटखाई के लोगों को भूमि संबंधी दस्तावेज और अभिलेख प्राप्त करने के लिए नहीं जाना पड़ेगा ठियोग

नंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने सोमवार को अपने कोटखाई प्रवास के दौरान उपमंडल दंडाधिकारी कार्यालय कोटखाई में राजस्व रिकॉर्ड रूम का विधिवत उद्घाटन कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। अब तक कोटखाई के लोगों को भूमि संबंधी दस्तावेज और अभिलेख प्राप्त करने के लिए ठियोग जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की अनावश्यक हानि होती थी। रिकॉर्ड रूम के स्थानीय स्तर पर खुलने से अब समस्त राजस्व अभिलेख कोटखाई में ही उपलब्ध होंगे, जिससे जनता को त्वरित सुविधा मिलेगी और प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता तथा गति आएगी। इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

शिक्षा मंत्री ने इस अवसर पर नव निर्मित सब जज न्यायालय परिसर का निरीक्षण भी किया।




मंत्री रोहित ठाकुर जनसभा को संबोधित करते हुए। अनंत ज्ञान

- **सब जज न्यायालय परिसर का किया निरीक्षण, शीघ्र होगा संचालन**
- **नवीन स्तरोन्नत उपमंडल स्तरीय पशु औषधालय का भी किया लोकार्पण**

लगभग 10 लाख रुपए की लागत से तैयार इस परिसर को शीघ्र क्रियाशील करने की बात उन्होंने कही। न्यायालय के स्थानीय स्तर पर संचालित होने से क्षेत्रवासियों को न्यायिक कार्यों के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा, जिससे न्याय सुलभ और सरल होगा।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नवीन स्तरोन्नत उपमंडल स्तरीय पशु औषधालय का लोकार्पण भी किया तथा पशुपालन विभाग द्वारा आयोजित पशु प्रजनन शिविर में सहभागिता की। उन्होंने बताया कि यह शिमला जिला का पहला उपमंडलीय पशु औषधालय है, जहां विशेष रूप से गोधन सहित अन्य पशुओं के उपचार की समुचित व्यवस्था रहेगी। औषधालय में वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी और मुख्य औषध वितरक के पद शीघ्र भरे जाएंगे। भवन की दूसरी मंजिल के निर्माण पर लगभग 9 लाख रुपए व्यय किए गए हैं, जिससे सुविधाओं का विस्तार संभव हुआ है।

### सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा पर फोकस

**ग्राम** पंचायत टाहू कथान्डी के अंतर्गत 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित डेढ़ किलोमीटर लंबी दिवानडी कथान्डी सड़क का भी उद्घाटन किया गया। वहीं मराथू थरोला सड़क के उन्नयन कार्य पर लगभग 16 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र थरोला का निर्माण 1 करोड़ 75 लाख रुपए की लागत से प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के तीन वर्षों में जुब्बल नावर कोटखाई क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सड़क और भवन निर्माण के लिए 550 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

### आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध

**शिक्षा** के क्षेत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त और आधुनिक शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोटखाई में प्रस्तावित केंद्रीय विद्यालय को उन्होंने ग्रामीण अंचल के लिए बड़ी उपलब्धि बताया, जिससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा का लाभ मिलेगा।

# पार्षद के निलंबन पर मचा बवाल

## नगर निगम मुख्यालय के बाहर भाजपा पार्षदों का जोरदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** नगर निगम मुख्यालय के बाहर भाजपा पार्षदों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और कृष्णा नगर वार्ड के पार्षद बिट्टू पाना के निलंबन को तानाशाही करार दिया। प्रदर्शनकारियों ने महापौर सुरेंद्र चौहान के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए कार्रवाई को तुरंत वापस लेने की मांग उठाई। इस दौरान माहौल तनावपूर्ण रहा और पुलिस बल भी एहतियातन तैनात रहा।

नगर निगम की मासिक बैठक में हुए घटनाक्रम के बाद यह विवाद गहराया। भाजपा का आरोप है कि सदन के भीतर सवाल पूछने पर पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की गई। पार्टी नेताओं का कहना है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनप्रतिनिधियों को अपनी बात रखने का अधिकार है और उसे दबाने का प्रयास दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक के दौरान हुई तीखी बहस के बाद निलंबन की घोषणा ने सियासी पारा और चढ़ा दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष केशव चौहान ने कहा कि महापौर का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और ऐसे में उन्हें किसी पार्षद को निलंबित करने का अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन नियमों को ताक पर रखकर काम कर रहा है। भाजपा ने स्पष्ट किया कि वह अपने पार्षदों के सम्मान की रक्षा के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी।



नारेबाजी करते भाजपा पार्षद व कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

### महापौर के अधिकारों पर गंभीर सवाल: बिट्टू

**निलंबित** पार्षद बिट्टू पाना ने कहा कि यदि महापौर का कार्यकाल बढ़ाया गया है तो उसकी विधिवत अधिसूचना सार्वजनिक की जानी चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना वैधानिक अधिकार के की गई कार्रवाई किस आधार पर लागू की जा रही है। भाजपा पार्षदों का कहना है कि सदन में उठाए गए सवालों का जवाब देने के बजाय उन्हें निलंबित करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। अब यह मामला नगर निगम की राजनीति में बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।

# हिंसा के विरोध में एसएफआई का प्रदर्शन

## शैक्षणिक संस्थानों में एबीवीपी पर गुंडागर्दी व हमलों के गंभीर आरोप

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिला कमेटी के आवाहन पर एसएफआई की शिमला शहरी इकाई ने जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पर शैक्षणिक संस्थानों में बढ़ती गुंडागर्दी और दलित तथा अल्पसंख्यक छात्रों पर हमलों के गंभीर आरोप लगाए। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2026 के समर्थन में आयोजित खुले संवाद कार्यक्रम के बाद उनके कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई। उनका आरोप है कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की भागीदारी से विचलित होकर विरोधी संगठन के लोगों ने बहस के बाद हाथापाई की और अगले दिन चंबा में भी संघर्षरत छात्रों पर सुनियोजित हमला किया, जिसमें कुछ छात्रों को गंभीर चोटें आईं।




प्रदर्शन करते एसएफआई के कार्यकर्ता। अनंत ज्ञान

जिला सचिव पवन कुमार ने कहा कि यह घटनाएं केवल हिमाचल प्रदेश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में भी इस प्रकार की प्रवृत्तियां सामने आ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जातिगत और सांप्रदायिक वैमनस्य को बढ़ावा देकर छात्र राजनीति को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। संगठन का कहना है कि इस प्रकार की हिंसक घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर आघात हैं तथा इससे शैक्षणिक वातावरण दूषित हो रहा है।

एसएफआई ने विश्वविद्यालय, महाविद्यालय तथा पुलिस प्रशासन से मांग की है कि हमले में शामिल लोगों की तुरंत पहचान कर कठोर अनुशासनात्मक और कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने स्पष्ट किया कि वह छात्रों के अधिकारों और स्वस्थ शैक्षणिक परिवेश के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगा और किसी भी प्रकार की हिंसा से भयभीत नहीं होगा।

## नेपाली युवक की हत्या का मामला सुलझा

# कृषि उपकरण को बनाया मौत का हथियार, 24 घंटे में दबोचा आरोपी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** ठियोग क्षेत्र में एक नेपाली युवक की निर्मम हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान धनी राम के रूप में हुई है, जो अपने रिश्तेदारों के साथ बागीचे में बने डेरे में रह रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पुरानी रंजिश और शराब के नशे ने मिलकर इस वारदात को अंजाम तक पहुंचाया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने कृषि उपकरण को ही हथियार बनाकर धनी राम पर हमला किया, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना का खुलासा होते ही पुलिस हरकत में आई और 24 घंटे के भीतर आरोपी को धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार ग्राम जराई निवासी एक व्यक्ति ने अपने बगीचे के डेरे में नेपाली परिवार को ठहराया हुआ था। परिवार में सुरेश, उसकी पत्नी, बच्चे और भांजा धनी राम शामिल थे। 28 फरवरी की सुबह जब डेरे के कमरों की जांच की गई तो एक कमरा खाली मिला, जबकि दूसरे कमरे में धनी राम फर्श पर अचेत अवस्था में पड़ा था। चिकित्सकीय परीक्षण में उसकी मौत की पुष्टि हुई। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि सुरेश वारदात के बाद परिवार सहित फरार हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और फोरेंसिक दल ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए व जांच को तेज किया।

### तकनीकी आधार पर मिला आरोपी ठिकाने का सुराग

**जांच** के दौरान आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली व तकनीकी आधार पर आरोपी के ठिकाने का सुराग मिला। पुलिस ने दबिश देकर सुरेश को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि पुरानी रंजिश व नशे की हालत में उसने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

# नप रामपुर आयोजित करेगी जिलास्तरीय फाग मेला, देव आगमन की रूपरेखा तय

अनंत ज्ञान

**रामपुर बुशहर।** रामपुर में आगामी फाग मेला को मद्देनजर नोग गोहड़ी चार ठहरी परशुराम समिति की बैठक समिति अध्यक्ष श्री बहादुरलाल शर्मा की अध्यक्षता में रामपुर के ठाकुर श्री सत्यनारायण मंदिर में संपन्न हुई। बैठक में मंदिर समिति डंसा, मंदिर समिति लालसा, मंदिर समिति शनेरी, मंदिर स्मिती शिंगला एवं मंदिर समिति धारा सरघा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेले के चारों दिन देवताओं की सत्यनारायण मंदिर रामपुर से राज दरबार तक आने जाने की रुपरेखा तय की गई। साथ ही ये निश्चित हुआ की सभी देवताओं के देवलुओं का भोजन एक साथ बनेगा जिसकी जानकारी सभी देवलुओं को दे दी जाएगी।

ध्यान देने योग्य बात ये है कि नोग गोहड़ी चार ठहरी एक ऐतिहासिक भूमि है जहां त्रेता युग में भगवान् परशुराम जी ने तपसया की थी और लालसा ग्राम में तो मां मंगलाकाली सतयुग से विराजमान है। इस ऐतिहासिक विरासत को संजोये नोग गोहड़ी चार युगों से सनातन के परचम को लहरा रही है। बुशहर की समस्त जनता को चार ठहरी नोग गोहड़ी की ओर से फाग मेले में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया गया है।



परशुराम समिति रामपुर की बैठक संपन्न। अनंत ज्ञान

- **5 मार्च से शुरू होगा जिलास्तरीय फाग मेला**

बताते चलें कि जिला स्तरीय फाग मेला होली के दूसरे दिन यानी 5 मार्च को शुरू हो जाएगा। मेले का आयोजन नगर परिषद रामपुर द्वारा किया जाता है तथा देवों के शहर में रहने खाने की व्यवस्था की उन्हीं के जिम में होती है 5 मार्च को सभी नगर परिषद पार्षद एवं अन्य गण मान्य लोग देवों का स्वागत करने के लिए राज दरबार के मुख्य द्वार पर मौजूद रहेंगे।

# राजनीतिक लाभ के लिए राजस्व रिकॉर्ड रूम लाने में की देरी: सुंदर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई-नावर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुंदर डोगरा ने प्रदेश के शिक्षा मंत्री पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया है कि कोटखाई में राजस्व रिकॉर्ड स्थानांतरित करने में जानबूझकर विलंब किया गया, ताकि समय आने पर इसका राजनीतिक लाभ उठाया जा सके। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने जुब्बल-कोटखाई-नावर विधानसभा क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग को स्वीकार करते हुए जुब्बल और कोटखाई में अलग-अलग एसडीएम कार्यालय स्थापित किए थे, जिससे क्षेत्र की जनता को प्रशासनिक राहत मिली। डोगरा का कहना है कि जब कार्यालय की स्थापना पहले ही हो चुकी थी, तो राजस्व रिकॉर्ड को कोटखाई लाने में तीन वर्ष का समय लगना समझ से परे है। उनका दावा है कि यह कार्य छह माह के भीतर सहज रूप से पूरा किया जा सकता था, परंतु राजनीतिक गणना के चलते इसे लंबित रखा गया।



सब-जज न्यायालय के क्रियान्वयन के मुद्दे को उठाते हुए डोगरा ने कहा कि जहां एसडीएम कार्यालय स्थापित होता है, वहां अन्य विभागों के उपमंडलीय कार्यालय भी अनिवार्य रूप से स्थापित किए जाने चाहिए।

उन्होंने शिक्षा मंत्री पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यों को वर्तमान उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है।

### मंत्री विक्रमादित्य आज रामपुर में सुनेंगे समस्याएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश के लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 3 मार्च सुबह शिमला से रामपुर के लिए रवाना होंगे, जहां वे जन समस्याएं सुनने के साथ स्थानीय मेले में भाग लेंगे तथा रात्रि विश्राम भी रामपुर में करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 4 मार्च सायं रामपुर से शिमला लौटेंगे।

# स्कूली बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

## राष्ट्रपति निवास में बसंत उत्सव का भव्य आयोजन, समाज के हर वर्ग की रही सहभागिता

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** राष्ट्रपति निवास मशोबरा में 2 मार्च 2026 को बसंत उत्सव बड़े ही उल्लास और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। प्राकृतिक सौंदर्य से आच्छादित इस ऐतिहासिक स्थल पर आयोजित समारोह में समाज के हर तबके की भागीदारी देखने को मिली। विद्यार्थी, सेना के जवान, चिकित्सक, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे परिसर में वसंत की बहार, लोकधुनों की गूंज और सांस्कृतिक रौनक ने ऐसा समां बांधा कि वातावरण उत्साह और उमंग से सराबोर हो उठा।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए प्रबंधक संजू डोगरा ने बताया कि विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हिमाचली लोकनृत्य, देशभक्ति गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मारिया मोंटेसरी स्कूल कुफरी, मोनाल पब्लिक स्कूल संजौली और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मशोबरा के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। मंच पर सजीव झांकियों और पारंपरिक वेशभूषा ने हिमाचली विरासत की समृद्ध छवि को साकार कर दिया।




राष्ट्रपति निवास मशोबरा में आयोजित बसंत उत्सव में प्रस्तुति देते स्कूली बच्चे। अनंत ज्ञान

### नेहा दीक्षित की प्रस्तुति बनी आकर्षण का केंद्र

**उत्सव** में स्टार प्रस्तोता नेहा दीक्षित ने अपनी सुरमयी प्रस्तुति से समूचे सभागार को बांधे रखा। उनके गीतों और मंचीय आभा ने दर्शकों को देर तक तालियां बजाने पर विवश कर दिया, जबकि मंच संचालन कर रहे पवन द्रागटा ने कार्यक्रम की कड़ियों को सलीके से जोड़ते हुए वातावरण में जीवंतता बनाए रखी। समारोह के अंत में गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस आयोजन ने एक बार फिर कला, संस्कृति और देशभक्ति के संगम का प्रेरक संदेश दिया।

# रेणुका क्षेत्र में 3 नई पंचायतों के गठन से विकास को मिलेगी मजबूती: विनय

अनंत ज्ञान

- **हरिपुरधार महल, रेणुका व भवाई क्षेत्र के गांवों को प्रशासनिक सुविधा का लाभ**
- **लोगों को अब कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा**

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्रीरेणुका जी के विधायक विनय कुमार ने कहा है कि उनके विधानसभा क्षेत्र में तीन नई पंचायतों के गठन से विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और प्रशासनिक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरिपुरधार महल क्षेत्र की सांगना पंचायत से गाता मंडवाच को अलग कर नई पंचायत, रेणुका क्षेत्र की भाटगढ़ पंचायत से चाड़ना को नई पंचायत तथा भवाई पंचायत से कुफर केंथु को नई पंचायत के रूप में अधिसूचित किया गया है। सरकार की इस अधिसूचना के जारी होते ही संबंधित क्षेत्रों में खुशी की लहर है।

विधायक विनय कुमार ने कहा कि इन क्षेत्रों के लोगों की लंबे समय से नई पंचायतों के गठन की मांग रही है, जिसे अब सरकार ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि नई पंचायतों के गठन से स्थानीय स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी और ग्रामीणों को अपने छोटे-बड़े कार्यों के लिए दूरस्थ पंचायत मुख्यालयों तक नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा जनसुविधाओं का विस्तार सुनिश्चित होगा।

### विधायक ने दी बधाई

**विधायक** विनय कुमार ने नई पंचायतों के गठन पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने विश्वास व्यक्त किया कि नई पंचायतें स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगी।

**प्रक्रिया** हिमाचल में 84 नई पंचायतों का रास्ता साफ, 30 दिन में पूरी करनी होगी पूरी प्रक्रिया

# प्रदेश में अब 3704 पंचायतें अस्तित्व में आने को तैयार

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल में पंचायतों की संख्या बढ़कर अब 3704 तक पहुंचने जा रही है। पंचायती राज चुनाव की तेज होती सरगर्मियों के बीच 84 नई पंचायतों के गठन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। चुनाव की तारीखों की घोषणा से पहले यह पूरा ढांचा खड़ा करना प्रशासन के लिए किसी इम्तिहान से कम नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्देश हैं कि 31 मई से पहले चुनाव कराए जाएं, ऐसे में सीमांकन, आपत्तियों का निपटारा, आरक्षण रोस्टर तय करना और मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण — यह सब कुछ बेहद कम समय में पूरा करना होगा।

जानकारी के अनुसार नई पंचायतों का स्वरूप केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कई क्षेत्रों में वार्डों की संख्या और भौगोलिक सीमाएं भी बदलेंगी। इससे आरक्षण रोस्टर को नए सिरे से बनाना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला और अन्य वर्गों के लिए सीटों का निर्धारण नई गणना के आधार पर किया जाएगा। प्रशासन ने आपत्तियां और सुझाव मांगने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, ताकि अंतिम अधिसूचना से पहले स्थानीय स्तर पर उठने वाले सवालों का समाधान हो सके। वर्तमान में प्रदेश में पहले 43 नई पंचायतों के गठन के बाद कुल संख्या 3620 हो चुकी है। यदि अधिसूचित सभी 84 पंचायतें अंतिम रूप लेती हैं तो यह आंकड़ा 3704 तक पहुंच जाएगा। इससे कई बड़ी पंचायतों का विभाजन होगा और स्थानीय प्रतिनिधित्व अधिक सशक्त होगा।

हालांकि इससे प्रशासनिक स्तर पर नई व्यवस्थाएं खड़ी करनी होंगी। कर्मचारियों की तैनाती, संसाधनों का बंटवारा, परिसीमन के विवाद और चुनावी तैयारियों का दबाव साफ दिखाई दे रहा है।

चुनावी प्रक्रिया के बीच सर्वोच्च न्यायालय की समय-सीमा ने सरकार और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी बढ़ा दी है। 30 दिन के भीतर सीमांकन, रोस्टर निर्धारण, मतदाता सूची का पुनर्गठन और अधिसूचना की अंतिम प्रक्रिया पूरी करना बड़ी चुनौती है। यदि किसी स्तर पर आपत्तियों का निपटारा समय पर नहीं हुआ तो चुनावी कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है। ऐसे में शासन और पंचायती राज विभाग के लिए यह एक परीक्षा की घड़ी है कि वह संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन तय समय में कैसे सुनिश्चित करता है।

### क्षेत्रीय मांग और जनसंख्या के आधार पर हो रहा गठन

**प्रदेश** के विभिन्न जिलों में प्रस्तावित नई पंचायतों का गठन क्षेत्रीय मांग और जनसंख्या के आधार पर किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि इससे स्थानीय प्रशासनिक ढांचा अधिक प्रभावी होगा और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेज होगा। लेकिन दूसरी ओर सीमांकन और आरक्षण को लेकर संभावित असंतोष भी उभर सकता है।

#### स्थानीय प्रशासनिक ढांचा के अधिक प्रभावी होने की संभावना

**प्रदेश** के विभिन्न जिलों में प्रस्तावित नई पंचायतों का गठन क्षेत्रीय मांग और जनसंख्या के आधार पर किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि इससे स्थानीय प्रशासनिक ढांचा अधिक प्रभावी होगा और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन तेज होगा। लेकिन दूसरी ओर सीमांकन और आरक्षण को लेकर संभावित असंतोष भी उभर सकता है।

#### चुनावी तैयारियों में बढ़ी जवाबदेही

**नई** पंचायतों के गठन के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और समयबद्धता सबसे बड़ी कसौटी होगी। मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण, आरक्षण रोस्टर के निर्धारण और वार्ड सीमांकन की हर प्रक्रिया पर राजनीतिक दलों और स्थानीय समुदायों की पैनी नजर रहेगी। यदि कहीं भी त्रुटि या पक्षपात की आशंका उभरती है तो आपत्तियों और कानूनी चुनौतियों की संभावना बढ़ सकती है। ऐसे में प्रशासन के लिए जरूरी होगा कि हर निर्णय स्पष्ट मानकों और विधिक प्रावधानों के अनुरूप लिया जाए, ताकि चुनाव प्रक्रिया निर्विघ्न और विश्वासपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

# रामपुर और ननखड़ी के कार्यालयों में स्टाफ का टोटा: कौल सिंह नेगी

अनंत ज्ञान

**आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** भाजपा के पूर्व प्रत्याशी व कद्दावर नेता कौल सिंह नेगी ने आज सोमवार को रामपुर व ननखड़ी में बिगड़ती व्यवस्था और विभिन्न कार्यालय में खाली पड़े पदों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि एक तरफ तो सरकार चिट्टा के खिलाफ मुहीम चलाए हुए हैं दूसरी और रामपुर व ननखड़ी में विभाग स्टाफ की भारी कमी से जूझ रहा है। ननखड़ी क्षेत्र में चिट्टा बरामदी जैसी घटनाएं अकसर होती हैं। इस थाने मे पुलिस कर्मियों की 30 पोस्ट है लेकिन केवल 14 कर्ममियों से ही काम चलाया जा रहा है। यहां तक के ननखड़ी थाना में एक वहां तक पुलिस को उपलब्ध नहीं है।

इसी प्रकार रामपुर क्षेत्र के दूर दराज गांवो में स्वास्थ्य सुविधाएं चारमराई हुई है। अधिकांश पीएचसी बिना डॉक्टर के चल रहे हैं। दुग्ध उत्पादक अपनी समस्याओं से परेशान हैं पांच 5 गावों के लिए एक ही पशु फार्मासिस्ट को अपनी सेवाएं देनी रही है। पशु गर्भाधान के लिए टीका समय पर नहीं मिल पा रहा है।



पत्रकारवार्ता करते हुए कौल सिंह नेगी। अनंत ज्ञान

- **जनता परेशान, व्यवस्था न सुधरी तो होगा आंदोलन**

कौल सिंह नेगी ने तीखी टिप्पणी की कि सुक्खू सरकार का यह कैसा व्यवस्था परिवर्तन है जिसने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है। ननखड़ी ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी का पद लंबे समय से रिक्त पड़ा है 17 पंचायत के लिए सिर्फ 7 पंचायत सचिव ही सेवाएं दे रहे हैं इससे लोगों को जरूरी दस्तावेज लेने में दिक्कत पेश आ रही है। विद्युत विभाग का ही यही हाल देखने को मिल रहा है इस शेत्र में कुल लगभग 600 ट्रांसफार्मर की देखभाल करीब 2 दर्जन के विद्युत कर्मी करने को मजबूर हैं। कॉल सिंह नेगी ने चेतावनी दी है कि इस विधानसभा क्षेत्र में लोगों की समस्याओं एच जबके समाधान के लिए तुरंत कदम उठाए वरना भाजपा सड़कों पर उतर कर उग्र आंदोलन करेगी।

# कृषि विपणन बोर्ड में 110 करोड़ का गड़बड़झाला

## ऑडिट में 49 करोड़ का हेरफेर उजागर, किसानों के धन के दुरुपयोग पर गंभीर सवाल, भाजपा ने मांगा हिसाब

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कृषि तंत्र को झकझोर देने वाली एक बड़ी वित्तीय अनियमितता सामने आई है। वर्ष 2023-24 की लेखा परीक्षा रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के खातों में 110 करोड़ से अधिक की अग्रिम राशि का समुचित समायोजन न होने और 49 करोड़ रुपए का अंतर पाए जाने का खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट ने न केवल वित्तीय प्रबंधन पर प्रश्नचिह्न लगाया है, बल्कि किसानों और मंडी समितियों के नाम पर खर्च की गई धनराशि की पारदर्शिता पर भी गंभीर शंकाएं खड़ी कर दी हैं। प्रदेश की सियासत में इस खुलासे के बाद आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है और जवाबदेही की मांग बुलंद होने लगी है।

लेखा परीक्षा में दर्ज टिप्पणियों के अनुसार करोड़ों रुपये की अग्रिम राशियां वर्षों से लंबित पड़ी हैं और उनका स्पष्ट लेखा-जोखा प्रस्तुत नहीं किया गया। उपयोगिता प्रमाण पत्रों का अभाव, खातों के मिलान में भारी विसंगतियां तथा जमा कार्यों के खातों में लगभग 49 करोड़ रुपये का अंतर वित्तीय अनुशासन की कमजोर स्थिति को उजागर करता है। कर्मचारियों के भविष्य निधि खातों और बैंक शेष में पाए गए अंतर ने भी आंतरिक नियंत्रण प्रणाली पर सवाल उठाए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह महज तकनीकी चूक नहीं, बल्कि वित्तीय प्रबंधन की गंभीर कमी का संकेत है, जिसे समय रहते दुरुस्त न किया गया तो संस्थागत विश्वसनीयता पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है।

राजनीतिक दृष्टि से यह मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि राज्य की वर्तमान व्यवस्था ने पारदर्शिता और सुधार का दावा किया था। ऐसे में सार्वजनिक धन के उपयोग को लेकर उठे ये सवाल शासन की नीयत और नीति दोनों की परीक्षा बन गए हैं। किसानों और मंडी समितियों के हितों से जुड़े इस प्रकरण ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था के भरोसे को भी प्रभावित किया है। विपक्ष का आरोप है कि यदि अन्नदाताओं के नाम पर जारी धन का समुचित हिसाब नहीं है, तो यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि जवाबदेही से बचने का प्रयास प्रतीत होता है।

### प्रदेश में व्याप्त वित्तीय अव्यवस्था का प्रमाण आया सामने : राकेश जम्वाल



**इस** संदर्भ में भाजपा के मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि 110 करोड़ की अग्रिम राशि का हिसाब न होना और 49 करोड़ का अंतर उजागर होना प्रदेश में व्याप्त वित्तीय अव्यवस्था का प्रमाण है। उन्होंने प्रश्न उठाया कि आखिर यह धनराशि कहां व्यय हुई और डिपॉजिट कार्यों में इतना बड़ा अंतर कैसे उत्पन्न हुआ। उन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच, दोषी अधिकारियों पर आपराधिक कार्रवाई और मुख्यमंत्री से सार्वजनिक स्पष्टीकरण की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि पारदर्शिता नहीं दिखाई गई तो भाजपा सड़क से सदन तक व्यापक आंदोलन छेड़ेगी।

### राज्य कृषि विपणन बोर्ड की खामियों की ताजा स्थिति की होगी जांच : कुलदीप सिंह पठानिया



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कृषि विपणन बोर्ड के कामकाज को लेकर उठे सवालों के बीच चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया ने स्पष्ट किया है कि ऑडिट रिपोर्ट में जिन खामियों की ओर इशारा किया गया है, उनकी मौजूदा स्थिति की गहन जांच करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि बोर्ड किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता को बर्दाश्त नहीं करेगा और जो कमियां सामने आई हैं, उन्हें दूर करना प्राथमिकता रहेगी। उन्हेंने बताया कि रिकॉर्ड के रखरखाव और वर्गीकरण में जहां-जहां त्रुटियां पाई गई हैं, वहां तत्काल सुधार के निर्देश दिए जाएंगे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जवाबदेही तय करने और कार्यप्रणाली को दुरुस्त करने के आदेश देने की बात कही, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। उनके अनुसार प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक सुव्यवस्थित तथा पारदर्शी बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि बोर्ड वित्तीय रूप से सक्षम है और संस्थान की साख को किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा।

# मिसाइलों की गूंज के बीच भी डटे दियोली के विजय, बहरीन में निभा रहे अपना फर्ज

अनंत ज्ञान

**गगरेट।** खाड़ी क्षेत्र में बने युद्ध जैसे तनावपूर्ण माहौल के बीच जिला ऊना के गांव दियोली निवासी विजय कुमार बहरीन में खतरे के साये में काम कर रहे हैं। रविवार को ड्यूटी पर जाते समय उनके पास एक के बाद एक छह मिसाइलें गिरने से वहां अफरा तफरी मच गई। यह जानकारी विजय कुमार के बेटे अंकित ने दी है। विजय कुमार ने अपने परिवार को वीडियो भेजकर वहां के भयावह हालात से अवगत कराया है।

बताया जा रहा है कि जैसे ही मिसाइलें गिरनी शुरू हुईं लोग जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। विजय कुमार ने तुरंत अपनी गाड़ी रोकी और स्थानीय सेना के साथ जमीन पर लेटकर खुद को सुरक्षित किया।

गनीमत रही कि इस खौफनाक मंजर के बीच वह पूरी तरह सुरक्षित हैं। करीब 35 वर्षों से विदेशी धरती पर ड्राइवर के रूप में सेवाएं दे रहे विजय कुमार पिछले दस वर्षों से बहरीन में कार्यरत हैं। रविवार रात भेजे गए वीडियो में आसमान से गिरती मिसाइलें साफ नजर आ रही हैं जिससे वहां की गंभीर स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। विजय कुमार ने बताया कि बहरीन भौगोलिक रूप से छोटा देश है जो करीब 55 किलोमीटर के दायरे में फैला हुआ है। यहां की मूल आबादी लगभग चार लाख है जबकि करीब 11 लाख प्रवासी विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत हैं।

विजय कुमार के अनुसार हालिया तनाव के दौरान ईरान की ओर से अमेरिकी बेस को निशाना बनाते हुए नेवल एरिया में लगातार मिसाइलें दागी जा रही हैं। हालांकि रिहायशी इलाकों में अब तक किसी प्रकार की बमबारी नहीं हुई है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर लोगों को घरों में रहने की सलाह दी है।

# पजेई गांव के कौशिक नेगी परिवार सहित कांग्रेस में शामिल



**अनंत ज्ञान, ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई तहसील की ग्राम पंचायत थरोला के पजेई गांव से कौशिक नेगी ने अपने परिवार सहित कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने यह निर्णय शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की जनहितैषी कार्यशैली तथा जुब्बल-नावर-कोटखाई क्षेत्र में निरंतर गति से चल रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा ने कौशिक नेगी और उनके परिवार का पार्टी में हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरा मान-सम्मान और जिम्मेदारी दी जाती है।

# हिमाचल के शहरी निकायों में वार्डबंदी का बजा बिगुल, 31 मई से पहले होंगे चुनाव

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में राज्य निर्वाचन आयोग ने पांच शहरी निकायों में वार्डों की डिलिमिटेशन प्रक्रिया का शेड्यूल जारी कर चुनावी सरगर्मियां तेज कर दी हैं। शहरी विकास विभाग द्वारा कुछ नए निकायों के गठन और विस्तार के बाद यह कदम उठाया गया है।

आयोग के अनुसार बिलासपुर में जिला नगर पंचायत झंडूता और नगर पंचायत स्वारघाट, हमीरपुर में नगर परिषद नादौन, सिरमौर में नगर पंचायत संगड़ाह तथा ऊना में नगर पंचायत बंगाणा में वार्डों की डिलिमिटेशन की जाएगी। तय कार्यक्रम के अनुसार 3 मार्च को डिलिमिटेशन का ड्राफ्ट प्रकाशित होगा, 10 मार्च तक आमजन आपत्तियां और सुझाव दे सकेंगे, जबकि 13 मार्च तक संबंधित उपायुक्तों को इनका निपटारा करना होगा। इसके बाद सात दिन के भीतर मंडलीय आयुक्त के समक्ष अपील का प्रावधान रहेगा। 24 मार्च तक अपीलों का अंतिम निपटारा, 25 मार्च को अंतिम ड्राफ्ट प्रकाशन और 30 मार्च तक आरक्षण रोस्टर जारी करना अनिवार्य किया गया है।

राज्य निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश के 73 शहरी निकायों में 31 मई से पहले चुनाव कराना आवश्यक है। आयोग पहले ही मई 2025 में इन निकायों की डिलिमिटेशन कर चुका था, लेकिन कुछ स्थानों पर इसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई और कई क्षेत्रों में सरकार द्वारा आसपास की पंचायतों को शहरी निकायों में शामिल किए जाने से स्थिति बदली। अब संशोधित प्रक्रिया के तहत तय समयसीमा में सभी औपचारिकताएं पूरी कर चुनावी कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। आयोग ने यह भी कहा है कि यदि निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति या अपील प्राप्त नहीं होती है तो उपायुक्त सीधे अंतिम डिलिमिटेशन आदेश जारी कर आरक्षण रोस्टर की प्रक्रिया प्रारंभ कर सकेंगे।

- **डिलिमिटेशन का शेड्यूल जारी, सीमाओं में नहीं हुए बड़े बदलाव**
- **ड्राफ्ट प्रकाशन आज, 30 मार्च तक आरक्षण रोस्टर अनिवार्य**

### पांच निकायों में वार्डबंदी नहीं होगी

**इसी** बीच आयोग ने एक अन्य आदेश में साफ कर दिया है कि कांगड़ा जिले की नगर परिषद ज्वालामुखी और नगर परिषद नगरोटा सूरियां, सोलन में नगर निगम बद्दी, हमीरपुर में नगर पंचायत बड़सर तथा ऊना जिले की नगर पंचायत कुनिहार में वार्डों की डिलिमिटेशन नहीं की जाएगी। कारण यह है कि इन निकायों में हालिया विस्तार या नए क्षेत्रों का समावेश नहीं हुआ है, इसलिए पूर्व निर्धारित सीमाएं ही प्रभावी रहेंगी। आयोग शीघ्र ही इन पांचों निकायों को अलग से अधिसूचित करेगा।

# दिल्ली दरबार में हिमाचल की धड़कन बढ़ी

## सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू की खड़गे-वेणुगोपाल से अहम मुलाकात

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल की राजनीति इन दिनों दिल्ली दरबार की ओर टिकी हुई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने रविवार देर रात नई दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और महासचिव केसी वेणुगोपाल से विस्तृत चर्चा की। यह बैठक आधी रात तक चली व इसका केंद्र बिंदु राज्यसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन रहा।

सूत्रों के अनुसार सीएम ने प्रदेश के राजनीतिक हालात, विधायकों की भावना व संगठन की रणनीति को विस्तार से रखा, किंतु अंतिम निर्णय पार्टी नेतृत्व पर छोड़ दिया गया। इस मुलाकात ने साफ कर दिया है कि राज्यसभा की एक सीट को लेकर कांग्रेस पूरी सावधानी और गहन विचार के साथ कदम बढ़ा रही है। बैठक में सबसे अहम सवाल यह रहा कि पार्टी हिमाचली चेहरे पर भरोसा करे या किसी गैर-हिमाचली नेता को मैदान में उतारे। बताया जा रहा है कि प्रदेश के अधिकांश विधायक चाहते हैं कि राज्यसभा में हिमाचल से जुड़ा चेहरा भेजा जाए, ताकि प्रदेश की आवाज सीधे सदन में गूंजे। वहीं, केंद्रीय नेतृत्व व्यापक राजनीतिक संतुलन व राष्ट्रीय समीकरणों को भी ध्यान में रख रहा है। मुख्यमंत्री ने दोनों पक्षों के तर्क सामने रखे और संभावित छह नामों पर विचार हुआ। कांग्रेस खेमे में पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह व प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल, मुख्यमंत्री के सूचना प्रौद्योगिकी सलाहकार गोकुल बुटेल व महाधिवक्ता अनूप रत्न के नाम भी राजनीतिक गलियारों में सुनाई दे रहे हैं।

### भाजपा के संभावित चेहरे आए सामने

**दूसरी** ओर भाजपा भी अपनी रणनीति पर मंथन कर रही है। वर्तमान राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी का कार्यकाल अप्रैल में पूर्ण हो रहा है, ऐसे में पार्टी उन्हें दोबारा अवसर दे सकती है। साथ ही मंडी विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति अनुपमा कंवर, चंडीगढ़ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलाधिपति हिमानी सूद तथा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के नामों की चर्चा है। यदि कांग्रेस गैर-हिमाचली चेहरे को आगे करती है तो भाजपा भी प्रत्याशी उतारकर मुकाबले को रोचक बना सकती है।

### दोनों राजनीतिक दल तैयार कर रहे रणनीति

**विधानसभा** के मौजूदा गणित में कांग्रेस को बढ़त अवश्य है, किंतु पिछली बार के अनुभवों ने दोनों दलों को सतर्क कर रखा है। बहुमत का आंकड़ा, विधायकों की निष्ठा और क्रॉस वोटिंग की आशंकाएं इस चुनाव को साधारण नहीं रहने दे रहीं। ऐसे में मुख्यमंत्री सुक्खू की दिल्ली में हुई यह मुलाकात निर्णायक मानी जा रही है, जिसने प्रदेश की राजनीति को नए मोड़ पर ला खड़ा किया है। अब निगाहें कांग्रेस हाईकमान के अंतिम निर्णय पर टिकी हैं, जो यह तय करेगा कि राज्यसभा की राह किसके लिए खुलेगी और हिमाचल की सियासत में अगला अध्याय किस दिशा में लिखा जाएगा।

# होली महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में बॉबी शर्मा ने नचाए दर्शक



होली महोत्सव में बॉबी शर्मा ने बांधा समां। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुजानपुर।** सुजानपुर टीहरा में आयोजित राष्ट्रीय होली महोत्सव की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में हिमाचली लोक गायिका राज कुमारी उर्फ बॉबी शर्मा ने अपनी मधुर आवाज से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने हिमाचली लोक गीत 'करी लैणी-करी लैणी पहाड़ा दी सैर व इस गराएं देया लंबड़ा हो' गाकर महोत्सव में चार चांद लगा दिए। सिर्फ गायन ही नहीं, बल्कि बॉबी शर्मा ने अपने साथ हिमाचली लोक नृत्य के माध्यम से भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों को न केवल हिमाचली संस्कृति की झलक दी, बल्कि पर्व के रंग और उत्साह को भी दुगना कर दिया। महोत्सव में आए लोग उनके गीतों और नृत्य के मंत्रमुग्ध हो गए और कार्यक्रम की सफलता का आनंद लिया।

यह सांस्कृतिक संध्या स्थानीय कला और संगीत को बढ़ावा देने के साथ-साथ हिमाचली लोक संस्कृति की धरोहर को जीवित रखने का एक सुंदर अवसर साबित हुई।

# जन शताब्दी एक्सप्रेस के कोचों में गंदगी का अंबार, यात्रियों में रोष

अनंत ज्ञान



**ऊना।** राजधानी नई दिल्ली और जिला ऊना के बीच प्रतिदिन चलने वाली 12057/58 जन शताब्दी एक्सप्रेस यात्रियों के बीच व्यापक असंतोष का विषय बन चुकी है। इस प्रतिष्ठित जन शताब्दी एक्सप्रेस के डिब्बे अत्यंत गंदे पाए जा रहे हैं। कोचों के फर्श, सीटें तथा विशेष रूप से खिड़कियों पर मोटी परत की धूल जमी हुई है, जिससे यात्रा के दौरान दृश्यता प्रभावित हो रही है तथा सफाई का अभाव साफ दिखाई दे रहा है।

यह ट्रेन, जो नई दिल्ली से चंडीगढ़, मोहाली, रूपनगर, ऊना होते हुए दौलतपुर चौक तक चलती है, प्रतिदिन सैकड़ों यात्रियों को सेवा प्रदान करती है। जन शताब्दी होने के नाते यह ट्रेन अपेक्षाकृत बेहतर श्रेणी की मानी जाती है, लेकिन कोचों की सफाई एवं रखरखाव में लापरवाही यात्रियों के साथ अन्याय के समान है। धूल से भरी खिड़कियां न केवल यात्रा के आनंद को कम करती हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिहाज से भी चिंता का विषय हैं, खासकर एलर्जी एवं श्वसन संबंधी समस्याओं वाले यात्रियों के लिए।

कई यात्रियों ने सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों से इस समस्या को उजागर किया है तथा भारतीय रेलवे से तत्काल सफाई अभियान एवं नियमित रखरखाव की मांग की है। यात्रियों की अपेक्षा है कि रेलवे प्रशासन इस महत्वपूर्ण जन शताब्दी एक्सप्रेस के कोचों की सफाई को प्राथमिकता दे, ताकि यात्रा सुरक्षित, स्वच्छ एवं आरामदायक बनी रहे।

- **धूल से ढकी ट्रेन की खिड़कियां बनीं परेशानी**

# मोबाइल शॉप लूट के 2 आरोपी गिरफ्तार

## विनोद धीमान की टीम की बड़ी कार्रवाई, तीसरे आरोपी की तलाश जारी

अनंत ज्ञान

**बद्दी।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के तहत काठा में मोबाइल रिपेयर एवं मनी ट्रांसफर दुकान पर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है, जबकि तीसरे की तलाश जारी है। बीती 26 फरवरी को शिकायतकर्ता चंदन कुमार निवासी गांव व डाकघर दौरमा (बिहार) द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि काठा क्षेत्र में स्थित उसकी मोबाइल रिपेयर एवं मनी ट्रांसफर की दुकान पर दोपहर के समय 3 नकाबपोश व्यक्ति बिना नंबर मोटरसाइकिल पर सवार होकर उसकी दुकान पर पहुंचे। आरोपियों में से एक ने दुकान में प्रवेश कर चाकू दिखाकर गल्ले से 30 हजार की नकद राशि व रिपेयर के लिए रखे 3 मोबाइल फोन छीन लिए व अपने साथियों सहित फरार हो गया। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की थी।

एसपी बद्दी विनोद धीमान ने तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय इनपुट के आधार पर पुलिस थाना बद्दी की विशेष टीम ने अलग अलग जगहों पर दबिश दी और सोमवार को दो आरोपियों अर्जुन कुमार पुत्र राज कुमार निवासी गांव दवतोरी, तहसील विसौली जिला बदायूं व लतोसिफ पुत्र फकर दीन निवासी गांव नुपुरा डाकघर रसोरा तहसील विसौली जिला बदायूं, उत्तर प्रदेश हाल निवासी चका रोड़ बद्दी को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है तथा घटना में संलिप्त तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। उसे भी शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा। एसपी विनोद धीमान ने कहा के बद्दी पुलिस द्वारा क्षेत्र में ऐसी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा सभी आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।



पुलिस गिरफ्त में मोबाइल शॉप लूट के 2 आरोपी। अनंत ज्ञान

# हिमाचल में विंटर सीजन सूखा, 125 वर्षों में 22वीं सबसे कम बारिश दर्ज

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में इस बार सर्दियों का मौसम सूखा ही गुजर गया। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1901 से 2026 तक के रिकॉर्ड में यह विंटर सीजन 125 वर्षों में 22वीं सबसे कम वर्षा वाला रहा। प्रदेश में जहां सामान्य वर्षा 187.1 मिलीमीटर मानी जाती है, वहीं इस बार केवल 103.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई, जो सामान्य से लगभग 45 प्रतिशत कम है। सबसे कम वर्षा वर्ष 1902 में 33.6 मिलीमीटर और सबसे अधिक वर्ष 1954 में 468.3 मिलीमीटर दर्ज की गई थी। कम बारिश के कारण किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ गई है तथा कई क्षेत्रों में गेहूं की फसल मुरझाने लगी है।

फरवरी माह भी सूखा रहा। इस बार फरवरी में वर्ष 1901 के बाद से अब तक की नौवीं सबसे कम वर्षा 15.7 मिलीमीटर दर्ज की गई, जो सामान्य से करीब 85 प्रतिशत कम है। हालांकि जनवरी में 85.3 मिलीमीटर के सामान्य औसत के मुकाबले 88.8 मिलीमीटर वर्षा हुई, जो चार प्रतिशत अधिक रही। ऊना को छोड़कर लगभग सभी जिलों में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई।

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में न्यूनतम तापमान में भी अंतर देखने को मिला। शिमला में 9.4 डिग्री, सुंदरनगर 7.4, भुंतर 6.9, कल्पा 1.6, धर्मशाला 10.2, ऊना 10.6, नाहन 12.5, पालमपुर 9.0, सोलन 7.2, मनाली 2.6, कांगड़ा 9.6, मंडी 8.4, बिलासपुर 9.0, डलहौजी 10.0, जुब्बड़हट्टी 11.0, कुकुमसेरी -4.8, सेऊबाग 5.0, बरठीं 6.0, पांवटा साहिब 13.0, सराहन 6.4, देहरा गोपीपुर 13.0, ताबो -4.1 और नेरी में 13.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। 8 मार्च तक शुष्क रहेगा मौसम, ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी के आसार।

- **सामान्य से 45 फीसदी कम बरसे बादल**
- **फरवरी माह में भी नौवीं सबसे कम वर्षा, जिलों में तापमान का उतार-चढ़ाव**

### ऊंची पहाड़ियों में 7 व 8 को हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आगामी 7 और 8 मार्च को प्रदेश की ऊंची पहाड़ियों में हल्की वर्षा और बर्फबारी की संभावना है। शेष दिनों में मौसम शुष्क बना रहेगा। साथ ही अगले चार से पांच दिनों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है, जिससे मैदानी इलाकों में गर्मी का अहसास बढ़ सकता है।

# घुमारवीं के कसारू में बनेगी हिमाचल प्रदेश की पहली डिजिटल यूनिवर्सिटी

अनंत ज्ञान

**अरुण डोगरा रीतू, बिलासपुर।** जिला के उपमंडल घुमारवीं के कसारू क्षेत्र में प्रस्तावित डिजिटल यूनिवर्सिटी अब केवल एक योजना नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र के भविष्य की नई तस्वीर बनकर उभर रही है। लगभग 400 बीघा भूमि पर विकसित होने जा रहा यह महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट प्रदेश के शिक्षा मानचित्र में बड़ा बदलाव लाने वाला है। इसमें करीब 250 बीघा वन भूमि व 150 बीघा निजी भूमि शामिल है। भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है व निर्माण कार्य को लेकर औपचारिक तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। यह विश्वविद्यालय ग्राम पंचायत सियूं के अंतर्गत, घुमारवीं-बिलासपुर मुख्य मार्ग के समीप स्थित कसारू क्षेत्र में स्थापित किया जाएगा। सड़क सुविधा के लिहाज से यह स्थान पूरी तरह सुगम है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और शोधकर्ताओं के लिए आवागमन आसान रहेगा।

इसके बनने से छात्रों को अब बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। आईटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी, डेटा साइंस और डिजिटल मैनेजमेंट जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम यहीं उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय के निर्माण और संचालन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ों रोजगार सृजित होंगे। शिक्षकों, प्रशासनिक स्टाफ, तकनीकी विशेषज्ञों और सेवा क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता मिल सकती है। छात्रों और स्टाफ की बढ़ती संख्या से किराये के मकान, दुकानों, परिवहन, होटल और अन्य व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा।

कसारू की पहाड़ियों में बनने जा रही यह डिजिटल यूनिवर्सिटी केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि विकास की नई धुरी साबित होगी। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी की पहल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ संकल्प ले तो छोटे कस्बे भी बड़े सपनों का केंद्र बन सकते हैं। आने वाले वर्षों में यह प्रोजेक्ट बिलासपुर की पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला साबित हो सकता है।

अनंत ज्ञान खास खबर

### मंत्री धर्माणी की पहल से साकार हुआ सपना

**घुमारवीं** में डिजिटल यूनिवर्सिटी लाने का श्रेय तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी को जाता है। लंबे समय से वे इस क्षेत्र को तकनीकी और उच्च शिक्षा का केंद्र बनाने के प्रयासों में जुटे थे। प्रदेश स्तर पर लगातार पैरवी, विभागीय बैठकों में मजबूत प्रस्तुति और मुख्यमंत्री स्तर पर संवाद के बाद यह प्रोजेक्ट घुमारवीं को मिला। धर्माणी ने न केवल इस परियोजना को स्वीकृति दिलाने में अहम भूमिका निभाई, बल्कि इसके लिए उपयुक्त भूमि चयन और प्रारम्भिक प्रक्रियाओं को गति देने में भी सक्रिय योगदान दिया। राजनीतिक इच्छाशक्ति और दूरदर्शी सोच का परिणाम है कि अब बिलासपुर जिला डिजिटल शिक्षा के नक्शे पर विशेष स्थान बनाने जा रहा है।

**बैठक** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय मंथन

# वन भूमि अतिक्रमण पर सख्त नीति की तैयारी शुरू

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में वन भूमि पर अतिक्रमण के संवेदनशील मुद्दे पर अब स्पष्ट और सुसंगत नीति बनाने की दिशा में सरकार ने निर्णायक कदम बढ़ा दिए हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के आलोक में एक व्यापक नीति प्रारूप तैयार करने को लेकर आज शिमला में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व, वन और विधि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तार से विचार-विमर्श हुआ, जिसमें कानून, पर्यावरण संरक्षण और जनहित के बीच संतुलन स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया।

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के अनुरूप ऐसी नीति बनाना चाहती है, जो न्यायालय के निर्देशों का पूर्ण पालन करते हुए आम नागरिकों के हितों की भी रक्षा करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन संपदा की सुरक्षा सर्वोपरि है, लेकिन मानवीय दृष्टिकोण को भी ध्यान में रखा जाएगा ताकि किसी प्रकार की अनावश्यक असुविधा उत्पन्न न हो।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अतिरिक्त सचिव राजस्व अनिल चौहान की अध्यक्षता में एक सब-कमेटी गठित की जाएगी, जिसमें वन और विधि विभाग के अधिकारी भी शामिल रहेंगे। यह सब-कमेटी सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का सूक्ष्म अध्ययन कर एक सप्ताह के भीतर नीति का प्रारूप सरकार को सौंपेगी। सरकार की मंशा है कि स्पष्ट और पारदर्शी नीति के माध्यम से वन भूमि से जुड़े विवादों का दीर्घकालिक समाधान सुनिश्चित किया जाए।



राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी बैठक की अध्यक्षता करते हुए। अनंत ज्ञान

- **सुप्रीम कार्ट के निर्देशों के अनुरूप बनेगा स्पष्ट खाका**
- **एक सप्ताह में सब-कमेटी सौंपेगी प्रारूप**
- **वन, विधि और राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारी रहे मौजूद**

### वरिष्ठ अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता

**बैठक** में अतिरिक्त मुख्य सचिव कमलेश कुमार पंत, प्रधान मुख्य वन अरण्यपाल (वन बल प्रमुख) संजय सूद, अतिरिक्त सचिव राजस्व बलवान चंद, अतिरिक्त सचिव राजस्व सुनील वर्मा, संयुक्त सचिव विधि डॉ. विवेक ज्योति सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने नीति निर्माण की प्रक्रिया को समयबद्ध और विधिसम्मत ढंग से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

# सीयू दीक्षांत समारोह में 802 को मिलेंगी उपाधियां

## समारोह में उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन होंगे मुख्यातिथि, 37 शोधार्थियों को मिलेगी पीएचडी की डिग्री

◆ 32 को मिलेंगे गोल्ड मेडल और 11 को एमफिल की उपाधि

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश का नवां (9वां) दीक्षांत समारोह 14 मार्च को राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस गरिमामय समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन उपस्थित रहेंगे।

समारोह में हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता करेंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा की जाएगी। दीक्षांत समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत



प्रेसवार्ता करते वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल। अनंत ज्ञान

कुल 802 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। इनमें 420 छात्राएं एवं 382 छात्र शामिल हैं। समारोह में 37 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की जाएगी, जिनमें 18 छात्राएं एवं 19 छात्र शामिल हैं। स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के अंतर्गत 665 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें 354 छात्राएं एवं 311 छात्र हैं। इसी प्रकार स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों में 89 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें 46 छात्राएं एवं 43 छात्र शामिल हैं। एमफिल कार्यक्रम के अंतर्गत 11 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी, जिनमें 2 छात्राएं एवं 9 छात्र सम्मिलित हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो. सत प्रकाश बंसल ने सोमवार को प्रेसवार्ता में बताया कि दीक्षांत समारोह के अवसर पर शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुल 32 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे, जिनमें 23 छात्राएं एवं 9 छात्र शामिल हैं। स्नातकोत्तर स्तर पर 25 तथा स्नातक स्तर पर 7 स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

### अब तक रहे मुख्यातिथि

**प्रो.** बंसल ने बताया कि विश्वविद्यालय के पूर्व दीक्षांत समारोहों में परम पावन दलाई लामा, पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री स्मृति ईरानी, भारत के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद तथा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जैसी प्रतिष्ठित हस्तियां मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर चुकी हैं।

### दीक्षांत समारोह शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव

**प्रो.** बंसल ने कहा कि दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव होने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं ज्ञान आधारित विकास में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कार्यकारी परिषद एवं विश्वविद्यालय कोर्ट के सदस्य, संकाय सदस्य, शोधार्थी, विद्यार्थी, अभिभावक तथा विभिन्न गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दीक्षांत समारोह के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर का उत्कृष्ट प्रदर्शन

# सहायक प्रोफेसर डॉ. शिखा शर्मा को यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से नवाजा

अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर द्वारा डॉ. यशवंत सिंह परमार उद्यान एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी सस्टेनेबिलिटी के लिए समन्वय: पादप स्वास्थ्य प्रबंधन में शिक्षाविद-उद्योग सहयोग को सुदृढ़ बनाने के उपाय में उल्लेखनीय उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय मंच पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व पादप रोग विज्ञान विभाग ने किया, जिसने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता तथा शोध नेतृत्व का प्रभावी प्रदर्शन किया। ये उपलब्धियां पालमपुर विश्वविद्यालय की सुदृढ़ शोध संस्कृति, शैक्षणिक नेतृत्व तथा पादप स्वास्थ्य विज्ञान में निरंतर उत्कृष्टता की प्रतीक हैं। कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा तथा विश्वविद्यालय समुदाय ने सभी पुरस्कृत प्रतिभागियों को संस्थान का गौरव बढ़ाने के लिए हार्दिक बधाई दी। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. डीके बन्याल के नेतृत्व में डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. शिखा शर्मा, डॉ. शबनम कटोच सहित 23 परास्नातक छात्र-छात्राओं ने संगोष्ठी की वैज्ञानिक चर्चाओं एवं विशेषज्ञ विमर्श में सक्रिय भागीदारी निभाई। सहायक प्रोफेसर डॉ. शिखा शर्मा को हिमालयन फाइटो पैथोलॉजिकल सोसायटी द्वारा प्रतिष्ठित यंग साइंटिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।


विद्यार्थियों ने हासिल किए शीर्ष सम्मान। अनंत ज्ञान

उपलब्धियों की इस श्रृंखला में विभाग के पांच परास्नातक विद्यार्थियों डॉ. सोनाली परवाण, साक्षी शर्मा, अंचल ठाकुर, सुश्री प्रकृति तथा आर आदित्य ने अपने उत्कृष्ट शोध-प्रस्तुतिकरणों के लिए सर्वश्रेष्ठ पोस्टर पुरस्कार प्राप्त किए।

# सीबीएसई कैडर परीक्षा की फीस भरने में आ रही दिक्कत

अनंत ज्ञान

◆ सर्वर पर अपडेट की जाए अंतिम तिथि, टीजीटी आर्ट्स परीक्षा के लिए जारी करें ब्लूप्रिंट

**ब्यूरो, धर्मशाला।** सीबीएसई स्कूलों में प्रतिनियुक्ति के लिए आयोजित की जाने वाली स्क्रीनिंग परीक्षा की अंतिम तिथि बढ़ने के बाद भी परीक्षा फीस भरने में दिक्कत आ रही है। परीक्षा फीस भरने की कोशिश कर रहे आवेदकों को अंतिम तिथि निकल जाने का मैसेज आ रहा है, जबकि बिना विलंब शुल्क 5 मार्च तक फीस जमा करने की अधिसूचना पिछले सप्ताह हो चुकी है। सर्वर पर अंतिम तिथि अपडेट नहीं होने के कारण यह दिक्कत आवेदकों को पेश आ रही है।

ऐसे में प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड से सर्वर पर अंतिम तिथि अपडेट करने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेश महासचिव विजय हीर ने कहा कि 10 स्टेशन चुनने का विकल्प भी शिक्षा बोर्ड ने हटा दिया है, जबकि पहले सप्ताह यह दिया जा रहा था। इसके हटाए जाने से आवेदक अपनी पसंद के स्टेशन के लिए प्राथमिकता जमा नहीं कर पा रहे। इसके अलावा शिक्षा बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा में उपयोग होने वाला सामाजिक अध्ययन का 70 प्रतिशत पाठ्यक्रम सीधे रूप से डाल दिया है और बीएड सहित अंग्रेजी विषय स्नातकोत्तर स्तरीय पाठ्यक्रम डाला है। इतना अधिक पाठ्यक्रम 22 मार्च तक पढ़ना ही मुश्किल है। इसके अलावा सामाजिक अध्ययन ,अंग्रेजी और बी एड के प्रश्नों की संख्या नहीं दर्शाई गई है, ताकि आवेदक इसके अनुसार तैयारी कर सकें। ऐसे में परीक्षा में किस विषय में से कितने प्रश्न पूछे जाएंगे, यह अधिसूचित किया जाए। इतिहास, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, भूगोल, राजनीति शास्त्र, बीएड पाठ्यक्रम, अंग्रेजी साहित्य में किस उप विषय से कितने प्रश्न आएंगे, इसका ब्लूप्रिंट दिया जाए। शिक्षा बोर्ड हर कक्षा के मॉडल टेस्ट पेपर में ब्लूप्रिंट प्रकाशित करता है, मगर इस परीक्षा के लिए ब्लूप्रिंट नहीं दिया है, जिससे परीक्षा की तैयारी में आवेदक परेशान हो रहे हैं।

# शिक्षा की गुणवत्ता में हो रहा सुधार: बाली

## एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के गोल्डन जुबली वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में की शिरकत

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। यह बात पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने एमसीएम डीएवी कॉलेज कांगड़ा के 50 वर्ष पूरे होने पर गोल्डन जुबली वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कही। इस मौके पर एचआरटीसी उपाध्यक्ष अजय वर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. अमरजीत के शर्मा, वॉयस चांसलर प्रोफेसर महावीर सिंह विशेष अतिथि उपस्थित रहे।

आरएस बाली ने कहा कि एमसीएम डीएवी महाविद्यालय छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा यहां के विद्यार्थी पूरे देश और विदेश में बड़े पदों पर आसीन हैं, जो हम सब के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा हमारे जीवन में छात्र जीवन का समय ऐसा समय होता है जो हमारे जीवन के भविष्य की दिशा को बनाने का काम करता है। उन्होंने कहा वह स्वयं इस महाविद्यालय के छात्र रहे हैं और उन्हें आज जो भी सफलता मिली है, उसमें एक बड़ा रोल मेरे अध्यापकों का भी रहा है। सभी छात्रों से छात्र जीवन में कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि ने सभी के साथ प्रोफेसर संजीव सूरी द्वारा लिखी किताब गोल्डन फुटप्रिंट्स और मैग्जीन का विमोचन भी किया। विशेष अतिथि डॉ. अमरजीत शर्मा और महावीर सिंह ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉक्टर बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्य अतिथि के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने बताया कि कॉलेज के छात्रों ने शिक्षा में जहां मेरिट में जगह पाई है। वहीं, छात्र खिलाडियों महिला और पुरुष टीम ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर नाम चमकाया है। एमसीएम डीएवी कांगड़ा के अनेकों छात्रों ने परीक्षाओं में मेरिट में स्थान हासिल किया। साहिल राणा, तनुजा, वंशिका, शेफाली, अनामिका, आंचल, नितिशा, भारद्वाज, शिखा, शिवानी, अवंतिका, साक्षी, तमन्ना, किरण, अस्मिता, तमन, शैना, अक्ष, शाहीन, सेजल, कशिश, आरजू ,श्रुति, इशिका सहित अन्य कई छात्रों ने मेरिट में स्थान हासिल किया। कोमल शर्मा ने गणतंत्र दिवस की दिल्ली परेड में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ने शिक्षा में उत्कृष्ट छात्रों, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों में शामिल छात्रों और गणमान्यों को स्मृति चिन्ह बांटे। उन्होंने एआई लैब स्थापित करने के लिए 15 लाख रुपए, 3 लाख रुपए महाविद्यालय के विकास के लिए और अपनी तरफ से बच्चों के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की।


उत्कृष्ट विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर नवाजा। अनंत ज्ञान

## शहीद परिवारों की सेवा के लिए कुंवर रविंद्र सिंह विक्की को 'अवार्ड ऑफ ऑनर' सम्मान

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पंजाब की गैर-राजनीतिक संस्था शहीद सैनिक परिवार सुरक्षा परिषद के महासचिव कुंवर रविंद्र सिंह विक्की को उनकी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 'अवार्ड ऑफ ऑनर' से सम्मानित किया। यह सम्मान सैनी समाज सभा द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। विक्की पिछले 30 साल से शहीद सैनिकों और उनके परिवारों के मान-सम्मान व अधिकारों की बहाली के लिए संघर्षरत हैं। परिषद देश की पहली ऐसी संस्था है जिसे सेना द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। 15 जनवरी 2021 को सेना दिवस पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी (तत्कालीन कोर कमांडर) द्वारा कमेंडेशन कार्ड प्रदान किया गया था। दिसंबर 2024 में विजय दिवस पर आयोजित 'एट होम' कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी उनके कार्यों की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्हें 'स्टेट अवार्ड', 'प्राइड ऑफ पंजाब' और 'महाराजा हरि सिंह अवार्ड' सहित कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है। विक्की ने कहा कि यह सम्मान उनका नहीं, बल्कि शहीद परिवारों का है। रविंद्र विक्की ने मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी व सैनी समाज सभा के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समय-समय पर सेना व अन्य ऐसी शख्सियतों ने उन्हें सम्मानित कर उनके हौंसले को एक नई उड़ान दी है। उन्होंने कहा कि वह अंतिम सांस तक शहीद सैनिकों व उनके परिजनों के अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए इनके मान-सम्मान को हमेशा बहाल रखने हेतु हमेशा प्रयासरत रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष पठानकोट विधायक अश्वनी शर्मा, सैनी समाज सभा के प्रधान रिटायर्ड ईटीओ जगदीश सैनी, उपप्रधान रघुबीर सिंह उपस्थित थे।

## आईटीआई बड़ोह में कैंपस इंटरव्यू 9 को 100 पद भरे जाएंगे

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ोह में 9 मार्च 2026 को स्वराज इंजन लिमिटेड द्वारा कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। कंपनी रोल एसोसिएट ट्रेनी आईटीआई के 100 पुरुष एवं महिला पद भरेगी।

मैकेनिक मोटर व्हीकल, फिटर, मैकेनिक ऑटो इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रॉनिक्स, टर्नर, मशीनिस्ट, मैकेनिकल डीजल, मैकेनिकल ट्रैक्टर और टूल एंड डाई मेकर ट्रेड के पासआउट अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। प्रधानाचार्य वंदना कुमारी व प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों को 15,500 रुपए मासिक वेतन (ईएसआई व पीएफ सहित) मिलेगा। साथ ही भोजन, यूनिफॉर्म अलाउंस, सेफ्टी शूज़, बोनस, नाइट शिफ्ट अलाउंस सहित अन्य सुविधाएं मिलेंगी। अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेज व फोटो साथ लाएं।

# प्लास्टिक प्रबंधन इकाई से 12 पंचायतें होंगी प्लास्टिक मुक्त: पठानिया

## उपमुख्य सचेतक ने सिहुवां में किए 19.50 लाख के विकास कार्यों के लोकार्पण, बोले- शीघ्र बनेगा पीएचसी सिहुवां का भवन

अनंत ज्ञान

**कोहली, शाहपुर।** विधायक शाहपुर एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिहुवां पंचायत में 13 लाख रुपए की लागत से निर्मित कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) भवन तथा 6.50 लाख रुपए की लागत से स्थापित प्लास्टिक प्रबंधन इकाई का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि कॉमन सर्विस सेंटर के प्रारंभ होने से पंचायत वासियों को आधार, पैन कार्ड, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी सेवाओं की सुविधा अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगी।

उन्होंने बताया कि प्लास्टिक प्रबंधन इकाई की स्थापना सिहुवां पंचायत को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में एक ठोस कदम है। इस इकाई के माध्यम से प्लास्टिक कचरे का वैज्ञानिक ढंग से संग्रहण एवं प्रबंधन किया जाएगा, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पंचायत को अतिरिक्त आय के स्रोत भी प्राप्त होंगे। इस प्लास्टिक प्रबंधन इकाई से रैत विकास खंड की 12 अन्य पंचायतों को भी जोड़ा गया है। इन पंचायतों से एकत्रित प्लास्टिक कचरा सिहुवां स्थित इकाई में लाकर संसाधित किया जाएगा, जिससे पूरे क्षेत्र में स्वच्छता अभियान को नई गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि इसी पंचायत के पैड गांव के लिए सड़क के सुधारीकरण एवं मरम्मत के लिए 40 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए गए हैं तथा शीघ्र ही कार्य आरंभ किया जाएगा। साथ ही पीएचसी सिहुवां के अपने भवन के निर्माण कार्य को भी शीघ्र शुरू करने की बात कही। सिहुवां के पूर्व प्रधान अजय बबली ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा पंचायत में करवाए जा रहे विकास कार्यों के लिए उपमुख्य सचेतक का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के उपरांत विधायक ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ पीएचसी सिहुवां के प्रस्तावित भवन स्थल भूमि का निरीक्षण भी किया।


पीएचसी सिहुवां के प्रस्तावित भवन स्थल भूमि का निरीक्षण करते केवल सिंह पठानिया। अनंत ज्ञान

## उपमुख्य सचेतक ने सस्ती दवाइयों की दुकान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने नागरिक अस्पताल शाहपुर के परिसर में हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा संचालित सस्ती दवाइयों की दुकान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि अब क्षेत्र के लोगों को दिन-रात सस्ती दवाइयां उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि यहां दवाइयां बाजार मूल्य से 10 प्रतिशत से लेकर 50 प्रतिशत तक कम दरों पर मिलेंगी, जिससे आम जनता, विशेषकर गरीब और जरूरतमंद वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बीएमओ को निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा मरीजों को बाहर से दवाइयां या टेस्ट न लिखे जाएं, ताकि किसी भी गरीब व्यक्ति को अनावश्यक आर्थिक बोझ न उठाना पड़े। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के उपाध्यक्ष विशाल चंबियाल ने कहा कि जनता को सीधा लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार के गठन के बाद निगम की जिला कांगड़ा में यह पहली सस्ती दवाइयों की दुकान है।

# सुखूघाट टीम ने सेल को हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** विधानसभा क्षेत्र शाहपुर के धारकंडी क्षेत्र के पलोथा गांव में आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में धारकंडी की लगभग 16 टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता के समापन पर भाजपा प्रदेश जनजाति मोर्चा के महामंत्री नेता कमल शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सुखूघाट और सेल के बीच खेला गया, जिसमें सुखूघाट की टीम विजेता रही।

प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि कमल शर्मा ने दोनों विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने आयोजक टीम को अपनी ओर से सहयोग राशि भी दी। इस मौके आयोजनकर्ताओं में राहुल कुमार, विशाल तरसेम, अंकुश, कंचन कुमार, हंसराज, मनोज कुमार, जोगिंदर सिंह, पलोथा के उपप्रधान विष्णु कुमार, वीरेंद्र कुमार, अभिनव और रिपन आदि मौजूद रहे।



## नगरोटा बगवां में 25 पदों के लिए साक्षात्कार 5 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि एचएमसीई-वैली प्राइवेट लिमिटेड लुधियाना द्वारा पुरुष एवं महिला के 25 पद भरे जाएंगे। शैक्षणिक योग्यता जमा दो, आईटीआई तथा मैकेनिकल, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिकस में डिप्लोमा रखी गई है तथा आयु 18 से 32 वर्ष तक रखी गई है। आवेदक की कंपनी द्वारा 17 से 22 हजार रुपए प्रति माह वेतन दिया जाएगा। अभ्यार्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाणपत्र यदि हो साथ लेकर 5 मार्च को ओबीसी भवन नगरोटा बगवां में प्रातः 10 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

## गुग्गा सलोह मंदिर में 62 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा




**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान, डरोह।** भारद्वाज मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल अरला की ओर से गुग्गा सलोह के मंदिर परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मधुमेह परीक्षण सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं तथा जरूरतमंद मरीजों को दवाइयां भी वितरित की गईं। यह आयोजन अस्पताल के निदेशक डॉ. प्रेम भारद्वाज और सीईओ राधिका शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें अनुभवी मेडिकल टीम ने सेवाएं प्रदान कीं। कुल 62 मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया गया। स्थानीय लोगों ने शिविर का लाभ उठाते हुए अस्पताल प्रबंधन के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना की।

# सीयू में अस्थायी नियुक्तियों में आरक्षण लागू करने की मांग

## एनएसयूआई ने सीयू कुलसचिव को सौंपा ज्ञापन


आंतरिक निगरानी तंत्र गठित करने की मांग की। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश (सीयूएचपी) में अस्थायी और संविदात्मक नियुक्तियों को लेकर एक बार फिर सरगर्मी बढ़ गई है।

एनएसयूआई की विश्वविद्यालय इकाई ने सोमवार को कुलसचिव को ज्ञापन सौंपकर सभी अस्थायी एवं संविदात्मक नियुक्तियों में अनिवार्य रूप से आरक्षण नीति लागू करने की मांग उठाई। संगठन का कहना है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद आरक्षण नियमों की अनदेखी हो रही है। ज्ञापन में कहा गया कि यूजीसी के हालिया दिशा-निर्देशों के अनुसार 45 दिन या उससे अधिक अवधि की सभी नियुक्तियों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण लागू करना अनिवार्य है। एनएसयूआई ने वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान हुई नियुक्तियों का श्रेणीवार विवरण सार्वजनिक करने, यूएएमपी पोर्टल पर सूचनाएं अपडेट करने तथा आंतरिक निगरानी तंत्र गठित करने की मांग की।

पूर्व प्रदेश महासचिव अमन कुमार ने कहा कि आरक्षण संवैधानिक अधिकार है। चेतावनी दी गई कि मांगें न मानी गईं तो लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा।

## चार दिवसीय दैहण मेला 3 अप्रैल से

**अनंत ज्ञान, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के तहत प्रसिद्ध चार दिवसीय ऐतिहासिक दैहण मेला 3 अप्रैल से 6 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। मेले को लेकर मेला कमेटी की पहली बैठक चेयरमैन संजय सैनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। चारों दिन मुख्यातिथियों को आमंत्रित करने पर विचार-विमर्श किया गया। मेले के सफल आयोजन के लिए उगाही (चंदा संग्रह) की ड्यूटी भी विभिन्न सदस्यों को सौंपी गई। मेला कमेटी ने निर्णय लिया कि मेले में लगने वाली दुकानों का आवंटन 31 मार्च से 1 अप्रैल तक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अगली बैठक 14 मार्च को आयोजित की जाएगी, जिसमें तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। चेयरमैन संजय सैनी ने कहा कि ऐतिहासिक दैहण मेले को भव्य और व्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए सभी सदस्यों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी मेले में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।

# स्प्रिंग डेल स्कूल जवाली को किया बेस्ट स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित


स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट स्कूल को कांगड़ा जोन में मिला बेस्ट स्कूल अवॉर्ड। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**जवाली।** स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली को एडुकनेक्ट की ओर से पूरे कांगड़ा जोन में बेस्ट स्कूल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

यह अवॉर्ड स्कूल को बच्चों के प्रति अच्छे मार्गदर्शन, स्कूल की बिल्डिंग, अनुशासन, स्कूल का परीक्षा परिणाम, स्कूल की गतिविधियों, स्कूल के कार्य विभाजन और अनुशासन, छात्रों के लिए स्कूल का सुरक्षित वातावरण, स्कूल का खेल के प्रति विकास, बच्चों को विकास के पद पर ले जाने के लिए बनाई गई एआई टेक्नोलॉजी के उपयोग को देखते हुए प्रदान किया गया।

प्रधानाचार्य डॉक्टर राजीव सिंह निरयाल, अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र, एमडी पवन चौधरी तथा अन्य कमिटी मेंबर्स ने सभी बच्चों तथा अध्यापकों को बधाई दी और साथ ही बताया कि यह जवाली सिटी के लिए भी बहुत बड़ी उपलब्धि है कि पूरे कांगड़ा जोन के कई स्कूलों में से स्प्रिंग डेल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल जवाली को बेस्ट स्कूल अवार्ड द्वारा सम्मानित किया गया।

# स्कूल शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं आज से, तैयारियां पूरी

## दसवीं और बारहवीं के 1.94 लाख के करीब विद्यार्थी देंगे परीक्षा, प्रदेशभर में स्थापित किए हैं 2384 परीक्षा केंद्र

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की फाइनल परीक्षाओं में इस बार एक लाख 94 हजार छात्र परीक्षा में भाग लेंगे। वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रदेशभर में 2384 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।

मंगलवार यानी 3 मार्च को नौ बजकर 45 मिनट से एक बजे तक जमा दो का संस्कृत व इसी समय पर दसवीं कक्षा का अंग्रेजी विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस बार भी परीक्षाओं में सात स्तरीय नकल रोको प्रणाली लागू रहेगी। साथ ही एग्जाम मित्र ऐप व सीसीटीवी से हर पल की निगरानी की जाएगी। इसमें सीधे बोर्ड मुख्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम में में सीसीटीवी कैमरों की लाइव फुटेज पहुंच सकेगी। इस बार बोर्ड की दसवीं व जमा दो की फाइनल परीक्षाओं में एक लाख 94 हजार छात्र भाग लेंगे। इसमें दसवीं में 97 हजार व जमा दो के 87 हजार परीक्षार्थी शामिल हैं। साथ ही एसओएस के तहत आठवीं में 220 के करीब, दसवीं में 4500 व जमा दो के भी पांच हजार कुल मिलाकर 10 हजार के करीब छात्र परीक्षाएं देंगे। इसके लिए प्रदेशभर में दो हजार 384 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिसमें सुबह पौने 10 से एक बजे तक परीक्षाएं संचालित की जाएंगी।

### 41 स्थल मूल्यांकन केंद्र बनाए, हर केंद्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित

**बोर्ड** की ओर से 41 स्थल मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। इस बार बोर्ड की ओर से दसवीं व जमा दो के परिणाम को जारी करने के लिए 30 अप्रैल को पहला रिजल्ट जारी करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वार्षिक परीक्षाओं के लिए बोर्ड की ओर से हर केंद्र में सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। नकल रोकने के लिए बोर्ड की ओर से सात स्तरीय प्रणाली अपनाई गई है। इसमें शिक्षा बोर्ड की फ्लाइंग स्क्वायड प्रदेश के हर जिले में पहुंचेगी। साथ ही शिक्षा विभाग की तीन-तीन टीमें, प्रशासन की फ्लाइंग स्क्वायड के तहत हर एसडीएम स्तर पर दो-दो टीमें, सीसीटीवी कैमरे व एग्जाम मित्र ऐप्प की भी व्यवस्था की गई है। वहीं, परीक्षा केंद्रों की लाइन मॉनिटरिंग के लिए बड़े स्तर पर मॉनिटरिंग सेंटर भी स्थापित किए गए हैं।

> पहली बार परीक्षाएं पौने 10 से एक बजे तक एक ही समयसारिणी के तहत होंगी। उन्होंने बताया कि इस बार परीक्षाओं में जंबलिंग प्रश्न पत्र छात्रों के लिए उपलब्ध करवाए गए हैं। नकल रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड भी गठित किए गए हैं, साथ ही लाइव मॉनिटरिंग सेंटर भी स्थापित किया गया है।
>
> **-डॉ. मेजर विशाल शर्मा, सचिव, स्कूल शिक्षा बोर्ड।**

## तीसरी आंख का रहेगा पहरा, कंट्रोल रूम से होगी लाइव निगरानी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं को लेकर बोर्ड प्रबंधन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया है कि परीक्षाओं के दौरान पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांति बनाए रखने के लिए इस बार विशेष डिजिटल निगरानी व्यवस्था की गई है। इसके तहत प्रदेश के संवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों के जरिए बोर्ड के मुख्य कंट्रोल रूम से सीधी नजर रखी जाएगी, ताकि परीक्षा की शुचिता बनी रहे। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी निगरानी का उद्देश्य विद्यार्थियों में भय पैदा करना नहीं, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और समान अवसर प्रदान करना है।

उन्होंने कहा कि ईमानदारी से परीक्षा देने वाले छात्रों को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। यह तकनीक मुख्य रूप से व्यवस्था को मजबूत करने और किसी भी प्रकार के बाहरी हस्तक्षेप को रोकने के लिए अपनाई गई है, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी बिना किसी दबाव के अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर सके।



### बोर्ड अध्यक्ष के निर्देश, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**बोर्ड** अध्यक्ष ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात अधीक्षक, उप-अधीक्षक और अन्य संबंधित स्टाफ को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा प्रबंधन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सीसीटीवी के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों, बल्कि केंद्र की पूरी कार्यप्रणाली पर सतत नजर रखी जाएगी, जिससे अनुशासनहीनता या अवांछित गतिविधियों पर तुरंत संज्ञान लिया जा सके।

### नकल और अनियमितता पर तत्काल होगी कार्रवाई

**डॉ.** शर्मा ने सख्त चेतावनी दी है कि यदि किसी भी केंद्र पर नकल करने, करवाने या नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आता है, तो बोर्ड के नियमों के अनुसार संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी और विभागीय कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वायड और बोर्ड अधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं ताकि पूरी प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

## डीसी बोले- जिले में पूर्ण पारदर्शिता से आयोजित करवाएं बोर्ड परीक्षाओं को

◆ कहा- परीक्षा केंद्रों में परीक्षा संचालन के लिए उठाए गए हैं प्रभावी कदम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं के दृष्टिगत उपायुक्त कांगड़ा की ओर से समस्त संबंधित अधिकारियों एवं परीक्षा केंद्रों को निर्देश जारी किए गए हैं कि परीक्षाएं पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न करवाई जाएं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि सभी परीक्षा केंद्रों पर हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड तथा प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी व्यवस्था, इंटरनेट सुविधा, प्रश्नपत्रों की सुरक्षित अभिरक्षा तथा अनुचित साधनों की रोकथाम के लिए प्रभावी प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की ओर से नियुक्त नोडल अधिकारी को परीक्षा संबंधी किसी भी समस्या अथवा आपात स्थिति में संपर्क करने के लिए अधिकृत किया गया है। किसी भी प्रकार की शिकायत, सूचना अथवा अनियमितता की जानकारी तत्काल नोडल अधिकारी के माध्यम से संबंधित प्राधिकरण तक पहुंचाई जा सकती है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक उपमंडल स्तर पर संबंधित उपमंडल अधिकारियों द्वारा उड़नेदस्तों का गठन किया गया है, जो परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन सुनिश्चित करेगा। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा अनुचित साधनों के प्रयोग के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी। जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग तथा संबंधित अधिकारी निरंतर निगरानी रखेंगे ताकि पूरे जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण परीक्षा वातावरण बना रहे।

# ट्रैफिक जाम, आइडल पार्किंग और ओवरलोडिंग से निपटने का रोडमैप तैयार

## आरटीए के मनोनीत सदस्यों ने आरटीओ धर्मशाला से की बैठक, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा

◆ जाम और आइडल पार्किंग से सफर हो रहा लंबा : सुरेश कुमार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में ट्रैफिक जाम, आइडल पार्किंग व ओवरलोडिंग की समस्या से निपटने के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। इससे निपटने के लिए जल्द प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। यह निर्णय सोमवार को आरटीए के नवमनोनीत सदस्यों की आरटीओ धर्मशाला विकास जम्वाल से आयोजित बैठक में लिए गए।

वहीं, परिवहन संबंधी विभिन्न मुद्दों पर इस दौरान विस्तृत चर्चा की गई। धर्मशाला से नवमनोनीत आरटीए सदस्य सुरेश कुमार ने कहा कि बैठक में ट्रैफिक, रूटस और स्कूल बसों पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि ओवरलोडिंग की समस्या सामने आई थी, जिसे पुलिस प्रशासन के समक्ष उठाया था, उसके उपरांत पुलिस ने निजी स्कूल वाहनों की चेकिंग शुरू की थी। ओवरलोडिंग से निपटने के लिए परिवहन विभाग के साथ पुलिस प्रशासन से बात की जाएगी।



नव मनोनीत सदस्यों की आरटीओ धर्मशाला विकास जम्वाल के साथ बैठक की। अनंत ज्ञान

### बसों के लिए स्थान होंगे चिन्हित

**सुरेश** ने कहा कि चामुंडा से धर्मशाला तक पहुंचने के लिए पहले 15 से 20 मिनट लगते थे, लेकिन ट्रैफिक और अव्यवस्थित पार्किंग के चलते समय अधिक लग रहा है। पुलिस प्रशासन से मिलकर बसों के खड़े होने की जगह चिन्हित की जाएगी, जिससे कि जाम की स्थिति न बने।

### सड़क किनारे नियमित पार्क वाहन हटवाएंगे

**सुरेश** कुमार मुख्य मार्गों किनारे नियमित तौर पर खड़ी रहने वाली गाड़ियों को हटवाया जाएगा। वहीं, दुकानों में खरीददारी करने आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।

### ई-रिक्शा के इसी माह होंगे प्रयास

**सुरेश** ने बताया कि मार्च माह में परमिट जारी करके ई-रिक्शा को भी चलाने का प्रयास किया जाएगा। परमिट समस्या भी कई बार देखने को मिलती है, उसके समाधान के भी प्रयास किए जाएंगे।

## नगरोटा बगवां में ट्रैफिक जाम की समस्या बढ़ी

### लोगों को झेलनी पड़ रही भारी परेशानियां, घंटों जाम में फंसे रहते



नगरोटा बगवां बाजार में सोमवार को लगा लंबा ट्रैफिक जाम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां बाजार में ट्रैफिक जाम अब आम समस्या बन गई है। सोमवार को सुबह से ही वाहन रुक-रुक कर आगे बढ़ रहे थे, लेकिन शाम तक जाम इतना लंबा हो गया कि वाहन चालकों को अपने गंतव्यों तक पहुंचने में काफी समय लग गया। मुख्य सड़क पर वाहनों की कतारें कई किलोमीटर तक फैली हुई दिखाई दीं।

स्थानीय लोग, दुकानदार और यात्रियों को इस जाम के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ट्रैफिक नियंत्रकों को भी स्थिति को काबू में लाने में लंबा समय लगा। बाजार से गुजरते समय लोग अपनी मंजिल तक पहुंचने में घंटों फंसे रहते हैं। कई लोग शॉर्टकट रास्तों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सुनेहड़ से मलां चौक तक ट्रैफिक जाम कहीं न कहीं लग ही जाता है, इसलिए शॉर्टकट भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं बन पा रहे। बड़ी गाड़ियां और आवागमन का बढ़ता दबाव शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है। स्थानीय लोग अब उस दिन का इंतजार कर रहे हैं जब फोरलेन बनकर तैयार हो जाएगा, ताकि बड़े वाहनों का दबाव कम हो और नगरोटा बगवां में यातायात व्यवस्था पहले जैसी सुचारु हो सके। उन्होंने प्रशासन से भी अनुरोध किया है कि वह इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले, ट्रैफिक संकेतकों और चौराहों की स्थिति को दुरुस्त करे, और यातायात प्रवाह को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाए। इस प्रयास से न केवल वाहन चालकों की परेशानी कम होगी, बल्कि बाजार और आसपास के इलाकों में दैनिक जीवन भी आसान बनेगा।

## हैप्पी बर्थडे



डाडासीबा की पिंकी को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



सिद्ध पूनणी के संजय कुमार को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## सालगिरह मुबारक



बिलासपुर के ऋषभ शर्मा व दीक्षा शर्मा को शादी की दूसरी सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# हिमांशु बेस्ट बॉलर और अभिनय बेस्ट बैट्समैन बने

## डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज में स्टूडेंट्स बनाम टेक्नोस खेल प्रतियोगिता का समापन

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल कांगड़ा एट टांडा में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता स्टूडेंट्स वर्सिस टेक्नोस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा छात्र केंद्रीय संघ (एएचएससीए) द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ. मिलाप शर्मा ने किया। इस अवसर पर छात्र कल्याण सलाहकार डॉ. राजीव गोयल और खेल शिक्षक रंजना के साथ-साथ एसोसिएशन के कार्यकारी सदस्य भी उपस्थित रहे। इस एक दिवसीय खेल आयोजन में कॉलेज के एएचएससीए के छात्र और विभिन्न विभागों के तकनीकी कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत क्रिकेट मैच से हुई, जिसमें खिलाड़ियों की टीम भावना और संकल्प दिखाई दिया। इसके बाद बैडमिंटन के मुकाबले हुए, जिनमें खिलाड़ियों की धैर्यशीलता और कौशल झलकता रहा। वॉलीबाल और बास्केटबॉल के खेल रोमांचक और नर्वस पल भरे रहे। चेस मैच में प्रतिभागियों की मानसिक ताकत और दूरदर्शिता दिखाई दी। वहीं तग-ऑफ-वार में खिलाड़ियों की शारीरिक ताकत और टीम भावना का प्रदर्शन हुआ। क्रिकेट में मैन ऑफ द मैच अभिनाश, विजेता टीम एग्रीसिव शूटर रही, जबकि बेस्ट बॉलर हिमांशु और बेस्ट बैट्समैन अभिनय रहे।



### बैडमिंटन के महिला सिंगल्स वर्ग में रुपांशी विजेता

**बैडमिंटन** के महिला सिंगल्स में रुपांशी, पुरुष सिंगल्स में जॉनी, पुरुष डबल्स में जॉनी और राजीव, मिक्स डबल्स में जॉनी और इंदु विजेता रहे। वॉलीबाल में टीम टेक्नीशियंस, बास्केटबाल में टीम टेक्नीशियंस, चेस में ललित विजेता रहे। तग-ऑफ-वार के पुरुष वर्ग में टीम टेक्नीशियंस और महिला में टीम स्टूडेंट्स विजेता रही। इस आयोजन ने छात्रों और तकनीकी कर्मचारियों के बीच सहयोग, प्रतिस्पर्धा और खेल भावना को बढ़ावा दिया। सभी प्रतिभागियों ने उत्साह और जोश के साथ खेलों में हिस्सा लिया, जिससे कॉलेज का खेल माहौल और भी जीवंत बन गया।

# धर्मशाला कॉलेज की दो छात्राएं यूएस पोलो में चयनित

## वार्षिक मिलेगा तीन लाख रुपए का पैकेज, कॉलेज प्रशासन ने दोनों होनहारों को दी बधाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला कॉलेज के बीवॉक रिटेल मैनेजमेंट विभाग की दो होनहार छात्राओं काजल और रीतु ने प्रतिष्ठित ब्रांड यूएस पोलो में तीन लाख सालाना पैकेज के आकर्षक वेतन पैकेज पर चयनित होकर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और प्रयास निरंतर हों तो सफलता अवश्य मिलती है। काजल और रीतु की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। विभाग के नोडल अधिकारी प्रो. नरेश कुमार धीमान ने अपने संदेश में कहा कि बी वॉक. पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार कर रहा है, जिससे उन्हें सीधे रोजगार के उत्कृष्ट अवसर प्राप्त हो रहे हैं। प्लेसमेंट इंचार्ज रोहित सभ्रवाल ने बताया कि यह सफलता विद्यार्थियों की प्रतिभा और विभाग की सतत प्रयासों का परिणाम है, इससे पहले भी छात्राएं विदेश मे भी नौकरी कर रही हैं और भविष्य में भी ऐसे ही सुनहरे अवसर उपलब्ध करवाए जाते रहेंगे। बीवॉक डिग्री कार्यक्रम आज के समय में कौशल आधारित शिक्षा का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है। यह कार्यक्रम न केवल विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करता है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाते हुए प्रतिष्ठित कंपनियों में उत्कृष्ट रोजगार अवसर भी दिला रहा है। महाविद्यालय के समस्त बी.वॉक. स्टाफ सदस्यों ने दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह उपलब्धि सिद्ध करती है कि यदि हम सोच सकते हैं, तो निश्चित ही उसे प्राप्त भी कर सकते हैं।



प्राचार्य प्रो. राकेश पठानिया ने छात्राओं को दी बधाई। अनंत ज्ञान

**प्रदर्शनी** फतेहपुर स्कूल के विद्यार्थियों के मॉडलों की खूब सराहना हुई

# मॉडलों से बिखेरी वैज्ञानिक सोच की चमक

अनंत ज्ञान

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विज्ञान एवं गणित प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभिन्न वैज्ञानिक सिद्धांतों पर आधारित कार्यशील मॉडलों तथा आकर्षक पोस्टरों के माध्यम से अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में सजे रंग-बिरंगे मॉडल और चार्ट सभी के आकर्षण का केंद्र बने रहे। छात्रों ने गणितीय सूत्रों और वैज्ञानिक अवधारणाओं को सरल, सहज और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर दर्शकों को प्रभावित किया।

प्रदर्शनी में नवाचार, प्रयोगात्मक दृष्टिकोण और तार्किक सोच की स्पष्ट झलक देखने को मिली। विद्यालय की प्रधानाचार्या मितू गौतम ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक क्षमता और अनुसंधान की भावना को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने आयोजन में सहयोग देने वाले प्रवक्ता भौतिक विज्ञान रविंद्र कुमार, प्रवक्ता रसायन विज्ञान सुधीर कुमार, प्रवक्ता गणित निर्मल सिंह सहित समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सुधीर कुमार ने किया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के व्यावहारिक पहलुओं से जोड़ना तथा उनमें प्रयोग और नवाचार के प्रति रुचि विकसित करना रहा। इस प्रदर्शनी ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी भी उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर अपनी वैज्ञानिक सोच और प्रतिभा से नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं।




प्रधानाचार्या मितू गौतम ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की। अनंत ज्ञान

# वन स्टॉप सेंटर में आए पीड़ित महिलाओं के 236 मामले

## काउंसिलिंग सहित उपलब्ध करवाई जाती है पुलिस व मेडिकल सहायता

अनंत ज्ञान

◆ पांच दिनों तक वन स्टॉप सेंटर में निशुल्क रहने की व्यवस्था

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला स्थित वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं के 236 मामले काउंसिलिंग, पुलिस सहायता या मेडिकल सहायता के लिए प्राप्त हुए हैं। महिलाओं को जिस भी सहायता की जरूरत होती है, उन्हें मुहैया करवाई जाती है। वन स्टॉप सेंटर में टेंपरेरी शेल्टर की सुविधा रहती है, जिसके तहत घरेलू हिंसा की शिकार महिलाएं 5 दिनों तक इस सेंटर में रह सकती हैं। उनके साथ उनका 12 वर्ष आयु तक का बच्चा महिला के साथ वन स्टॉप सेंटर में रह सकते हैं। गौरतलब है कि वन स्टॉप सेंटर स्कीम यानी एक ऐसी व्यवस्था, जहां हिंसा से पीड़ित कोई भी महिला सभी तरह की मदद एक ही छत के नीचे एक साथ पा सकती हैं। जहां मेडिकल ऐड, लीगल ऐड, अस्थाई रूप से रहने के लिए जगह, केस फाइल करने के लिए मदद, काउंसिलिंग सब कुछ एक ही जगह पर उपलब्ध होती है।

### काउंसिलिंग से मामले सुलझाने का होता है प्रयास

**वन** स्टॉप सेंटर में आने वाली पीड़ित महिलाओं की समस्याओं काउंसिलिंग के माध्यम से सुलझाने का प्रयास किया जाता है, अगर बात न करे तो मामला न्यायालय के समक्ष भी पेश करना पड़ता है। यदि किसी महिला को लंबे समय के लिए शेल्टर की जरूरत पड़ती है तो उन्हें शिमला नारी निकेतन या मंडी में शक्ति सदन में भेजा जाता है, क्योंकि जिला कांगड़ा में शक्ति सदन की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उधर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग जिला कांगड़ा अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर में 236 मामले प्राप्त हुए हैं। महिलाओं को जिस भी सहायता की जरूरत होती है, उन्हें मुहैया करवाई जाती है। वन स्टॉप सेंटर में टेंपरेरी शेल्टर की सुविधा रहती है, जिसके तहत घरेलू हिंसा की शिकार महिलाएं 5 दिनों तक इस सेंटर में रह सकती हैं।

## चिट्टा सप्लाई के आरोप में अमृतसर का व्यक्ति गिरफ्तार

अनंत ज्ञान

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ पुलिस ने अमृतसर निवासी संदीप सिंह को बैजनाथ और आसपास के क्षेत्र में चिट्टा सप्लाई के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक बीते दिनों क्षेत्र की एक महिला उसके दो बेटा और दो सहयोगियों को इस मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया था, उनके निशानदेही पर अमृतसर के संदीप सिंह का नाम सामने आया था। थाना पुलिस बैजनाथ द्वारा उपनिवेशन सुनील कुमार और उप निरीक्षक अजय कुमार के नेतृत्व में एक टीम को अमृतसर भेजा गया था।



हालांकि आरोपित ने भागने का प्रयास किया, लेकिन संदीप सिंह को दबोच लिया। डीएसपी संदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस गहनता से छानबीन कर रही है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया जाएगा और आगे के कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

**मैं** हिंदुस्तान की तूती हूं। अगर तुम वास्तव में मुझसे जानना चाहते हो तो हिंदवी में पूछो। मैं तुम्हें अनुपम बातें बता सकूंगा।

-अमीर खुसरो

## संपादकीय

# पुलिस में महिलाओं की सुरक्षा

यह सच में दुखद और विडंबनापूर्ण है कि जिस विभाग का मूल काम लोगों की सुरक्षा करना है, वही विभाग अपने कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाता। पुलिस में तैनात जवान, जो कानून के पालन और नागरिकों की रक्षा की शपथ लेते हैं, उन्हें भी जब खतरा महसूस होता है या उनके साथ गलत व्यवहार होता है, तो समाज में चिंता और सवाल उठना स्वाभाविक है।

कांगड़ा जिला के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर डरोह में हुई घटना इस बात का गंभीर उदाहरण है, जिसमें एक ट्रेनी महिला सिपाही से छेड़छाड़ की गई। यह कृत्य न केवल आपराधिक है, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी गहरा आघात है। ऐसे मामलों में दोषी को सजा देना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि पूरे विभाग और समाज को यह संदेश देना आवश्यक है कि किसी भी महिला के साथ गलत व्यवहार सहन नहीं किया जाएगा।

इस घटना ने पुलिस विभाग के भीतर महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल की आवश्यकता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। यदि महिलाएं इस विभाग में सुरक्षित नहीं हैं, तो उनके लिए यह नौकरी आकर्षक नहीं रहेगी। महिला कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक और कानूनी ढांचे मजबूत होने चाहिए।

इस प्रकरण के बाद पुलिस महानिदेशक ने राज्य के सभी पुलिस कार्यालयों और इकाइयों को 'कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013' के अनुपालन का ऑडिट करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम न केवल सराहनीय है, बल्कि समय की मांग भी है। इस ऑडिट के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पुलिस विभाग में कार्यरत महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और उत्पीड़न-मुक्त वातावरण हो।

डीजीपी के आदेशानुसार सभी सर्किल अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर ऑडिट करने का निर्देश दिया गया है। इसके बाद रिपोर्ट सीधे डीजीपी कार्यालय, शिमला को भेजी जाएगी। अगर कहीं भी नियमों का उल्लंघन पाया जाता है या आवश्यक जानकारी छुपाई जाती है, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस प्रकार की कार्रवाई न केवल दोषी को सबक देगी, बल्कि पूरे विभाग में अनुशासन और सुरक्षा की भावना मजबूत करेगी।

महिलाओं के लिए सुरक्षित कार्यस्थल सुनिश्चित करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम आंतरिक शिकायत समितियों का सटीक और प्रभावी संचालन है। इन समितियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी शिकायतें सही तरीके से दर्ज और जांची जाएं। साथ ही, कर्मचारियों को यह भरोसा होना चाहिए कि उनकी शिकायत पर उचित कार्रवाई की जाएगी और उन्हें किसी भी तरह का प्रतिशोध नहीं झेलना पड़ेगा।

पुलिस विभाग में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा केवल कानून के अनुपालन का मामला नहीं है, बल्कि यह विभाग की प्रतिष्ठा और विश्वास का मुद्दा भी है। यदि जनता यह महसूस करती है कि पुलिस स्वयं अपने कर्मचारियों को सुरक्षित रखने में सक्षम नहीं है, तो यह विभाग की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठाता है। इसलिए इस ऑडिट का परिणाम केवल संख्या या रिपोर्ट तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वास्तविक सुधार और कार्यस्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।

महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता और जागरूकता बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है। केवल कठोर सजा और नियमों का पालन ही पर्याप्त नहीं है; अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित प्रशिक्षण, सेमिनार और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की भावना विकसित करनी होगी। इससे विभाग के भीतर सकारात्मक संस्कृति विकसित होगी और कर्मचारियों का मनोबल भी बढ़ेगा।

इस प्रकरण ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सुरक्षा केवल बाहरी खतरे से ही नहीं, बल्कि आंतरिक वातावरण से भी जुड़ी होती है। जब किसी महिला कर्मी के साथ अपने ही सहकर्मी या वरिष्ठ का अनुचित व्यवहार होता है, तो उसका मानसिक और भावनात्मक प्रभाव गहरा होता है। ऐसे में विभाग की जिम्मेदारी है कि वह त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे। समय की मांग है कि पुलिस विभाग केवल आदेश और ऑडिट तक सीमित न रहे, बल्कि महिला सुरक्षा को एक सतत प्रक्रिया बनाए। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | आज की प्रमुख हस्ती

## परमवीर चक्र विजेता



संजय कुमार
जन्म : 3 मार्च, 1976

**परमवीर** चक्र विजेता ऑनरेरी कैप्टन संजय कुमार का जन्म 3 मार्च, 1976 को हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले के झंडूता उपमंडल के कलोल बकैन गांव में हुआ। कारगिल युद्ध के दौरान 4 जुलाई 1999 को उन्हें स्वेच्छा से मुश्कोह घाटी में प्वाइंट 4875 के फ्लैट टॉप क्षेत्र पर कब्जा करने के लिए हमलावर दस्ते का प्रमुख स्काउट बनने का काम सौंपा गया था। जब हमला आगे बढ़ा, तो दुश्मन ने कड़ा विरोध करते हुए बंकरों में से गोलीबारी शुरू कर दी और टुकड़ी को रोक दिया। ऐसे में संजय कुमार ने दुश्मन के बंकर पर अकेले ही हमला करने का निर्णय लिया। उस वक्त संजय कुमार राइफलमैन के पद पर तैनात थे। गोली लगने और गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने तीन दुश्मन सैनिकों को मार गिराया और मशीनगन उठाकर दुश्मन को भगाया। उनके साहस और नेतृत्व से पूरी टुकड़ी ने दुर्गम इलाके में दुश्मन पर धावा बोलकर क्षेत्र पर कब्जा किया। उनकी असाधारण वीरता, साहस और कर्तव्यनिष्ठा के लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। बाद में संजय कुमार को सूबेदार मेजर के पद पर पदोन्नत किया गया और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में प्रशिक्षक के रूप में तैनात किया गया। परमवीर चक्र विजेता संजय कुमार का बचपन से ही सेना में जाने का सपना था, क्योंकि उनके चाचा और गांव के कई लोग सेना में थे और फौजी बहादुरी के किस्से सुनाकर युवकों को प्रेरित करते थे। सेना में भर्ती होने से पहले उन्होंने नई दिल्ली में टैक्सी चालक के रूप में काम किया। मैट्रिक पास करने के बाद संजय ने सेना में भर्ती होने का प्रयास किया और 26 जुलाई 1996 को भारतीय सेना की 13 जम्मू और कश्मीर राइफल्स में शामिल हुए।

संजय कुमार का जीवन साहस, समर्पण और देशभक्ति का प्रतीक है, जिसने न केवल युद्ध के मैदान में अद्वितीय वीरता दिखाई, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनाया। संजय कुमार 29 साल और 8 महीने तक देश की सेवा करने के पश्चात 28 फरवरी, 2026 को रिटायर हो गए हैं। उनके विचार अब भी देश प्रेम से ओतप्रोत हैं। वह कहते हैं कि फौजी बेशक रिटायर हो जाए, लेकिन वह जिंदगीभर देशसेवा का जज्बा रखता है। फौजी कभी रिटायर नहीं होता, बल्कि उसकी भूमिका बदल जाती है। ■



कविता

## क्षणिका

नमिता शर्मा, गांव सेराथाना, तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**मैंने** कोई सपना देखा था या अब देख रही हूं
नींद में पहले थी या अब नींद में हूं
जागी थी पहले या अब उठ गई हूं
तेरा साथ तेरा एहसास है साथ मेरे
जी तो लूंगी पर जिंदगी तो तुम थे
पता नहीं क्या थी और क्या हो गई हूं
हर जगह दिखते हो पर दिखते नहीं
आना और मिलना ले जाना मुझे
अब हमेशा के लिए अपने साथ

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# अमेरिका-ईरान युद्धः सैन्य संघर्ष से सूचना राजनीति तक

अमेरिका और इसराइल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने की घटना सूचना राजनीति के नजरिए से महत्वपूर्ण घटना है, जो केवल एक सैन्य कार्रवाई की सफलता नहीं, बल्कि सूचना युद्ध, प्रचार, नैरेटिव मैनेजमेंट व वैश्विक धारणा निर्माण का क्लासिकल उदाहरण भी है।



डॉ. अवधेश कुमार यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इस घटना की जानकारी सबसे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रूथ सोशल के माध्यम दुनिया को दी। अपनी पोस्ट में ट्रंप ने भावनात्मक शब्दों में लिखा कि 'खामेनेई इतिहास के सबसे बुरे तानाशाहों में से एक थे। ईरान के लोग अब अपना देश वापस ले सकते हैं।' इसके बाद, इसराइली रक्षा बलों ने सूचना राजनीति के तहत खामेनेई के शव को तेरहान स्थित उनके आवास के मलबे में मिलने की पुष्टि की तथा अपनी कार्रवाई को 'अस्तित्वगत खतरे' को समाप्त करने की निर्णायक सफलता कहा, जिसे शुरुआत में ईरान ने मानने से इंकार किया तथा अमेरिका व इसराइल के दावों को 'भ्रामक सूचना' और 'मनोवैज्ञानिक युद्ध' करार दिया। विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि हमारे सर्वोच्च नेता सुरक्षित हैं, लेकिन कुछ घंटों बाद ईरानी मीडिया ने मौत की आधिकारिक पुष्टि कर दी तथा खामेनेई को अमेरिका-इसराइल की संयुक्त आक्रामकता में 'शहीद' बताया। ईरानी मीडिया की पुष्टि ने सूचना राजनीति को नया मोड़ दिया, क्योंकि जिस सच्चाई को शुरुआत में अस्वीकार कर दिया गया था उसे 'शहीद' नैरेटिव के माध्यम से प्रस्तुत कर ईरान ने घरेलू एकता को बनाए रखने और अंतरराष्ट्रीय सहानुभूति एकत्र करने का प्रयास किया। सोशल मीडिया पर मैसेज तुरंत ट्रेंड करने लगे, जहां एआई से बने नकली वीडियो और तस्वीरें लाखों-करोड़ों बार देखे जाने लगे। यह घटना सूचना राजनीति का स्पष्ट उदाहरण है। सूचना राजनीति प्रचार, भ्रामक सूचना, साइबर हमलों, सोशल मीडिया, एआई से बने कंटेंट और मीडिया नियंत्रण से जनमत आकार देने की कला है। आधुनिक युद्धों में सैन्य जीत से ज्यादा धारणा की जीत महत्वपूर्ण होती है।

1979 की इस्लामिक क्रांति से शुरू हुआ इसराइल-ईरान टकराव एआई और डिजिटल प्लेटफॉर्म के चलते मौजूदा समय में एआई युद्ध बन गया। दोनों पक्षों ने सूचना राजनीति के तहत भ्रामक सूचनाओं का बड़े पैमाने पर उत्पादन व उपयोग किया, जिससे सत्य धुंधला हो गया और जनता की धारणा निर्णायक बन गई। एक ओर, जहां ईरान ने एआई से बने वीडियो में इसराइली शहरों में काल्पनिक तबाही दिखाई, जिससे उसके समर्थकों में गुस्सा बढ़ा। वहीं दूसरी ओर, इसराइल ने साइबर अभियानों से ईरानी सोशल मीडिया पर विरोधी संदेश फैलाए। अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार-ऐसे अभियानों में 50 लाख से अधिक बॉट खाते सक्रिय थे, जो हैशटैग वॉर में शामिल थे। इतिहास के पन्नों की पड़ताल से स्पष्ट है कि 1979 की इस्लामिक क्रांति ने शाह मोहम्मद रजा पहलवी की अमेरिका समर्थित सरकार को उखाड़ फेंका, जिसके बाद ईरान में धार्मिक शासन स्थापित हुआ।

इससे पहले 1950-60 के दशक में ईरान व इसराइल के बीच दोस्ताना संबंध थे। दोनों देश सैन्य और व्यापारिक में एक-दूसरे का सहयोग करते थे, लेकिन इस्लामिक क्रांति के बाद आयतोल्लाह रुहोल्लाह खुमैनी के नेतृत्व में ईरान ने इसराइल को 'छोटा शैतान' और अमेरिका को 'बड़ा शैतान' कहा। फिलिस्तीनी का खुलकर समर्थन करते हुए इसराइल को क्षेत्रीय कैंसर बताया।

इसके बाद, इसराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपना 'अस्तित्वगत खतरा' माना, क्योंकि ईरान ने 2000 के दशक से यूरेनियम संवर्धन बढ़ाया। 2010 में इसराइल और अमेरिका के संदिग्ध स्टक्सनेट वायरस ने ईरानी परमाणु संयंत्रों को नष्ट कर दिया, जिससे सूचना राजनीति की नींव पड़ी। ईरान ने इसे साइबर आतंकवाद कहा, जबकि इसराइल ने आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया। इसके बाद ईरान ने हिजबुल्लाह और हमास जैसे प्रॉक्सी समूहों को समर्थन देना शुरू किया, जिससे इसराइल पर अप्रत्यक्ष हमले हुए। 2006 के लेबनान युद्ध में हिजबुल्लाह ने ईरानी मिसाइलों से हमला किया, जबकि 2023-24 के गाजा संघर्ष में ईरान ने एआई-निर्मित वीडियो और तस्वीरों से इजराइल विरोधी प्रचार फैलाया।

जून 2025 के 12-दिवसीय युद्ध में इसराइल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर हमला किया, ईरान ने 550 बैलिस्टिक मिसाइलें और हजारों ड्रोन दागे। इस युद्ध में सूचना राजनीति चरम पर रही; ईरान ने इसे अमेरिका-इसराइल की आक्रामकता बताया और राष्ट्रीय गौरव जगाया, जबकि इसराइल ने साइबर हमलों और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंटेंट से ईरानी संचार तंत्र प्रभावित किया। विरोध प्रदर्शनों में हजारों गिरफ्तार हुए और सोशल मीडिया पर लाखों पोस्ट और हैशटैग ट्रेंड हुए।

खामेनेई की मौत इस संघर्ष को सैन्य से राजनीतिक और बहु-मोर्चा प्रतिशोध तक ले गई। सूचना राजनीति ने इसे घरेलू एकता और वैश्विक धारणा का हथियार बनाया। आईआरजीसी का प्रभाव मजबूत है, जबकि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एआई और भ्रामक सूचना के नए जोखिमों से निपटना होगा। यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में सूचना राजनीति सैन्य शक्ति से अधिक प्रभावशाली हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# किफायती जीवन से सादगी, संतुलन और शांति की राह

आज सुबह नहाने घुसा तो देखा कि लाइट चली गई थी, गीजर तो खैर मैंने पहले ऑन कर दिया था, इसलिए विश्वास था कि ठंड में नहाने लायक गर्म पानी तो होगा ही। नहाने के लिए और दिनों की अपेक्षा ज्यादा सजग था, एक एक डिब्बा पानी बहुत सावधानी से उड़ेल रहा था। कमाल की बात थी पूरा नहाने के बावजूद बाल्टी में पानी अभी भी शेष था, जबकि और दिन दो बाल्टी भी पानी कम पड़ता था। क्या जीवन भी ऐसा ही नहीं है?



डॉ. दमन आहूजा
(लेखक राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के रिसोर्स व्यक्ति हैं)


सजगता में किफायत से कितने थोड़े में गुजारा हो जाता है! एक हम हैं कि जो उपलब्ध है उसके प्रति लापरवाही से हर क्षण में जो होने का आनंद है उसे खो देते हैं। बात केवल घर तक ही सीमित नहीं है, पूरे विश्व परिदृश्य पर भी उतनी ही कारगर है। मुद्दा चाहे पर्यावरण प्रदूषण का हो, रूस यूक्रेन युद्ध का हो या अमेरिका के ईरान पर युद्ध का हो। अपने पास जो उपलब्ध है यदि उसके प्रति हम सजग हैं तो उसके सीमित इस्तेमाल से अनावश्यक क्लेश से बच जाएंगे। निजी गाड़ी का उपयोग तब हो जब कम से कम चार व्यक्ति हों, अन्यथा गाड़ी पूल का इस्तेमाल हो, हजारों गाड़ियों के तेल की खपत कम, प्रदूषण कम एवं सड़कों पर ज्यादा जगह नजर आएगी। नहीं तो फोरलेन की सड़कों पर चाहे जिस समय निकल जाइए, जाम और वायु प्रदूषण चरम पर होता है। पुराने फोन को केवल इसलिए न बदला जाए कि नया वेरिएंट आ चुका है, बाजार का इस्तेमाल तब हो जब जरूरत की चीज़ कम हो गई हो, न कि अलमारी भरी हुई है, लेकिन लेटेस्ट ट्रेंड नहीं है इसलिए हो। खपत कम नहीं होगी तो कूड़ा बढ़ेगा ही। जहां सामानों का कूड़ा घर में क्लेश उत्पन्न करता है वहीं सोच का कूड़ा पूरे विश्व को बर्बाद कर सकता है।

अमेरिका वैसे तो विश्व लीडर बनता है, लेकिन आज उसने विश्व में अपनी धन लोलुपता एवं अकूत शक्ति हासिल करने की चाह से पूरे विश्व में उत्पात मचा रखा है। पहले वेनेजुअला अब ईरान-सिर्फ और सिर्फ तेल की चाह से उत्पन्न एक छत्र सत्ता संपन्ता की विकृत सोच है। ड्रग्स की स्मगलिंग व किसी को परमाणु हथियार बनाने से रोकने की वजह तो सिर्फ मुखौटे हैं। शीत युद्ध के पश्चात उभरती विश्व शक्ति चीन अमेरिका के लिए चुनौतियां पैदा कर सकता है, इस हेतु चीन को रोकने के लिए तेल की सीमित सप्लाई हो। वह तभी संभव होगा जब विश्व की सर्वाधिक तेल उत्पादित देश ईरान एवं वेनेजुअला में अमेरिका उन्मुख सरकारें हों। इसके एवज में हजारों लोगों का जीवन एवं अनेकों देशों को तबाह कर देना उसकी इस समय की सरकार की रणनीति है। ये सोच का कूड़ा नहीं तो और क्या है? इंसानियत के पैरोकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जिसका मुख्य कार्य ही पूरे विश्व में शांति स्थापित करना था आज पंगु हो कर सिर्फ मूक दर्शक रह गई है। विश्व का सबसे बड़ा बदमाश अपनी मर्जी से जो चाहे वैसे कर रहा है। एक व्यक्ति के रूप में या एक समाज अथवा देश के रूप में जब तक हम वैश्विक मंच पर अतिरिक्त कूड़ा पैदा करते रहेंगे तब तक अशांत एवं अस्थिर ही रहेंगे, फिर चाहे वह ई वेस्ट हो, वायु, जल अथवा पर्यावरण का कूड़ा हो या अतिरिक्त शक्ति व धन की लोलुपता का कूड़ा हो।

सीमित साधनों से जीवन जीने की शैली अपनाने वाले हमारे ऋषि मुनि आत्म परिष्कार से जान गए थे कि ये धरती हर किसी की जरूरत पूरी करने की सामर्थ्य रखने के बावजूद किसी एक का लोभ पूरा करने की क्षमता नहीं रखती है। इसीलिए हमारे यहां सादा जीवन उच्च विचार का उद्भव हुआ है।

यही कारण है कि पूरे विश्व में जितने भी महान चिंतक हुए हैं उन्होंने अपने उच्च विचारों की वजह से जीवन जीने के लिए जितना जरूरी था उसी का उपभोग किया। जब तक हम व्यक्तिगत स्तर, एक समाज, देश एवं विश्व के रूप में किफायती जीवन शैली को नहीं अपनाएंगे तब तक स्वयं भी अशांत रहेंगे और अपने आस पास वाले लोगों को भी अशांत रखेंगे। अपनी शांति के हम स्वयं ही देवदूत हैं। ऐसी छोटी छोटी बातें हैं जिनसे हम अपनी शांति को संरक्षित कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**



# परंपरा के रंगों में रची-बसी गांव की होली, जहां हर घर अपना होता था

भारत के पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समय के साथ बदलते हुए समाज का दर्पण होते हैं। यहां पर्व केवल उत्सव नहीं होते, वे जीवन दर्शन के जीवंत पाठ होते हैं। होली ऐसा ही एक पर्व है, जिसमें परंपरा की गहराई और आधुनिकता की चमक एक साथ दिखाई देती है।



वसुंधरा धर्माणी
स्वतंत्र लेखिका
घुमारवीं, जिला बिलासपुर

यह पर्व जहां हमें सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ता है, वहीं वर्तमान समय की जीवनशैली के अनुरूप स्वयं को डालने की क्षमता भी रखता है। फाल्गुन मास में मनाई जाने वाली होली बसंत के आगमन का संदेश देती है और जीवन में नई ऊर्जा का संचार करती है। यह पर्व हमें भीतर और बाहर दोनों स्तर पर-नवीनता, समरसता और सकारात्मकता अपनाने की प्रेरणा देता है।

परंपरागत रूप से होली का संबंध होलिका दहन और रंगों की होली से है। एक ओर होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है, जो हमें आत्म मंथन और नकारात्मक प्रवृत्तियों के त्याग का संदेश देता है। दूसरी ओर रंग खेलते हुए लोग गिले शिकवे को भुलाकर एक-दूसरे को अपनाते हैं। पहले समय की होली और आज की होली-दोनों में उत्साह और आनंद समान है, लेकिन उनके मनाने के तरीकों, मूल्यों और सामाजिक दृष्टिकोण में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

पहले समय की होली सादगी और सामूहिकता का प्रतीक थी। मुझे आज भी याद है कि बचपन में हम केवल मात्र दो रंगों से होली मनाते थे एक कुमकुम होता था और दूसरा हल्दी, जो सभी के घरों में उपलब्ध होता था, और अगर ज्यादा ही हुआ तो एक रंग और बना लेते थे। आसपास की हरी पत्तियों को पीसकर पानी में घोलकर हरा रंग तैयार हो जाता था। ये तीन रंग घर में ही तैयार हो जाते थे। दुकान से पैकेट के रंगों का बिल्कुल भी चलन नहीं था, क्योंकि उस समय गांव में इतनी सुविधा भी नहीं थी और आर्थिकी भी इतनी सुदृढ़ नहीं होती थी कि पैसे खर्च कर रंग खरीदे जा सकें।




गांव की होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि अपनत्व से भरा हुआ सामूहिक अनुभव होती थी। वहां रंग किसी एक व्यक्ति के नहीं, पूरे गांव के होते थे। गांव का हर घर अपना लगता था, क्योंकि वहां रिश्ते दीवारों से नहीं, दिलों से बनते थे। बच्चों की टोलियां ढोलक लेकर पूरे गांव में रंग लगाती हुई घूमती थी। युवाओं की हंसी और बुजुर्गों की मुस्कान वातावरण को और भी रंगीन बना देती थी। 'बुरा ना मानो होली है' यह कहकर सभी को खुशी खुशी रंग लगाते थे। गांव में कोई भी दरवाजा बंद नहीं रहता था। लोग बिना बुलाए एक-दूसरे के घर जाते थे रंग लगाते थे। वहां रंग चेहरे पर ही नहीं, दिलों पर भी चढ़ते थे। प्राकृतिक रंग, खुले आंगन, मिट्टी की खुशबू और दिल से निकली हंसी यही हमारे गांव की होली की पहचान थी। इसके विपरीत, आज की होली में आधुनिकता का प्रभाव स्पष्ट है। रासायनिक रंग, पिचकारी, तेज संगीत और बड़े-बड़े आयोजनों ने इसका स्वरूप बदल दिया है। वर्तमान समय के डिजिटल युग में शुभकामनाएं मोबाइल और सोशल मीडिया के माध्यम से भेजी जाती हैं। सामूहिकता की जगह कभी-कभी व्यक्तिगत या सीमित दायरे में उत्सव मनाया जाने लगा है। हालांकि, इसके साथ ही जागरूकता भी बढ़ी है-आज लोग ऑर्गेनिक रंगों, ड्राई होली और जल संरक्षण पर अधिक ध्यान देने लगे हैं। पहले होली मर्यादा और आपसी समझ के साथ खेली जाती थी। आज के समय में सहमति, सुरक्षा और सम्मान जैसे मुद्दों पर विशेष जोर दिया जाता है।

होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि मन को निर्मल बनाने का संदेश है। यह हमें प्रेम, क्षमा और सह-अस्तित्व का महत्व सिखाती है। होलिका दहन की अग्नि में अहंकार और द्वेष जलाकर हम नए सद्भाव की शुरुआत कर सकते हैं। सच्ची होली वही है, जहां सम्मान, अपनत्व और प्रकृति की सुरक्षा का भाव हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**


# शब्द की भाषा और भाव ही इंसानियत का आईना होते हैं

'बोलते समय शब्दों की भाषा व भावों का तालमेल प्राणी के व्यक्तित्व को महका देती है। जब शब्दों को बोलते हैं तो वह शब्द बोला जा रहा है उस शब्द का भाव उसकी भाषा से मेल खा रहा है या नहीं इसका ध्यान हर बातचीत करने वाले रखता है। अगर नहीं रखता है तो वह व्यक्ति को ठेस पहुंचाने का कार्य अनजाने में हो जाता है।'



हीरा सिंह कौशल
गांव व डाकखाना महादेव, तहसील सुंदरनगर, मो. 9418144751

'शब्द अपने आप में एक संसार निर्माण का कार्य करता है। शब्द का उच्चारण ही अपनेपन व परायेपन का अहसास दिलाता है। शब्द की बोली ही प्राणी के संस्कार का आइना है जिसे लेकर निरंतर विचरण करता है। चाहे वह भौतिक संसार में विचरण कर रहा है चाहे वह अध्यात्मिक क्षेत्र में विचरण कर रहा है। वही अपनी बोली से बातचीत से अपनी छाप समाज में छोड़ रहा है। जब हम किसी शब्द का उच्चारण करते तो बोलने का लहजा सौम्य या तल्ख है इसी से परवरिश व संस्कार का ज्ञान हो जाता है। महात्मा कबीर जी भी कहते हैं – शब्द सम्हारे बोलिए, शब्द के हाथ ना पांव। एक शब्द औषधि करे, एक करे घाव।। अर्थात् शब्दों को संभालकर ही प्रयोग करना चाहिए। बोलने से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कहीं वह शब्द किसी की चोट तो नहीं पहुंचा रहा है। बोलते समय शब्दों की भाषा व भावों का तालमेल प्राणी के व्यक्तित्व को महका देती है। जब शब्दों को बोलते हैं तो वह शब्द बोला जा रहा है उस शब्द का भाव उसकी भाषा से मेल खा रहा है या नहीं इसका ध्यान हर बातचीत करने वाले रखता है। अगर नहीं रखता है तो वह व्यक्ति को ठेस पहुंचाने का कार्य अनजाने में हो जाता है। मोहम्मद इकबाल के गीत की ये पंक्तियां 'सारे जहां से अच्छा, हिंदोस्तां हमारा, हम बुलबुलें हैं इसकी, यह गुलिस्तां हमारा।' व इसमें गुलिस्तां का अर्थ उद्यान या फुलवारी है। गुलिस्तां फारसी शब्द है अगर इन पंक्तियों में उद्यान या फुलवारी का प्रयोग करने तो यह यहां पर अच्छा नहीं लगेगा अपितु गीत की लय का तालमेल भी नहीं बैठेगा। इसी तरह अगर हम बातचीत करते शब्दों के भावों उसकी बोलन की लय पर ध्यान नहीं देते तो तो वह अनजाने में ही चाहे वह मन्शा ना भी हो अनायास ही झगड़े व ठेस पहुंचाने का कारण बन जाता है। रिश्तों में दरारें भी पैदा होने लग जाती है।




कहते हैं 'जैसी संगति वैसी मति।' वास्तविक जीवन की दो दोस्तों का छोटा सा दृष्टांत। एक दोस्त को बातचीत करती बार यह पता नहीं चलता कि सामने वाले की बातचीत का क्या वह जबाब दे रहा है, परंतु उसको अपने आप में लगता था सही बात कर रहा है। अर्थात बोलना कुछ वह बताता कुछ। दूसरे दोस्त ने सोचा ऐसे इसको बताएंगे तो वह न समझे। क्यों न साथ साथ जाएं। वैसा ही उस दोस्त ने किया।

सत्संग एक सीखने की पाठशाला है जहां शब्दों के संयोजन और बोलने की शैली महापुरुषों से सीखी जाती है। जैसे एक मित्र दूसरे मित्र को समाज में कम बोलने और दूसरों की बातें सुनने की सलाह देता है, वैसे ही सत्संग में हम उनके वचन और लहजे से सीख पाते हैं। महापुरुषों की बाणी हमारे अंतर्मन को झकझोरती है, वाणी और व्यवहार दोनों में सुधार लाती है। शब्दों की भाषा और भाव तत्काल प्रभाव डालते हैं, और इसलिए तुलसी ने कहा कि साध संगत में बिताया गया पल भी अनेक पापों को दूर कर देता है। सत्संग में सुंदर भाव सुनकर मन प्रफुल्लित होता है, और सतगुरु के शब्द आनंद और मोक्ष की ओर ले जाते हैं। शब्द ही इंसान और समाज को जोड़ने का माध्यम हैं, और उनका सही प्रयोग इंसानियत का आईना बनता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छोटी काशी में होली के रंग, श्री राज माधव राय के संग भक्तिरस की उमंग

## जिलेभर में खूब उड़ा गुलाल, मंडीवासियों ने प्रभु पर बरसाए रंग, 'हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की' के नारों से गूंजा शहर

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** जिलेभर के हर उपमंडल सुंदरनगर, सरकाघाट, पधर, जोगिंद्रनगर आदि में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। ऐतिहासिक नगरी छोटी काशी मंडी में होली के रंग श्री राज माधव राय के संग बड़ी ही सिद्दत से खेले जाते हैं। सोमवार सुबह से ही सेरी मंच पर हजारों की संख्या में युवक युवतियों ने डीजे की धुनों पर होली खेल कर खूब मस्ती की।

तत्पश्चात दोपहर बाद श्री माधव राय पालकी में राज मंदिर से निकल कर शहर वासियों के साथ होली खेलने निकले। हाथी घोड़ा पाल की जय कन्हैया लाल की, के नारों से सारा शहर गूंज उठा। गौर हो कि मंडी वासी अपने घरों के ऊपर से माधव राय के ऊपर रंग बरसाते हैं। सदियों से यह प्रथा अनवरत चली आ रही है। माधव राय चौहटा से होते हुए समखेतर पहुंचे, वहां की गलियों से होते हुए पलाख्या मोहल्ला, बाबा बालकरूपी और फिर चिंतपूर्णी माता मंदिर से होते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर के प्रांगण में पहुंचे, जहां महंत देवानंद सरस्वती ने उनका स्वागत सत्कार परंपरा निर्वहन के लिए प्रभु के विग्रह को होली के रंग लगाए। इसके पश्चात पुनः चौहटा बाजार में लोगों ने प्रभु के साथ होली के रंग बरसाए। एक लय में बजती घंटी घडीयाल इस मनमोहक शोभायात्रा में हजारों भक्त शामिल हुए और उन्होंने प्रभु को राज मंदिर पहुंच कर विश्व की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।



सेरी मंच पर डीजे की धुनों पर होली खेलकर खूब मस्ती करते युवक-युवतियां। अनंत ज्ञान

### सेरी मंच के प्रांगण पर लगे रंगों के ढेर

**युवाओं** ने सेरी मंच पर होली के रंगों सहित खूब अठखेलियां की। रंगों के लगे ढेर से पता चल रहा था कि सेरी मंच पर व आसपास लगभग 7 क्विंटल रंग से होली खेली गई। होली के बाद जब सफाई कर्मियों ने सेरी मंच के प्रांगण में साफ सफाई की तो सात-सात इंच रंग ढेर लगे हुए थे। इसके साथ ही हजारों प्लास्टिक के लिफाफे, फटे हुए कपड़े और कचरा साफ किया गया।

## अचानक होली खेलने सेरी मंच पहुंचे पूर्व सीएम जयराम पत्नी डॉ. साधना संग लोगों के बीच जमकर उड़ाया गुलाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पत्नी डॉ. साधना ठाकुर के साथ अचानक होली खेलने के लिए सेरी मंच पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों के बीच जमकर गुलाल उड़ाया।

इस दौरान उन्होंने भावुक होते हुए पत्रकारों से कहा कि आज से ठीक 28 वर्ष पहले इसी तिथि को उन्होंने पहली बार हिमाचल विधानसभा की दहलीज पर कदम रखा था और तब से लेकर आज तक का यह लंबा सफर प्रदेश की जनता के असीम स्नेह, सहयोग और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। उन्होंने विशेष रूप से सराज विधानसभा क्षेत्र और पूर्ववर्ती चच्योट क्षेत्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन पर निरंतर भरोसा जताकर उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना, साथ ही उन्होंने मंडी जिला की जनता के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि उनके राजनीतिक उत्थान में इस माटी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। इस अवसर पर उनके साथ बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी और भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने इस दोहरे उत्सव की खुशी को साझा किया।



नेता प्रतिपक्ष और पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने धर्मपत्नी डॉ. साधना ठाकुर के साथ होली महोत्सव में सराजी नाटी डाली। अनंत ज्ञान

# नलसर में रंगों की फुहार, एक-दूसरे का लगाया गुलाल

## व्यापार मंडल के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

अनंत ज्ञान

**नेरचौक।** नलसर में होली का पर्व हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। व्यापार मंडल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सुबह कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके बाद उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम की बेहतरीन में तब और निखार आ गया जब सुसज्जित इस होली उत्सव में नेर चौक प्रेस क्लब, ट्रक यूनियन नलसर, सरस्वती विद्या मंदिर नलसर और विधायक इंद्र सिंह गांधी एवं उनकी टीम सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की कार्यक्रम में मौजूदगी ने उत्सव को और भी मनोरंजक और आनंदित बना दिया।

कार्यक्रम स्थल पर रंगों की फुहारों के बीच डीजे की धुन पर युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी जमकर थिरके। माहौल पूरी तरह उत्सवमय बना रहा। बच्चों ने भी रंगों के साथ खेलकर आनंद लिया। आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए लोगों ने सामूहिक रूप से इस पर्व को मनाया।

व्यापार मंडल नलसर के प्रधान हरीश कुमार ने बताया कि नलसर में इस प्रकार का होली उत्सव पहली बार इतने व्यवस्थित रूप से आयोजित किया गया भविष्य में भी हर वर्ष व्यापार मंडल के सहयोग से इसी प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के लोग एक मंच पर एकत्रित होकर पर्वों की खुशियां साझा कर सकें।

स्थानीय लोगों ने व्यापार मंडल की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता और सद्भाव को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

### महादेव में रंगों के पर्व होली की मची धूम

**अनंत ज्ञान, भीम बसेड़ू राजपूत, महादेव।** नाचन विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के ऊंचाई एवं निचले क्षेत्रों में रंगों के पर्व होली की धूम मची रही। बच्चों की टोलियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर रंग बिरंगा किया। यानि लोगों के मुखड़ों समेत उनके पहनावे रंगे बिरंगे नजर आए। भले ही इस पर्व में बुरा मानने की बात न हो मगर अब इस पर्व में वो बात नजर नहीं आई।



### होली पर्व को लेकर छोटाभंगाल व चौहार घाटी में असमंजस

**अनंत ज्ञान, रूपी ठाकुर, बरोट।** छोटाभंगाल तथा चौहार घाटी में इस वर्ष होली पर्व को लेकर दो राय देखने को मिली, जिससे लोगों में असमंजस की स्थिति बनी रही। कुछ लोगों ने दो मार्च को होली मनाने और उसी रात होलिका दहन करने का निर्णय लिया, जबकि अन्य लोगों का मत रहा कि चार मार्च को ही होली खेली जाएगी और उसी दिन होलिका दहन होगा। जानकारी के अनुसार घाटी के मुख्य बाजार बरोट तथा लक्कड़ बाजार में बड़ों और बच्चों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और जमकर उत्सव मनाया। कुछ गांवों में सोमवार को ही होली खेली गई और रात को होलिका दहन किया गया, जबकि अन्य गांवों में चार मार्च को होली मनाने की तैयारी की जा रही है। पर्व को लेकर मतभेद के बावजूद घाटी में उत्साह का माहौल बना रहा और लोगों ने पारंपरिक तरीके से त्योहार का आनंद लिया।

# रामलीला मैदान रंगों से सराबोर, उमड़ा जनसैलाब

## रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के आयोजन में डीजे की धुनों पर झूमे युवा, शाम को हुआ होलिका दहन

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में रविवार को सामूहिक रूप से होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही मैदान रंगों की बौछार और डीजे की धुनों से सराबोर रहा। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए युवा-युवतियों ने जमकर मस्ती की और एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चले इस रंगारंग कार्यक्रम में युवाओं ने हिंदी और पहाड़ी गीतों पर थिरकते हुए उत्साह का परिचय दिया।

मंडी के सेरी मंच की तर्ज पर आयोजित इस महोत्सव में खासकर युवतियों में भारी उत्साह देखने को मिला। डीजे की धुनों पर आधुनिक अंदाज के साथ-साथ पारंपरिक पहाड़ी नाटी ने भी समां बांध दिया। युवाओं ने सामूहिक नाटी डालकर पर्व को यादगार बना दिया। रुद्राक्षा वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि रंगों के इस पावन पर्व को सामूहिक रूप से मनाने का उद्देश्य आपसी भाईचारे व सौहार्द को बढ़ावा देना था, जिसमें उन्हें भरपूर सफलता मिली। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेदभाव और द्वेष के सभी वर्गों के लोगों ने मिलकर होली मनाई।महोत्सव के दौरान युवतियों में सेल्फी का भी खासा क्रेज देखने को मिला। आयोजकों की ओर से लक्की ड्रॉ का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 30 भाग्यशाली विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। मेसर्ज के आर संस के सौजन्य से बंपर इनाम के रूप में एलईडी भेंट की गई। सुबह मौसम खराब रहने से भीड़ अपेक्षाकृत कम रही, लेकिन मौसम साफ होते ही पूरा मैदान लोगों से भर गया।

जोगिंद्रनगर में पहली बार शाम के समय सामूहिक होलिका दहन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त रामलीला मैदान के समीप गुरूद्वारा के पास भी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया, जहां लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पर्व की खुशियां साझा कीं। अन्नपूर्णा आश्रम मंदिर से भगवान कृष्ण और राधा रानी की झांकियां भी निकाली गईं। इस संबंध में श्रीश्री अविचल महाराज ने बताया कि सुबह 10 बजे लदरूही मंदिर से रथ यात्रा निकाली गई, जो डोहग होते हुए जोगिंद्रनगर बाजार से गुजरकर रामलीला मैदान पहुंची। मैदान में व्यापार मंडल और रुद्राक्षा वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने झांकियों का भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर रुद्राक्षा वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, कोऑर्डिनेटर राजीव शर्मा, सदस्य ज्योतिषाचार्य विभा शर्मा, मातुल बहल, सुनीत ठाकुर, सुशील कुमार, बॉबी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। एडवोकेट जीवन ठाकुर, पार्षद प्यार चंद सहित कई गणमान्य लोगों ने भी महोत्सव में पहुंचकर सहभागिता की। अंत में सोसाइटी के अध्यक्ष ने सभी प्रायोजकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



जोगिंद्रनगर के रामलीला मैदान में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अनंत ज्ञान

# अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन में कैप्टन पं. लेखराज शर्मा किए सम्मानित

- 'पहला हस्तरेखा चक्र चूड़ामणि' पुरस्कार से नवाजे

अनंत ज्ञान

**जोगिंद्रनगर।** कैथल में आयोजित प्रथम अखिल भारतीय ज्योतिष वास्तु महासम्मेलन में जोगिंद्रनगर के लिए गौरव का क्षण रहा। महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय और पराशर ज्योतिष केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आर्य कन्या कॉलेज के मुख्य सभागार में आयोजित इस सम्मेलन में देशभर से 500 से अधिक प्रख्यात ज्योतिषी, वास्तुशास्त्री, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए।कार्यक्रम का मार्गदर्शन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. राजेंद्र कुमार अनायास ने किया। अध्यक्षता शैक्षणिक अधिष्ठाता प्रो. संजय गोयल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ. श्रेयांस द्विवेदी उपस्थित रहे। महामंडलेश्वर डॉ. योगेश राजेश्वर दास को भी साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। महासम्मेलन को तीन प्रमुख सत्रों में विभाजित किया गया, जिनमें ग्रह-नक्षत्रों की वैज्ञानिक गणना, ग्रहों के गोचर का प्रभाव तथा वास्तु दोषों के तर्कसंगत निवारण जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श हुआ।इसी अवसर पर जोगिंद्रनगर स्थित श्री शारदा ज्योतिष निकेतन के निदेशक एवं विश्वप्रसिद्ध हस्तरेखा विशेषज्ञ कैप्टन पंडित लेखराज शर्मा को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए 'पहला हस्तरेखा चक्र चूड़ामणि' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। हस्तरेखा के अप्रतिम, अद्वितीय और अकल्पनीय विद्वान के रूप में ख्याति प्राप्त कैप्टन शर्मा ने हाथ की रेखाओं से कुंडली निर्माण का लाइव प्रदर्शन कर विद्वानों को प्रभावित किया।उनकी इस उपलब्धि से जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

क्षेत्र के लोगों ने इसे गर्व का विषय बताते हुए कैप्टन पं. लेखराज शर्मा को बधाई दी है। सम्मेलन में डॉ. सुरेंद्र पाल वत्स, डॉ. शर्मिला, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. चंद्रकांत सहित अन्य प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# सूर्या क्लब खरोह ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट

## विजेता को 25 हजार व उपविजेता टीम भद्रवाड़ को मिले 15 हजार



साहिल मेमोरियल छठा क्रिकेट टूर्नामेंट की विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** त्रिवेणी युवक मंडल डबरोग द्वारा साहिल मेमोरियल छठा क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत स्तर की कई टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं में खेल भावना, आपसी भाईचारा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना रहा। टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों ने अनुशासन और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। आयोजन समिति में विजय शर्मा डबरोग, संतोष कुमार सीटू, शोकी राम, लेखराज शर्मा, विजय शर्मा बरछवाड़, सोनू धीमान बैहड़, संजीव कुमार बैहड़, डॉ. बंटी, दीपू बैहड़, सुनीश ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और प्रतियोगिता को सफल बनाने में सराहनीय योगदान दिया। फाइनल मुकाबले में सूर्या क्लब खरोह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया।

विजेता टीम को 25,000 रुपए नकद राशि और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता टीम भद्रवाड़ को 15,000 रुपए नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। टूर्नामेंट के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि भाजपा नेता वंदना गुलेरिया, डॉ. सीमा प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, कमला शर्मा व राजकुमार उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों को खेलों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं और युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देते हैं।

### बिजली के स्मार्ट मीटरीकरण के खिलाफ 5 मार्च से अभियान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी धर्मपुर लोकल कमेटी की विस्तारित बैठक डरवाड़ में रणताज राणा की अध्यक्षता में हुई। इसमें मनरेगा बहाल रखने, स्मार्ट बिजली मीटरीकरण के विरोध, राजस्व घाटा ग्रांट बंद करने, अमेरिका के साथ किए व्यापार समझौते के तहत कृषि क्षेत्र में विदेशी कंपनियों के प्रवेश, बीज एवं बिजली विधेयक तथा अन्य स्थानीय मुद्दों को लेकर 5 मार्च से गांव-गांव जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। 14 मार्च को धर्मपुर खंड के भराड़ी में राज्यस्तरीय जन आक्रोश जत्थे के स्वागत और रैली को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई, जिसमें राकेश सिंघा, संजय चौहान, कुशाल भारद्वाज, ओंकार शाद, कुलदीप तंवर, भूपेंद्र सिंह सहित अन्य नेता शामिल होंगे। 5 से 13 मार्च तक लगभग 50 गांवों में जनसंपर्क जत्था भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में अभियान चलाएगा व सधोट, पपलोग, बसंतपुर, रखोह, चोलथरा, गरयोह, सरौन, कोट, टिहरा, डरवाड़, घरवासड़ा, पिपली भराड़ी, सज्याओ, जोढन व परसदा हवानी सहित कई पंचायतों में बैठकें करेगा। दूसरे चरण में तनियार, भदेहड़, देवगढ़, कुन, टोरखोला, कमलाह, भूर, बिंगा, सरी और लौंगनी में अभियान चलाकर 24 मार्च को दिल्ली में होने वाले प्रदर्शन में भागीदारी की जाएगी। बैठक में दिनेश काकु, ऋत्विक, करतार सिंह, मेहर सिंह, सुरेश शर्मा, मिलाप चन्देल, प्रकाश वर्मा, रामचंद ठाकुर, टेकचंद, ओमचन्द, कुलदीप सिंह, लुददर सिंह और दूनी चन्द सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पंजाई स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंक में ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान सीखे बैंकिंग के गुर




पंजाई स्कूल के विद्यार्थियों ने बैंकिंग के गुर सीखे। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पंजाई के बैंकिंग (बीएफएसआई) सब्जेक्ट के बच्चों ने यूको बैंक मंडी में अपनी तीन दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग के दौरान बैंकिंग के गुर सीखे। जिसमें कक्षा 10वीं से 11वीं में वोकेशनल शिक्षा ग्रहण कर रहे 20 विद्यार्थियों ने यह प्रशिक्षण प्राप्त किया।

व्यावसायिक शिक्षक वेद प्रकाश ने बताया कि 26 से 28 फरवरी तक इस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बैंक प्रबंधक हितेंद्र कुमार और मैडम शांतला ने बच्चों को बैंकिंग प्रणाली के बारे में व्यवहारिक ट्रेनिंग दी और बताया कि इस प्रशिक्षण में बच्चों ने बहुत रुचि दिखाई।

प्रधानाचार्य डॉ. सोम राज भरोल ने बताया हैं कि वोकेशनल एजुकेशन के तहत शुरू किए गए सब्जेक्ट स्कूली छात्रों एवं छात्राओं के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध हो रहे हैं जिनसे बच्चे व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के साथ साथ खुद को भविष्य के लिए तैयार कर पा रहे हैं तथा स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना सरकार का बहुत ही सराहनीय प्रयास है जिसका भविष्य में बच्चों को बहुत अधिक फायदा मिलेगा।

# छात्र-छात्राओं की कार्यशील मॉडलों की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र



मुख्यातिथि के साथ प्रतिभागी छात्र-छात्राएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**सुंदरनगर।** एमएलएसएम कॉलेज सुंदरनगर के रसायन विभाग की केमिकल सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस-2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का विषय 'विज्ञान में महिलाओं की भूमिका और विकसित भारत के निर्माण में उनका योगदान' रहा। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे वैज्ञानिक सोच अपनाकर राष्ट्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

विभागाध्यक्ष डॉ. वंदना सेठी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक महिला की उपलब्धियों का सम्मान और प्रोत्साहन समाज को सशक्त बनाता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा सेन ने किया तथा महान वैज्ञानिक सीवी रमन के जीवन और उनके वैज्ञानिक योगदान पर प्रकाश डाला। छात्र-छात्राओं की कार्यशील मॉडलों की प्रदर्शनी कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रही। इस अवसर पर डॉ. संजय शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

**टूर्नामेंट** राज्यस्तरीय मास्टर बैडमिंटन स्पर्धा में मंडी का शानदार प्रदर्शन

# पवन-वीरेंद्र राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएंगे दम

अनंत ज्ञान

**बग्गी।** प्रदेश के जिला कुल्लू में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता मे जिला मंडी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कई खिताब अपने नाम कर जिले का गौरव बढ़ाया। विभिन्न आयु वर्गों में मंडी के खिलाड़ियों ने फाइनल और सेमीफाइनल तक पहुंचकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करवाई। जानकारी देते हुए बेडमिंटन के खिलाड़ी पवन कुमार ने कहा कि 35 वर्ष आयु वर्ग में बग्गी निवासी पवन कुमार और मंडी निवासी वीरेंद्र मोदगिल की जोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने कांगड़ा के विक्रांत राणा और पंकज जसवाल की जोड़ी को 2-0 से पराजित किया। एकल मुकाबले में वीरेंद्र मोदगिल उपविजेता रहे, जबकि इसी वर्ग में गौरव कपूर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

40 वर्ष आयु वर्ग में हितेंद्र सैनी उपविजेता रहे तथा कुमार गौरव ने तृतीय स्थान हासिल किया। युगल मुकाबले में कुमार गौरव और योगेश चौहान की जोड़ी ने उपविजेता का खिताब जीता। महिला वर्ग में 50 वर्ष आयु वर्ग के एकल मुकाबले में उर्वशी बापा विजेता रहीं।

वहीं 50 वर्ष आयु वर्ग के मिश्रित युगल में संदीप ढींगरा और उर्वशी बापा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीता। 45 वर्ष आयु वर्ग महिला एकल में रवींद्रनाथ उपविजेता रहीं, जबकि 45 वर्ष मिश्रित युगल में राकेश स्वामी और रवींद्रनाथ की जोड़ी उपविजेता रही। इसके अतिरिक्त 45 वर्ष पुरुष युगल में अश्वनी कुमार और बलविंदर सिंह राणा की जोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 55 से 70 वर्ष आयु वर्ग के मुकाबले अभी शेष हैं, जिनमें भी खिलाड़ियों से पदकों की उम्मीद जताई जा रही है।

इस मौके पर बग्गी निवासी धर्मवीर, चंद्र कुमार, टेक चंद, केशव राम, प्रधान विकास गुप्ता, उपप्रधान दया राम, पूर्व प्रधान अंजू देवी व जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



विजेताओं को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

# माइंड ऑपरेशन अकादमी के 8 छात्रों ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की परीक्षा

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था माइंड ऑपरेशन अकादमी ने एक बार फिर उत्कृष्ट परिणाम देकर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण प्रस्तुत किया है। इस वर्ष अकादमी के 8 विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर संस्थान तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है।सफल विद्यार्थियों में शिवांश, वेदांश शर्मा, आरुषी (छठी कक्षा), यक्षित रावत, सार्थक, अर्णव राव, आरुषि ठाकुर (नवीं कक्षा) और अर्णव गोयल शामिल हैं।



विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर ने इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि वे पिछले 13 वर्षों से विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों और अध्यापकों की निरंतर मेहनत, अनुशासन तथा संस्थान की सुनियोजित अध्ययन पद्धति का प्रतिफल है।

माइंड ऑपरेशन अकादमी में सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, पुलिस, पटवारी, जेबीटी, टीजीटी, जेओए, आईटी एवं स्पोकन इंग्लिश सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाई जाती है। नई बैच के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।

### केंद्रीय भंडारण निगम ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, बग्गी।** केंद्रीय भंडारण निगम ने आज अपना 70वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। वर्ष 1957 में स्थापित यह भारत सरकार का एक नवरत्न उपक्रम है, जिसका मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादों के लिए लागत प्रभावी और विश्वसनीय भंडारण सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर नेरचौक ट्रक यूनियन के चेयरमैन चंद्र सिंह नायक ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय भंडारण निगम की प्रबंधक राजवंती शर्मा ने की और निगम की उपलब्धियों व सेवाओं पर प्रकाश डाला। नेरचौक ट्रक यूनियन के कोषाध्यक्ष उत्तम चौधरी ने निगम के कर्मचारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए डिपो से ट्रक यूनियन को मिल रहे कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय खाद्य निगम डिपो प्रबंधक पवन शर्मा ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। समारोह में ट्रक यूनियन नेरचौक के पदाधिकारी तथा भारतीय खाद्य निगम नलसर के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस दौरान निगम की कार्यप्रणाली, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### अग्निवीरों की भर्ती 22 मार्च से 30 मार्च तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** भर्ती निदेशक, सेना भर्ती कार्यालय, मंडी कर्नल गौतम निशान्त ने कहा है कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीरों की वर्ष 2025-26 की भर्ती 22 मार्च से 30 मार्च तक ट्रेनिंग ग्राउंड, थर्ड इंडिया रिजर्व बटालियन पंडोह, मंडी (हिमाचल प्रदेश) में आयोजित की जाएगी। इस में मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति जिले के लिखित परीक्षा वर्ष 2025 में उत्तीर्ण उम्मीदवार भाग लेंगे। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर इश्यू कर दिए गये हैं। अपने पंजीकृत ई मेल और joinindianarmy.nic.in वेबसाइट पर लॉगइन करके सभी उम्मीदवार अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश पत्र में दर्शाई गई तिथि के अनुरूप ट्रेनिंग ग्राउंड, थर्ड इंडिया रिजर्व बटालियन पंडोह में भर्ती रैली के लिए आना सुनिश्चित करेंगे। भर्ती निदेशक ने उम्मीदवारों को सलाह दी है कि वे भर्ती रैली संबंधी जारी अधिसूचना के मुताबिक सभी अपेक्षित दस्तावेज अपने साथ लाना सुनिश्चित करें व निर्धारित भर्ती तारीख व समय के मुताबिक रैली के लिए पहुंचे, अगर किसी उम्मीदवार को एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई समस्या आती है, तो वह आर्मी रिक्रूटिंग ऑफिस मंडी में संपर्क कर सकते हैं उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

### क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू का किया एक्सपोजर विजिट



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा, कुल्लू द्वारा राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, हिमाचल प्रदेश के माध्यम से आयोजित व्यावसायिक प्रशिक्षकों के इंडक्शन प्रशिक्षण का द्वितीय दिवस सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ करना और प्रशिक्षकों की क्षमता वृद्धि सुनिश्चित करना है। द्वितीय दिवस के प्रातःकालीन सत्र में आशीष कुमार ने हेल्थकेयर सेक्टर से संबंधित ओसीटी स्किल पर विशेष सत्र लिया। इसमें डिजिटल उपकरणों और तकनीकी दक्षता के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू का एक्सपोजर विजिट कराया गया। निर्मला महंत, प्रेम, राजकुमार, वीरेंद्र, वीना और सुपरवाइजर ने प्रशिक्षकों को अस्पताल की कार्यप्रणाली, विभिन्न विभागों और उपकरणों की जानकारी प्रदान की। उनके सहयोग से प्रशिक्षकों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त हुआ। डॉ. अमित कुमार मेहता ने प्रशिक्षण के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सुनील दत्त ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण का सफल संचालन किया गया। राज्य समन्वयक टीम की सदस्याएं अंकिता सूद, आरती शर्मा, वैशाली ठाकुर और पारुल भी उपस्थित रहीं।

### परी एंजल स्कूल में होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** परी अंजल स्कूल में होली का पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर रंग-बिरंगे फूलों, सजावट और बच्चों की खिलखिलाहट से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रोमिला ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उन्होंने बच्चों को होली के सांस्कृतिक महत्व और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के बारे में बताया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने होली पर आधारित गीत, नृत्य और लघु नाटकों के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश दिया। छोटे बच्चों ने 'फूलों की होली' खेलकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी साझा किया। शिक्षकों ने बच्चों को सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों का उपयोग करने की सलाह दी। विद्यालय प्रबंधन ने कार्यक्रम की सफलता की सराहना की। समारोह का समापन मिठाई वितरण और सामूहिक फोटो सत्र के साथ हुआ, जिसमें बच्चों और शिक्षकों के चेहरे खुशी से चमक रहे थे। इस प्रकार होली का उत्सव बच्चों के सर्वांगीण विकास और भारतीय परंपराओं से जुड़ाव का प्रतीक बना।

### स्नो चेन लगे वाहनों के साथ शिंकुला जा सकेंगे पर्यटक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** पर्यटन कारोबार से जुड़े कारोबारियों सहित कुल्लू-मनाली आ रहे पर्यटकों के लिए अच्छी खबर है। दारचा-शिंकुला सड़क एक बार फिर से फोर बाई टू वाहनों के लिए खोल दी है। अब पर्यटक दारचा-शिंकुला मार्ग पर फोर बाई टू स्नो चेन लगे वाहनों के साथ सफर कर सकते हैं। प्रशासन ने इसके लिए समयसारिणी भी निर्धारित कर दी है। पर्यटकों के लिए सुबह नौ बजे से दोपहर 3 बजे तक समय निर्धारित किया है। पुलिस अधीक्षक लाहुल-स्पीति शिवानी मेहला ने घाटी आने वाले सभी पर्यटकों से आह्वान किया है कि वे इस ओर मौसम को भांप कर ही अपनी यात्रा पर निकलें। उन्होंने घाटी आने वाले सभी पर्यटकों से नदी के किनारे न जाने की भी अपील की है। उन्होंने कहा कि अधिकतर पर्यटक सड़क पर जमी बर्फ में चलने को लेकर अंजान हैं। ऐसे में पर्यटकों को सतर्कता बरतने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि फोर बाई फोर के साथ साथ अब फोर बाई टू चेन लगे वाहनों को भी शिंकुला तक जाने की अनुमति दी गई है।विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि शिंकुला दर्रा टूरिस्ट डेस्टिनेशन के रूप में उभरकर सामने आया है। इससे पर्यटन से जुड़े स्थानीय कारोबारियों में भी काफी उत्साह है। उन्होंने बताया कि पर्यटन स्थलों में पर्यटकों को आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के यथासंभव प्रयास जारी हैं।

### 5 से 7 मार्च तक विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

**अनंत ज्ञान, केलांग।** पंचायती राज निदेशालय, हिमाचल प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में तथा हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा 5(2) एवं पंचायती राज (सामान्य) नियम, 1997 के नियम 9(2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उपायुक्त, लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 5, 6 और 7 मार्च 2026 को विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करने की अधिसूचना जारी की है। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य पेयजल आपूर्ति योजनाओं की ग्राम स्तरीय अवसंरचना को संबंधित ग्राम पंचायतों में हस्तांतरित करने पर विचार-विमर्श करना तथा आवश्यक प्रस्ताव पारित करना है, ताकि योजनाओं के संचालन, रखरखाव और निगरानी व्यवस्था को स्थानीय स्तर पर सुदृढ़ किया जा सके। विकास खंड स्पीति और लाहौल की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्धारित तिथियों पर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिए हैं कि अधिकतम ग्रामीण सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिससे जल प्रबंधन व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाया जा सके।

# रघुनाथ जी की नगरी में छोटी होली की धूम

## खूब उड़ा गुलाल, शहर के विभिन्न हिस्सों में धूमधाम से मनाई गई छोटी होली

अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** देश व प्रदेशभर में जहां बुधवार को होली पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं, रघुनाथजी की नगरी कुल्लू में दो दिन पूर्व ही होली का आगाज हो गया है।


हर वर्ष की भांति इस बार भी कुल्लू में होली से दो दिन पहले छोटी होली की खूब धूम रही। सोमवार को जहां रघुनाथ की नगरी में बैरागी समुदाय के लोगों ने डफली और ढोलकी की धुन पर अपनी-अपनी टोलियों में होली की रीति को निभाया। वहीं, अखाड़ा बाजार, सुल्तानपुर, रामशिला व सरवरी व लोअर ढालपुर में युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों ने एकत्र होकर घर-घर जाकर खूब होली खेली और एक दूसरे के ऊपर गुलाल फेंककर होली की बधाई दी। गौर रहे कि कुल्लू में हर साल होली से एक दिन पूर्व छोटी होली मनाई जाने की परंपरा थी लेकिन पिछले कुछ वर्षों से होली से दो दिन पूर्व ही गुलाल उड़ना शुरू हो रहा है और दो दिनों खूब होली खेली जा रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी शहर के कुछ स्थानों पर धूमधाम से होली मनाई गई।



कुल्लू में छोटी होली के मौके पर गुलाल उड़ाकर होली गीतों और वाद्ययंत्रों की धुन पर झूमते लोग। अनंत ज्ञान

शहर के लोगों समिता मधू, विनीत सूद, मनोज शर्मा, प्रदीप, सरस्वती, आंचल शर्मा, अक्षित, अंशुल राजपूत, सक्षम, मोनिका सहित अन्य ने बताया कि कुल्लू में हालांकि होली पर्व के एक दिन पूर्व छोटी होली मनाई जाती है, लेकिन पिछले चार पांच वर्षों से होली से दो दिन पूर्व ही होली मनाने का सिलसिला शुरू हो रहा है और महिला, पुरुष, युवा व बच्चे टोलियों में घर-घर जाकर लोगों को होली की बधाई देने के साथ एक दूसरे को होली लगाते हैं और साथ में होली के पारंपरिक गीत गाकर खूब मस्ती करते हैं। उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में सोमवार को पहले दिन उन्होंने शहर के कुछ क्षेत्रों में जाकर छोटी होली का आनंद लिया और अब मंगलवार को बड़ी होली भी धूमधाम से मनाएंगे। बुधवार शाम के समय रघुनाथपुर में होलिका दहन भी किया जाएगा। जिसमें भगवान रघुनाथ की पारंपरिक परंपराओं का भी निर्वहन होगा। होली के मौके पर शहरवासियों और दूरदराज गांव के लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर गुलाल लगाया और ढोल नगाड़ों की थाप पर शहर भर में घूमते हुए होली मनाई। सनद रहे कि हालांकि वसंत के बाद होली पर्व तक लगातार 40 दिनों तक भगवान रघुनाथ जी के चरणों में भी रोजाना बैरागी समुदाय के लोग होली डालते हैं और होली के पारंपरिक गीत गाते हुए होली खेलते हैं। इस बार भी होली मनाने और होली गायन का यह दौर लगातार जारी रहा। बैरागी समुदाय के लोगों ने अलग अलग टोलियों में जगह जगह ब्रज की तर्ज पर होली संध्या में होली गीतों का गायन किया। वहीं, सोमवार को बैरागी समुदाय के लोगों के साथ ही अन्य शहरवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देने के साथ ही होली गीतों पर सभी लोग खूब झूमें। वहीं, मंगलवार को कुल्लू में बड़ी होली धूमधाम से मनाई जाएगी, जबकि देश सहित प्रदेश में 4 मार्च को होली पर्व मनाया जाएगा।

# चंडीगढ़-मनाली एनएच पर हादसों को रोकने के लिए लगाए जा रहे जेसी बैरियर : अशोक



चंडीगढ़-मनाली एनएच पर लगाए गए जेसी बैरियर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**एम बोकटापा, मनाली।** कुल्लू मनाली नेशनल हाईवे द्वारा सड़क हादसों को रोकने के लिए कुल्लू से मनाली तक लगभग 1500 जेसी बैरियर लगाए जा रहे हैं।

रेजिडेंट इंजीनियर अशोक चौहान ने बताया कि बाढ़ ग्रस्त इलाकों में जहां हाई वे सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, उन जगहों पर लगभग दो मीटर ऊंचा, डेढ़ मीटर चौड़े जेसी बैरियर लगाए जा रहे हैं, ताकि सड़क हादसों को नियंत्रित किया जा सके। कुछ ही दिनों में इन जेसीसी बैरियर को पीली और काले रंग से पेंट किया जाएगा, ताकि हाईवे की सुंदरता बनी रहे। उन्होंने बताया कि कुल्लू से मनाली के बीच हाईवे ने सड़क को पूरी तरह से चालू कर दिया है और जहां बाढ़ से सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां हाईवे अथॉरिटी द्वारा क्रिएट लगाकर सड़कों को पक्का करने का कार्य पूरा कर दिया गया है। चौहान ने बताया कि मार्च माह के बाद कुल्लू- मनाली नेशनल हाईवे रोड को पुनः चकाचक किया जाएगा, ताकि पर्यटक सीजन में पर्यटकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## मनाली में छिटपुट ही दिख रहे पर्यटक

**अनंत ज्ञान, मनाली।** पर्यटकों से गुलजार रहने वाली पर्यटन नगरी मनाली आजकल सूनी दिखती नजर आ रही है। मनाली का माल रोड जहां मार्च अप्रैल सीजन के दौरान पैक रहा करता था। वहीं, आजकल मॉल पर छिटपुट पर्यटक ही नजर आ रहें हैं। होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि 23 जनवरी को अचानक भारी बर्फबारी के कारण पर्यटकों को जो असुविधा झेलनी पड़ी थी और कुछ बाहरी पर्यटकों द्वारा मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुल्लू मनाली के हालात को गलत तरीके से दर्शाया गया था। उसका असर अब देखने को मिल रहा है उन्होंने कहा कि हालांकि चंडीगढ़ मनाली रोड की स्थिति भी अब सुधर चुकी है और मनाली व इसके आसपास इलाकों में बर्फ भी काफी मात्रा में है व घाटी में कई खेल गतिविधियां भी चालू है। बावजूद इसके पर्यटकों का आजकल होटल में ऑक्यूपेंसी 25 से तीस प्रतिशत रह गई है। ग्रीन टैक्स बैरियर के अनुसार रविवार को लगभग दो हजार पर्यटक वाहनों ने मनाली में प्रवेश किया।

# नग्गर ब्लॉक के पेंशनर्स ने उठाई लंबित देय की मांग

अनंत ज्ञान




**पतलीकूहल।** हिमाचल पेंशनर्स फेडरेशन नग्गर ब्लॉक की एक बैठक ब्लॉक प्रधान लाल चंद ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में विशेषातिथि के रूप में प्रदेश महासचिव टीडी ठाकुर और कुल्लू जिला महासचिव राम सरन उपस्थित रहे।

बैठक में मुख्य रूप से पेंशनर्स के लंबे समय से रुके हुए वित्तीय बकाये पर चर्चा की गई। फेडरेशन ने सरकार से मांग की है कि पेंशनभोगियों के मेडिकल री-इम्बर्समेंट और ग्रैच्युटी जैसे महत्वपूर्ण भुगतानों को तुरंत जारी किया जाए। बैठक में ब्लॉक महासचिव अजीत स्नेही, उपप्रधान प्रेम चंद वर्मा व ब्लॉक कैशियर निर्मल चंद सहित लगभग 32 पेंशनर्स ने भाग लिया। उपस्थित सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार बुजुर्गों की जायज मांगों को अनदेखा न करे।

आगामी 5 मार्च 2026 को सुंदरनगर के वृद्धाश्रम में 18 विभिन्न पेंशनर संगठनों की संघर्ष समिति की एक विशेष बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी, ताकि सरकार पर दबाव बनाया जा सके। इसके अलावा, नग्गर ब्लॉक की अगली बैठक 6 अप्रैल 2026 को तय की गई है।

# सक्षम 'असाधारण बाल प्रतिभा पुरस्कार' से किया सम्मानित

अनंत ज्ञान



**मनाली।** देश की राजधानी दिल्ली में एसीएस द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड अचीवर्स अवार्ड्स 2026' समारोह का आयोजन हुआ।

इस समारोह में मनाली के प्रिणी गांव के होनहार बाल सक्षम को उनकी असाधारण प्रतिभा व उपलब्धियों के लिए 'असाधारण बाल प्रतिभा पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों, शिक्षाविदों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्षम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें देश का गौरव बताया। समारोह के दौरान सक्षम को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। आयोजकों ने बताया कि कम उम्र में ही सक्षम ने विश्व के सभी देशों के झंडों को जिस बारीकी से समझा हैं और मानचित्रों के जटिल स्वरूप को अपनी बुद्धि में धारण किया हैं वो अतुलनीय हैं, उनके समर्पण, परिश्रम और जिज्ञासु स्वभाव का प्रमाण है। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चेतन शर्मा-पूर्व भारतीय क्रिकेटर, 'द हैट्रिक मैन' के नाम से प्रसिद्ध एवं बीसीसीआई की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहें। उन्होंने सक्षम को सम्मानित करते हुए कहा कि सक्षम जैसे बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी प्रतिभा अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मनाली जैसे छोटे शहर से निकलकर राजधानी दिल्ली में सम्मानित होना न केवल सक्षम के परिवार के लिए, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

स्थानीय लोगों ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई और सक्षम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बता दे कि सक्षम ने मात्र पांच साल की छोटी उम्र में ही चार राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए है। जिसके लिए प्रदेश सरकार ने भी सक्षम को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया था। सक्षम के रिकॉर्ड की सूची इस प्रकार हैं। पहला रिकॉर्ड तब बना था जब इस बच्चे ने महज 15 महीने की उम्र में अल्फाबेट सीख लिया था। इसके लिए इसे 'मिरेकल बॉय' का टाइटल मिला था। दूसरा रिकॉर्ड तीन साल की उम्र में कार कलेक्शन का था कार के लोगो देखकर दुनिया की लगभग सभी गाड़ियों की कंपनीयो को पहचानता था। तीसरा रिकॉर्ड पांच साल उम्र में सक्षम को 195 देशों के झंडे, उनकी भाषा, मुद्रा, राजधानीया और सभी देशों के नाम की स्पेलिंग सहित जुबानी याद है। इसके लिए सक्षम को 'यंगेस्ट फ्लैग एक्सपर्ट ऑफ इंडिया' का टाइटल

# राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी का यूसीजी बिल के विरोध में 7 मार्च को कुल्लू में धरना



देवभूमि पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमर। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** यूसीजी बिल के विरोध में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी 7 मार्च को कुल्लू में विरोध प्रदर्शन व धरना आयोजित करेगी।

पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि यह धरना भूतनाथ पुल से शुरू होकर उपायुक्त (डीसी) कार्यालय तक रैली के रूप में निकाला जाएगा, जहां प्रदर्शन का समापन होगा। देवभूमि पार्टी किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमर ठाकुर ने जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी इस बिल का कड़ा विरोध करती है। उनके अनुसार केंद्र सरकार द्वारा लाया गया यूसीजी बिल समाज में जातिवाद को बढ़ावा देता है, जिससे सामाजिक संतुलन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता अभियान भी चलाएगी। धरने के बाद पार्टी कार्यकर्ता डीसी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। ज्ञापन में यूसीजी बिल को वापस लेने की मांग की जाएगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि यदि सरकार ने समय रहते इस पर पुनर्विचार नहीं किया, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं और समर्थकों से 7 मार्च को अधिक से अधिक संख्या में कुल्लू पहुंचकर धरने में भाग लेने की अपील की है। आयोजकों का दावा है कि यह प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से किया जाएगा।

# यहां के हर घर में हस्तशिल्प व हथकरघा की समृद्ध परंपरा : सुंदर ठाकुर

## कुल्लू के ढालपुर मैदान में गांधी शिल्प मेले का आगाज, विधायक ने किया मेले का शुभारंभ

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** हर बार की तरह इस बार भी कुल्लू के ढालपुर मैदान में गांधी शिल्प मेले का आगाज हुआ है। कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने सोमवार को बतौर मुख्यातिथि इस मेले में शिरकत की और मेले का शुभारंभ किया।

उन्होंने रिबन काटकर व दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया। ढालपुर के मेला मैदान में 8 मार्च तक यह शिल्प बाजार सजेगा। मेले में एक ही स्थान पर विभिन्न राज्यों के उत्पाद मिलेंगे। गांधी शिल्प मेला कुल्लू के शुभारंभ पर विधायक ने कहा कि कुल्लू में 'गांधी शिल्प बाजार' का आयोजन किया जा रहा है। वस्त्र मंत्रालय के अधीन हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय, कुल्लू द्वारा आयोजित इस मेले में देश के विभिन्न हिस्सों से आए हस्तशिल्प व हथकरघा उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस बाजार में लगभग 17 से 18 विभिन्न राज्यों के कुशल शिल्पकार हिस्सा ले रहे हैं। एक ही छत के नीचे देश की विभिन्न संस्कृतियों और उनकी



गांधी शिल्प बाजार का शुभारंभ करते हुए कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर व उनके साथ अन्य गणमान्य लोग। अनंत ज्ञान

कलात्मकता का संगम देखने को मिल रहा है। प्रदर्शनी में प्रदर्शित उत्पाद पूरी तरह से प्राकृतिक और टिकाऊ सामग्री से बने हैं। यहां जैविक रंगों और पारंपरिक बुनाई तकनीकों का बेहतरीन उपयोग देखा जा सकता है। हिमाचल प्रदेश में हस्तशिल्प विकास आयुक्त का मुख्य कार्यालय कुल्लू में स्थित है। उन्होंने कहा यहां के हर घर में हस्तशिल्प और हथकरघा की समृद्ध परंपरा है। इस भव्य आयोजन का नेतृत्व हिल क्वीन वीवर्स के दौलत ठाकुर और उनकी टीम कर रही है, जिन्हें जिला सहकारी संघ का भी सहयोग प्राप्त है। मुख्यातिथि ने शिल्पकारों की कला की सराहना करते हुए कहा, 'इतनी बड़ी संख्या में शिल्पकारों का एक साथ आना और प्राकृतिक उत्पादों को बढ़ावा देना सराहनीय है। उन्होंने सभी कुल्लू वासियों व पर्यटकों से अपील की है कि वे यहां आएं और इन सुंदर व किफायती हस्तशिल्प उत्पादों की खरीदारी कर हमारे शिल्पकारों का उत्साहवर्धन करें।' उन्होंने सुझाव दिया कि इस तरह के शिल्प बाजारों का आयोजन प्रतिवर्ष होना चाहिए और दशहरा उत्सव के दौरान भी ऐसे बाजारों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। शिल्प बाजार में स्थापित स्टॉल में हस्तशिल्प के लकड़ी, मिट्टी, कागज, कपड़े आदि से बने उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

इस शिल्प बाजार का आयोजन वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से हिल क्वीन हस्तशिल्प व हथकरघा बुनकर कल्याण सभा समिति मनाली के द्वारा किया गया है। इसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आए हस्त शिल्पकारों और बुनकरों के उत्पाद प्रदर्शनी और बिक्री के लिए रखे गए हैं। यहां देश के कई सारे शिल्पियों द्वारा समान लाए गए है। चाहे हिमाचल के पारंपरिक ऊनी वस्त्र हो, या लकड़ी मिट्टी के बने बर्तन और सामान यहां अलग अलग राज्यों से आए लोगों के द्वारा उनके सामान लाए गए है। इस अवसर पर दौलत ठाकुर ने मुख्यातिथि सहित सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम में सहायक निदेशक हस्तशिल्प संतोष आनंद, एचपीओ हस्तशिल्प संदीप, जिला सहकार संघ के अध्यक्ष अनिल सूद, सहायक रजिस्ट्रार सहकारी सेवाएं आशा शर्मा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र पीएल नेगी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**रोमांच** — ट्राउट प्रेमियों के लिए खुशखबरी, तीर्थन घाटी में खुला मत्स्य आखेट

# चार माह की पाबंदी खत्म, तीर्थन की लहरों में उतरे एंगलर

अनंत ज्ञान

**तीर्थन।** जिला कुल्लू के उपमंडल बंजार स्थित तीर्थन घाटी में इस वर्ष का मत्स्य आखेट फिशिंग सीजन 1 मार्च से शुरू हो गया है। मत्स्य विभाग द्वारा नवंबर से फरवरी तक मछलियों के प्रजनन काल के चलते तीर्थन नदी व इसके सहायक नालों में मछली पकड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था, अब यह प्रतिबंध हटा लिया गया है। प्रतिबंध हटते ही मछली पकड़ने के शौकीन तीर्थन नदी की ओर रुख करने लगे हैं। पर्यटक व स्थानीय लोग विभाग से परमिट लेकर ट्राउट फिशिंग का आनंद ले सकते हैं। तीर्थन घाटी अपनी ठंडी व स्वच्छ जलधारा के लिए प्रसिद्ध है, जहां ट्राउट मछली पाई जाती है।

ट्राउट फिशिंग के कारण यहां हर वर्ष देश-विदेश से बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचते हैं। घाटी की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता भी पर्यटकों को आकर्षित करती है। इसके अलावा ट्राउट मछली पालन को यहां स्वरोजगार के रूप में भी देखा जा रहा है। स्थानीय युवाओं के लिए यह आजीविका का अच्छा साधन बन सकता है।



मत्स्य आखेट करते हुए। अनंत ज्ञान

### स्थानीय लोगों की सरकार से अपील

**स्थानीय** लोगों ने सरकार व मत्स्य विभाग से मांग की है कि ट्राउट मछली के अवैध शिकार को रोकने के लिए फील्ड स्टाफ बढ़ाया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते संरक्षण के कदम नहीं उठाए गए, तो यह प्राकृतिक धरोहर संकट में पड़ सकती है। लोगों का कहना है कि तीर्थन घाटी आज ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही है। ट्राउट फिशिंग व प्राकृतिक सुंदरता के कारण यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय पहचान बना रहा है। ऐसे में जरूरी है कि इस अमूल्य संपदा का संरक्षण किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसका लाभ उठा सकें।

### ऐतिहासिक संरक्षण का निर्णय

**शेरे** सराज के नाम से महशुर पूर्व विधायक स्व. दिले राम शबाब के प्रयासों से वर्ष 1975 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. वाईएस परमार की सरकार ने तीर्थन नदी की लगभग 40 किलोमीटर जलधारा को संरक्षित घोषित किया था। उस समय नदी की सुरक्षा के लिए होमगार्ड जवान भी तैनात किए गए थे। इसी संरक्षण का परिणाम है कि आज भी तीर्थन नदी में ट्राउट मछली का अस्तित्व बना हुआ है।

### संरक्षण पर दिया जा रहा जोर

**स्थानीय** लोगों का कहना है कि ट्राउट मछली के संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। अवैध शिकार पर रोक लगाना बेहद जरूरी है, ताकि नदियों में मछलियों की संख्या बनी रहे। घाटी के बुद्धिजीवियों ने नदी में बढ़ते प्रदूषण और करंट, जाल, विस्फोटक तथा अन्य अवैध तरीकों से हो रहे शिकार पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि पहले नदी में बड़ी संख्या में मछलियां दिखाई देती थीं, लेकिन अब संख्या कम हो रही है।

# आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज के सत्संग से भक्तिमय हुआ नगवाई

**अनंत ज्ञान, भुंतर।** अयोध्या के सिद्धपीठ हनुमत निवास के पीठाधीश्वर व प्रख्यात चिंतक आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज ने नगवाईं में आयोजित तीन दिवसीय श्री रामचरितमानस परायण अनुष्ठान व विशेष सत्संग में भाग लेकर श्रद्धालुओं को रामभक्ति का संदेश दिया। नगवाईं में इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रभर से श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। आचार्य ने रामचरितमानस के विभिन्न प्रसंगों की व्याख्या करते हुए कहा कि प्रभु श्रीराम के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने मर्यादा, सेवा व त्याग के मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। सत्संग के दौरान भजन-कीर्तन से वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालु देर शाम तक कथा श्रवण में लीन रहे। कार्यक्रम में भगवान रघुनाथ के प्रथम सेवक व पूर्व सांसद महेश्वर सिंह ने भी पहुंचकर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण महाराज से भेंट की व उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडी जिले के द्रंग विस क्षेत्र के भाजपा विधायक पूर्ण चंद ठाकुर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और युवाओं को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। समापन अवसर पर हवन-पूजन व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।

# राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में युवा रेडक्रॉस दल का शानदार प्रदर्शन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में कुल्लू युवा रेड क्रॉस दल ने शानदार प्रदर्शन किया है। युवा रेड क्रॉस कुल्लू के दस सदस्यीय दल ने डॉ. राम कुमार एवं शीला शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी, युवा रेड क्रॉस इकाई, जेएलएन राजकीय महाविद्यालय हरिपुर (मनाली) तथा जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जरड़ (भुंतर) के नेतृत्व में 25 फरवरी से 1 मार्च तक लवली यूनिवर्सिटी, फगवाड़ा में आयोजित राष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम में भाग लिया। सहायक आयुक्त उपायुक्त कुल्लू, जयबंती ठाकुर ने बताया कि यह दल भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, जिला शाखा कुल्लू द्वारा प्रायोजित किया गया था।

इस शिविर में तेलंगाना, महाराष्ट्र, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब तथा जम्मू-कश्मीर के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों से 184 युवा रेडक्रॉस स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर का आयोजन पंजाब राज्य रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा लवली यूनिवर्सिटी, पंजाब के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मानवीय मूल्यों का संवर्धन, राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान, नेतृत्व विकास, जीवन रक्षक कौशल, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था। इस दौरान विभिन्न संवादात्मक कार्यशालाएं, अंतर-राज्य व अंतर-विश्वविद्यालय

◆ **डीसी ने विजेताओं व युवा रेडक्रॉस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी**

सांस्कृतिक तथा कौशल आधारित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों के लिए स्वर्ण मंदिर व जलियांवाला बाग, अमृतसर का शैक्षणिक भ्रमण भी करवाया गया। कुल्लू युवा रेड क्रॉस दल को समग्र प्रदर्शन में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। विभिन्न प्रतियोगिताओं में लोक नृत्य (समूह)- प्रथम पुरस्कार: डाकेश राज, सार्थक, संजीव, शिवानी, रिदम, गुंजन व शिया, एकल लोक गीत- प्रथम पुरस्कार डाकेश राज, देशभक्ति गीत (समूह)- प्रथम पुरस्कार : शिवानी, वंशिका, गुंजन व शिया, एकल गीत-द्वितीय पुरस्कार : वंशिका, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-द्वितीय पुरस्कार : रिदम, पोस्टर निर्माण - तृतीय पुरस्कार : सुदांशु ने हासिल किया। डीसी ने विजेताओं व युवा रेड क्रॉस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर बधाई दी।

इस प्रकार की उपलब्धियां जिले का गौरव बढ़ाती हैं तथा अन्य जूनियर रेडक्रॉस व युवा रेड क्रॉस इकाइयों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उन्होंने रेड क्रॉस टीम सचिव, समन्वयक व नोडल अधिकारी, जेआरसी/वाईआरसी द्वारा जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में रेड क्रॉस कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन की भी सराहना की।

# होली के रंगों की गुणवत्ता पर स्वास्थ्य विभाग की नजर

## सोलन में होली को लेकर बाजार में बढ़ी रौनक, जमकर बिक रहे गुलाल और होली के रंग

अनंत ज्ञान

**सोलन।** होली पर्व को लेकर सोलन के बाजारों में रौनक बढ़ गई है। दुकानों में जमकर गुलाल और होली के रंग बिक रहे हैं। वहीं स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से सुरक्षित होली खेलने की अपील की है। साथ ही बाजार में बिक रहे रंगों की गुणवत्ता पर भी विभाग नजर बनाए हुए हैं। यदि कहीं स्टैंडर्ड रंग और केमिकल युक्त रंग पाए गए तो दुकानदार पर कार्रवाई तय है। होली पर्व के चलते युवाओं की खास चहल-पहल नजर आ रही है। शहर के मुख्य बाजार, माल रोड और पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में रंग-गुलाल, पिचकारी, अबीर और होली से जुड़े सजावटी सामान की दुकानें सजी हैं।



सोलन बाजार में सजे होली के रंग। अनंत ज्ञान

### हर्बल रंगों और पिचकारियों का आकर्षण

**व्यापारियों** ने इस बार खास तौर पर हर्बल रंगों और बच्चों के लिए आकर्षक पिचकारियों का स्टॉक मंगवाया है, जिससे ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बिक्री बेहतर रहने की उम्मीद है। त्योहार के करीब आते ही बाजारों में भीड़ बढ़ने लगी है। खासकर शाम के समय परिवारों के साथ लोग खरीदारी के लिए पहुंच रहे हैं।

### पकवानों की सामग्री खरीदने में जुटीं महिलाएं

**मिठाई** की दुकानों पर भी गुझिया, मठरी और अन्य पारंपरिक पकवानों की तैयारियां जोरों पर हैं। महिलाएं घर की सजावट और पकवानों की सामग्री खरीदने में जुटी हैं, वहीं युवा वर्ग रंग-बिरंगी पिचकारियों और ट्रेंडी होली टी-शर्ट्स की खरीदारी कर रहा है। बच्चों में भी त्योहार को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। बाजारों में सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा भी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं

### सामाजिक संस्थाएं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी में

**सामाजिक** संस्थाएं और क्लब भी होली मिलन कार्यक्रमों की तैयारी में लगे हैं। विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सामूहिक होली उत्सव के आयोजन की योजनाएं बनाई जा रही हैं। कुल मिलाकर सोलन में होली का रंग चढ़ने लगा है और पूरा शहर धीरे-धीरे उत्सव के माहौल में रंगता नजर आ रहा है।

## ऑल इंडिया सिविल सर्विस कुश्ती चैंपियनशिप 2025-26

# बागा के सुनील कुमार ने जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान

**दाड़लाघाट।** मंडी में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विस चैंपियनशिप 2025-26 के अंतर्गत आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता में पंचायत मांगल (भलग) बागा के प्रतिभाशाली खिलाड़ी सुनील कुमार (सोनू) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र, जिला एवं प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।

सुनील कुमार वर्तमान में सरकारी विद्यालय में स्पोर्ट्स कोटे के अंतर्गत क्लर्क के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विशेष बात यह रही कि सुनील कुमार ने पहली बार ऑल इंडिया सिविल सर्विस चैंपियनशिप जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया और अपने पहले ही प्रयास में स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। ट्रक यूनियन बागा (मांगल) के प्रधान बलदेव राज चौहान सहित अनेक गणमान्य लोगों ने उनकी इस उपलब्धि को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताते हुए भविष्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।




सुनील कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुओं एवं साथियों को देते हुए कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मेहनत से ही यह मुकाम हासिल हो पाया है तथा भविष्य में भी प्रदेश का नाम रोशन करने का प्रयास जारी रहेगा।

## कोल्ड स्टोर के नाम पर 6.90 करोड़ का लोन, अदायगी न होने पर मशीनरी गायब

अनंत ज्ञान

**नाहन।** जिला सिरमौर के पुलिस थाना राजगढ़ में कोल्ड स्टोर निर्माण के लिए लिए गए 6.90 करोड़ रुपए के बैंक ऋण मामले में एक महिला के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मामला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी ब्रांच शिमला की शिकायत पर दर्ज हुआ है। पुलिस के अनुसार आरोप है कि लोन की राशि से खरीदी गई मशीनरी और अन्य सामान, जिसे बैंक के पास गिरवी रखा गया था, उसे रिकवरी की प्रक्रिया शुरू होने के बाद मौके से हटा दिया गया।

◆ **मामला स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की स्ट्रेस्ड एसेट्स रिकवरी ब्रांच शिमला का**

### यह है पूरा मामला

**सनौरा** तहसील राजगढ़ निवासी उषा कंवर ने वर्ष 2023 में एसबीआई परवाणू शाखा से कोल्ड स्टोर निर्माण के लिए 6.90 करोड़ का ऋण लिया था, किश्तें नियमित रूप से जमा नहीं की गईं, जिसके चलते खाता एनपीए घोषित कर रिकवरी की प्रक्रिया शुरू की गई और नोटिस जारी किया गया। नोटिस मिलने के बाद उषा कंवर ने अपने पति अनिल सचदेवा के साथ मिलकर ऋण से खरीदी गई मशीनरी और अन्य सामान को स्टोर परिसर से हटा दिया।

# ड्राई स्पेल, मौसम में बदलाव से जिला अस्पताल में बढ़े संक्रमण के मामले

## रोजाना उपचार के लिए पहुंच रहे पेट खराब, सर्दी, खांसी, बुखार के मामले

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** पिछले एक महीने के ड्राई स्पैल ने जहां किसान-बागबानों की चिंता बढ़ा दी है, वहीं बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। फरवरी में प्रदेशभर में नामात्र बारिश हुई है। इससे लोग वायरल की चपेट में आ रहे हैं। खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह मौसम नुकसानदेह साबित हो रहा है। यही कारण है कि पिछले कुछ दिनों से सोलन अस्पताल में पेट का संक्रमण, खांसी और बुखार के मामले सामने आ रहे हैं। इससे छोटे बच्चों की संख्या अधिक है। ड्राई स्पेल से लोग सूखी खांसी, गला खराब से भी पीड़ित है।

जिला मुख्यालय में सुबह शाम की ठंडक और दिन की गर्मी से भी वायरल रोगों के कारण है। खासकर बुजुर्ग और बच्चे सूखी खांसी, गला खराब जैसी बीमारियों की जकड़ में है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में रोज सूखी खांसी, गला खराब और छाती जाम के सैंकड़ों मरीज इलाज को पहुंच रहे हैं। चिकित्सकों की माने तो इन बीमारियों का मुख्य कारण शुष्क मौसम और तापमान में बदलाव है।




### सोलन अस्पताल में बढ़े वायरल के मामले

**सोलन** मुख्यालय से ठंडा-गर्म मौसम होने के कर्ण वायरल के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। क्षेत्रीय अस्पताल सोलन की मेडिसिन ओपीडी में रोजाना 80 से 100 मरीज सर्दी, खांसी बुखार से पीड़ित उपचार को पहुंच रहे हैं। पिछले एक महीने के दौरान बारिश नहीं होने के चलते लोग सूखी खांसी की जकड़ में आ रहे हैं।

### अस्पताल में मरीजों की संख्या हुई दोगुनी

**आमतौर** पर सोलन अस्पताल में वायरल के 30 से 35 मरीज रोजाना ओपीडी में पहुंचते थे तो इन दिनों यह संख्या बढ़कर दोगुनी से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ की माने तो इसका एक कारण सूखी ठंड भी है। मेडिसिन ओपीडी की बात करें तो कुल ओपीडी में 60 प्रतिशत मरीज ऐसे होते हैं जो सर्दी, खांसी, बुखार से पीड़ित हो। पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में मरीजों की खासी भीड़ देखी गई।

### सतर्क रहें

**वायरल** से कारण लोगों में खांसी, सांस की तकलीफ या सांस लेने में कठिनाई, थकान, मांसपेशियों-शरीर में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, नाक बंद या नाक बहने जैसी समस्या देखी जा रही है। ऐसे में लोगों को इस बीमारी से सतर्क रहने की जरूरत है। तीन से चार दिन तक बीमारी ठीक न होने पर नजदीकी अस्पताल में चिकित्सा जांच जरूरी है। वायरल होने पर गर्म पानी का सेवन और ठंड और गर्मी से बचाव जरूरी है।

**मौसम** में बदलाव और ड्राई स्पेल के चलते अस्पताल की जनरल और मेडिसिन ओपीडी में पहले के मुकाबले सर्दी, खांसी, जुखाम से पीड़ित मरीज उपचार को आ रहे हैं। ड्राई स्पेल और ठंडे-गर्म मौसम से वायरल की बीमारियों पनपती है। जहां तक हो सके गर्म पानी का सेवन ही करें। भीड़ भाड़ में मास्क पहनना हितकारी होगा।

**डॉ. राकेश पंवर**
**एमएस, सोलन अस्पताल।**

## बजट में प्रदेश को 20,365 करोड़ की हिस्सेदारी, विकास को नई गति : कश्यप

अनंत ज्ञान

**एसपी जैरथ, नाहन।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने 'युवा शक्ति, भारत की शक्ति' कार्यक्रम के अंतर्गत नाहन के डीआरडीए हॉल में आयोजित 'विकसित भारत युवा संसद 2026' के जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने केंद्रीय बजट 2026-27 को हिमाचल प्रदेश के लिए विकासोन्मुख और अवसरों से भरपूर बजट बताया। सुरेश कश्यप ने कहा कि बजट 2026-27 में हिमाचल प्रदेश को केंद्र करों में 0.914% हिस्सेदारी के अंतर्गत कुल 20,365 करोड़ का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह राशि प्रदेश की आधारभूत संरचना, सामाजिक कल्याण और विकास कार्यों को गति प्रदान करेगी।

◆ **ईको-फ्रेंडली माउंटेन कॉरिडोर, मेडिकल टूरिज्म और आयुष सेक्टर से हिमाचल को मिलेगा बड़ा लाभ**

उन्होंने बताया कि पर्वतीय राज्यों के लिए इको-फ्रेंडली माउंटेन कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा हिमाचल के लिए विशेष महत्व रखती है। वित्त मंत्री द्वारा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में पर्यावरण-संवेदनशील पर्वतीय मार्गों के निर्माण का प्रस्ताव पर्यटन, कनेक्टिविटी और स्थानीय रोजगार के नए अवसर खोलेगा।

सांसद कश्यप ने कहा कि बजट में पर्यटन और जैव विविधता (Biodiversity) को बढ़ावा देने पर विशेष फोकस किया गया है। हिमाचल जैसे पर्यटन प्रधान राज्य को इससे सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने मेडिकल टूरिज्म हब योजना को हिमाचल के लिए बड़ा अवसर बताया। भारत को मेडिकल टूरिज्म हब बनाने के उद्देश्य से 5 क्षेत्रीय हब स्थापित किए जाने की घोषणा की गई है। सुरेश कश्यप ने आयुष सेक्टर को सशक्त करने की घोषणा का भी स्वागत किया। तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना तथा आयुष फार्मेसी और औषधि परीक्षण प्रयोगशालाओं के उन्नयन से हिमाचल को विशेष लाभ होगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक परंपरा का प्रमुख केंद्र है, इसलिए यह पहल राज्य के किसानों, उद्यमियों और युवाओं के लिए नए अवसर लेकर आएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामसभा का गठन, स्थापना बारे अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज विभाग द्वारा सोलन ज़िला के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभा का विभाजन अथवा पुनर्गठन कर नई ग्राम सभा का गठन अथवा स्थापना के संबंध में अधिसूचना जारी कर आक्षेप एवं सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संबंधित ग्राम सभा सदस्यों की आपत्ति अथवा सुझाव हों तो वह अधिसूचना जारी होने की तिथि से 3 दिनों के भीतर उपायुक्त सोलन को प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने जिला के संबंधित खंड विकास अधिकारियों व पंचायत सचिवों को निर्देश दिए है कि इस अधिसूचना की जानकारी संबंधित ग्राम सभा में दें, ताकि समय पर आक्षेप एवं सुझाव प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि सोलन जिला में बशील, टुईरू, चमाकडी, जमरोटी स्थित चुनाड ब्राहमणा, डाडल, दलछाम्ब, कोटला कलां, धार-बखूना (बखूना), घ्याण, तंरगाला व चडीयार को नई ग्राम सभा के गठन अथवा स्थापना करने का प्रस्ताव है।

### जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोलन की बैठक 9 मार्च को

**अनंत ज्ञान, सोलन।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी सोलन के सामान्य सदन की बैठक 9 मार्च को प्रातः 11.00 बजे उपायुक्त कार्यालय सोलन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी ज़िला रेडक्रॉस सोसयटी सोलन की सचिव नीरजा शर्मा ने दी।

### शंकर विद्या निकेतन स्कूल सराहां में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**अनंत ज्ञान, सराहां।** शंकर विद्या निकेतन पब्लिक हाई स्कूल सराहां में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय अध्यक्ष महेंद्र पाल नेहरू ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के द्वारा किए गए शोध और उनके द्वारा किए गए आविष्कारों के माध्यम से कार्यक्रम की शुरुआत की। उसके बाद विज्ञान अध्यापिका हर्षिता तोमर ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में सीवी रमन द्वारा किए गए रमन इफेक्ट के बारे में जानकारी दी। तदोपरांत कक्षावार विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें बच्चों द्वारा भाषण प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता, चार्ट मेकिंग तथा प्रसिद्ध वैज्ञानिकों के द्वारा विज्ञान के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए आविष्कार और उपलब्धि का वर्णन तथा कला अध्यापक अश्वनी सिंह की उपस्थिति में बच्चों द्वारा चार्ट मेकिंग की गई तथा बच्चों द्वारा मॉडल बनाकर तथा चित्रकला द्वारा अपनी प्रतिभा तथा अपनी तीक्ष्ण बुद्धि का परिचय बच्चों ने दिया।

### भाजपा लीगल सेल की नई टीम को नितिन गुप्ता ने सौंपी जिम्मेदारियां

**अनंत ज्ञान, नाहन।** भारतीय जनता पार्टी जिला सिरमौर लॉ एंड लीगल अफेयर्स डिपार्टमेंट की जिला कार्यकारिणी और मंडल संयोजकों की घोषणा कर दी गई है। जिला संयोजक लीगल सेल नितिन गुप्ता एडवोकेट ने सूची जारी करते हुए जिला स्तर पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी नाहन से ललित शर्मा को जिला सह-संयोजक, नाहन के वीर दमन राठौर को जिला सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। विपिन कुमार को जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। पांवटा साहिब के रविंद्र पुंडीर, नवनीत चौधरी और विनोद चौधरी को जिला सह-संयोजक बनाया गया है। राजगढ़ के मनीश को जिला सह-संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। श्री रेणुका जी के कपिल भारद्वाज और शिलाई के सुनील ठाकुर को भी जिला सह-संयोजक नियुक्त किया गया है। पांवटा साहिब मंडल में मंजीत चौधरी एडवोकेट को पांवटा साहिब मंडल का संयोजक, ज्ञान चौहान एडवोकेट को गिरिपार आंजभोज मंडल का संयोजक बनाया गया है। नाहन मंडल में अमित अत्री एडवोकेट को धारटी मंडल, ललित कुमार एडवोकेट को माता त्रिलोकपुर मंडल और गुरदीप एडवोकेट को माता कटासन मंडल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिलाई मंडल में बलबीर चौहान एडवोकेट को शिलाई मंडल तथा ओम दत्त शर्मा एडवोकेट को नेड़ा पार मंडल का संयोजन सौंपा गया है। श्री रेणुका जी मंडल में चमन लाल एडवोकेट, ब्रह्मानंद शर्मा एडवोकेट और हरीश राणा एडवोकेट को जिम्मेदारी दी गई है। पच्छाद मंडल में वैशाली ठाकुर एडवोकेट और अनिल शर्मा एडवोकेट को संयोजक बनाया गया है।

### चालक व परिचालक का स्वास्थ्य सड़क सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण : मनमोहन शर्मा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत सोमवार को निःशुल्क नेत्र जांच, सड़क सुरक्षा जागरूक नियम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने किया। मनमोहन शर्मा ने कहा कि चालक, परिचालक व अन्य कर्मियों का स्वास्थ्य सड़क सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूकता बढ़ाना और चालकों व परिचालकों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के विशेषज्ञों द्वारा बस, ट्रक, टैक्सी और ऑटो चालकों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। चालकों को लंबी दूरी की ड्राइविंग के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने के तरीके भी बताए गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सोलन कविता ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि विभाग का यह प्रयास भविष्य में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए लोगों को सड़क सुरक्षा के विषय पर अधिक से अधिक जागरूक किया जा सके।

# विकास ठप; टैक्स का बोझ, कांग्रेस ने प्रदेश को पीछे धकेला : बिंदल

## पंचायत चुनाव टालने की साजिश नाकाम, लोकतंत्र की हुई जीत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय नाहन में आयोजित भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ की जिला स्तरीय बैठक में भाग लिया। इस अवसर पर सांसद सुरेश कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता, प्रदेश संयोजक पंचायती राज विनोद ठाकुर, सह संयोजक अजय मेहता, जिला संयोजक विजेश गोयल, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान, जिला महामंत्री तपेन्दर शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय पुंडीर सहित संगठन के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बैठक में संगठनात्मक विषयों के साथ-साथ पंचायती राज से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और आगामी पंचायत चुनावों पर विस्तृत चर्चा एवं मंथन किया गया। डॉ. बिंदल ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार ने प्रदेश को विकास के मामले में अभूतपूर्व रूप से पीछे धकेला है। 'विकास कार्य ठप हैं, स्कूलों का मर्जर नहीं बल्कि बंदीकरण हो रहा है। यह मर्जर नहीं, शिक्षा व्यवस्था के लिए मर्ज है,'। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता में आते ही सरकार ने डीज़ल पर 7 प्रति लीटर टैक्स लगाकर लगभग 7000 करोड़ जनता की जेब से निकाल लिए। सीमेंट के दाम लगभग 100 प्रति बैग बढ़ाए गए, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन फीस में वृद्धि की गई और बिजली के बिलों में भारी बढ़ोतरी से आम जनता त्राहिमाम कर रही है।

प्रदेश अध्यक्ष ने राशन डिपुओं में राशन महंगा करने और कटौती करने के निर्णय की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि एंट्री टैक्स को कई गुना बढ़ाकर सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों और श्रद्धालुओं पर अतिरिक्त बोझ डाला गया है। 'कालाअंब से प्रवेश करने वाली गाड़ी जो पहले शून्य शुल्क में आती थी, अब 170 देकर आएगी। माता बाला सुंदरी, नैना देवी, चिंतपूर्णी, कांगड़ा, ज्वाला जी और चामुंडा मंदिरों में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को अब दर्शन से पहले टैक्स चुकाना पड़ेगा, जबकि सड़कों की हालत बदतर है।

उन्होंने उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यायालय के हस्तक्षेप से 30 मई तक पंचायत चुनाव संपन्न कराने के निर्देश लोकतंत्र की जीत है। डॉ. बिंदल ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग में काम करने के लिए विभिन्न प्रकोष्ठों के माध्यम से संगठन को मजबूत कर रही है। पंचायती राज प्रकोष्ठ के माध्यम से गांव-गांव तक संगठन को सशक्त किया जाएगा और आगामी चुनावों के लिए कार्यकर्ताओं को तैयार किया जाएगा।

## सरकार ने सरकारी पैसे का दुरुपयोग कर प्रदेश को किया कंगाल : मेला राम

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला के भाजपा नेताओं ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार पर सरकारी पैसे की बंदर बांट कर प्रदेश को कंगाल करने का आरोप लगाया है। जिला प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलवीर ठाकुर और जिला भाजपा महासचिव रणवीर ठाकुर ने कहा की हिमाचल प्रदेश की सरकार ने पिछले तीन वर्षों में 40 से 50 हजार करोड़ रुपए के ऋण लेकर भी राज्य की जनता को विकास के नाम पर ठेंगा दिखाया है। उन्होंने कहा कि हिमाचल के इतिहास में सुक्खू सरकार के साढ़े 3 साल प्रदेश को विकास के मामले में बर्बाद करने के लिए स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाएंगे।

भाजपा नेताओं ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में आजीवन सरकारी सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए पेंशनरों की देनदारियां अभी तक लंबित है। उन्होंने कहा कि इस इतनी अधिक संवेदनहीन सरकार आज तक हिमाचल प्रदेश के इतिहास में पहली बार सत्ता में आई है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में विकास ठप पड़ा है। विभिन्न विभागों के सरकारी दफ्तर में स्टाफ की कमी के कारण कामकाज ठप पड़ा है।

### प्रदेश के सभी किसान परिवारों को मिले पांच बीघा भूमि

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल किसान सभा जिला सिरमौर का 11वां जिला सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर माकपा नेता, पूर्व विधायक और हिमाचल किसान सभा के राज्य महासचिव राकेश सिंघा ने प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित संघर्ष को तेज करना आवश्यक है। जिला महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने पिछले तीन वर्षों की संगठनात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सम्मेलन में नई जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिनमें 29 सदस्यीय नई जिला कमेटी का गठन किया गया। सम्मेलन में सभी किसान परिवारों को 5 बीघा भूमि देने की मांग की गई।

## हिमाचल मोटर चालक संघ ने की पीड़ित परिवार की मदद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** हिमाचल मोटर चालक संघ शाखा दाड़लाघाट के सदस्य जिला मंडी की तहसील बगस्याड़ के गांव अरनोट पहुंचे, जहां हाल ही में संघ के सदस्य स्व. रमेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश का हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया था। दिवंगत चालक साथी के परिवार की सहायता हेतु हिमाचल मोटर चालक संघ शाखा दाड़लाघाट के सदस्यों द्वारा आपसी सहयोग से आर्थिक सहायता राशि एकत्रित की गई थी, जिसे आज संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उनके पैतृक गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार को सौंपा। संगठन पदाधिकारियों ने प्रदेश के सभी चालक साथियों से हिमाचल मोटर चालक संघ को मजबूत एवं सुदृढ़ बनाने के लिए सदस्यता ग्रहण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संघ प्रदेशभर में चालकों के साथ हो रहे अन्याय एवं उनकी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# पुलिस महिला आरक्षी नेहा का ड्यूटी के दौरान निधन

अनंत ज्ञान

**राजगढ़।** बिलासपुर के पुलिस रिजर्व बटालियन बस्सी में सेवारत राजगढ़ क्षेत्र की बेटी नेहा का बीते रोज मेडिकल कॉलेज टांडा में असमायिक निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को राजगढ़ के समीप पैतृक गांव मनौण के फागू नाला में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी गई। नेहा के पिता कमल दत्त शर्मा और उनकी माता निशा शर्मा पर दु:ख का पहाड़ टूट गया है। नेहा के छोटे भाई अभय शर्मा ने अपनी बड़ी बहन को मुखग्नि दी। नेहा का बीते वर्ष पुलिस विभाग में बतौर महिला आरक्षी के पद पर चयन हुआ था और बीते एक माह से पुलिस रिजर्व बटालियन बस्सी बिलासपुर में कार्यरत थी। ड्यूटी के दौरान नेहा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज टांडा कांगड़ा ले जाया गया। जहां उपचार के दौरान अल्सर की समस्या के चलते उनका निधन हो गया।



◆ **राजकीय सम्मान के साथ सैकड़ों लोगों ने दी नम आंखों से अंतिम विदाई**

डीएसपी राजगढ़ वीसी नेगी, डीएसपी बस्सी योगेश दत्त जोशी और पीटीसी डरोह के डीएसपी तिलक राज शांडिल अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस विभाग की ओर से दिवंगत महिला आरक्षी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

**सौगात** — कंडाघाट उपमंडल में 45.93 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

# आयुर्वेद हमारी प्राचीन धरोहर : डॉ. शांडिल

अनंत ज्ञान

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि आयुर्वेद हमारी प्राचीन धरोहर है। यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है। डॉ. शांडिल गत दिवस ग्राम पंचायत सतडोल में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने इससे पूर्व कंडाघाट उपमंडल की ग्राम पंचायत सतडोल में 37 लाख 18 हजार रुपए से नवनिर्मित आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र भवन तथा 8 लाख 75 हजार से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र भवन सतडोल का लोकार्पण किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन में 2 आयुर्वेदिक अस्पताल, 2 होम्योपैथिक अस्पताल सोलन व नालागढ़ में तथा 82 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि आयुष विभाग जिला में स्थापित इन सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में रोगियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है। डॉ. शांडिल ने कहा कि आधुनिक समय में आयुर्वेद पद्धति का महत्व बढ़ रहा है। आयुर्वेद के माध्यम से रोग का समूल नाश किया जा सकता है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य स्तरीय अभियान के अंतर्गत आगामी 3 माह के भीतर 14 वर्ष की आयु की 65,000 लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और दूरगामी सोच का परिणाम है और इस अभियान को मेडिकल अधिकारियों की देखरेख में चलाया जाएगा। सोलन में वर्तमान में आईसीडीएस के तहत 1281 आंगनवाड़ी केंद्रों एवं मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6,13,173 लोगों को लाभान्वित किया जा रहा है।



धातृ महिलाओं को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल शांडिल अनंत ज्ञान

स्वास्थ्य मंत्री ने सामुदायिक भवन सतडोल में दूसरी मंजिल में भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपए देने की घोषणा की तथा अन्य मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूर्ण करने का आश्वासन दिया। स्वास्थ्य मंत्री ने इस अवसर पर नवजात कन्याओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने जन समस्याएं भी सुनी तथा प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए।

# होली से पहले महिलाओं और बेटियों को बड़ी सौगात

## राष्ट्रपति ने दिल्ली सरकार की चार कल्याणकारी योजनाओं को किया लॉन्च, बेटियां बनेंगी लखपति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने इंदिरा गांधी स्टेडियम में दिल्ली सरकार की चार महिला-केंद्रित कल्याणकारी योजनाओं को लॉन्च किया। इसमें दिल्ली लखपति बिटिया योजना, मेरी पूंजी मेरा अधिकार योजान, फ्री एलपीटी सिलेंडर स्कीम, मुफ्त बस यात्रा के लिए सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड शामिल हैं।

दिल्ली की लाखों महिलाओं और बेटियों को होली से पहले विशेष सौगात है। इस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा 'सशक्त नारी, समृद्ध दिल्ली' कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रपति ने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। सैनिक के रूप में वे देश की सीमाओं की रक्षा कर रही हैं। वैज्ञानिक के रूप में प्रयोगशालाओं में शोध कर रही हैं। खेल प्रतिस्पर्धाओं में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का तिरंगा लहरा रही हैं। राजनीति, समाजसेवा, प्रशासन तथा व्यापार जगत- सभी क्षेत्रों में महिलाएं नई ऊंचाइयां छू रही हैं। महिलाओं को शिक्षित बनाना, उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और उनको प्रोत्साहन देना सबका कर्तव्य है। (अनंत ज्ञान)



### पिंक कार्ड: महिलाओं के लिए मुफ्त बस सफर

- दिल्ली निवासी महिलाओं को डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा मिलेगी
- एक ही स्मार्ट कार्ड से मेट्रो और आरआरटीएस में सशुल्क सफर
- ब्लू कार्ड सामान्य यात्रियों के लिए, ऑरेंज कार्ड मासिक पास वालों के लिए
- करीब 50 केंद्रों पर कार्ड जारी होंगे
- आधार और मोबाइल से लिंक होगा, डुप्लिकेशन पर रोक लगेगी
- टच-फ्री डिजिटल रिकॉर्ड, नकद लेन-देन में कमी आएगी
- पिंक कार्ड से महिलाओं को शिक्षा, नौकरी और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी

### दिल्ली लखपति बिटिया योजना

- पुरानी लाडली योजना का विस्तारित रूप
- अब विभिन्न चरणों में कुल 56,000 रुपए बालिका के नाम जमा होंगे
- 21 वर्ष की आयु तक ब्याज सहित राशि 1 लाख रुपये से अधिक होने की उम्मीद
- शर्तः परिवार की सालाना आय 1.20 लाख रुपये से कम हो, पिछले तीन साल से दिल्ली की निवासी, जन्म दिल्ली में हुआ हो
- लाभ प्रति परिवार दो बेटियों को मिलेगा
- राशि स्नातक या व्यावसायिक डिप्लोमा जैसी पढ़ाई पूरी करने की शर्त पर मिलेगी

### पूरी प्रक्रिया डिजिटल, पैसा सीधे खाते में

- मेरी पूंजी मेरा अधिकार (लाडली परिपक्वता भुगतान)
- 40,642 पात्र लाभार्थियों को 100.25 करोड़ रुपए डीबीटी से मिलेंगे
- कई वर्षों से लंबित परिपक्वता राशि अब सीधे खातों में जाएगी
- अर्जित ब्याज सहित भुगतान होगा

### दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर

- होली और दिवाली पर हर साल दो मुफ्त सिलेंडर
- करीब 15.50 लाख राशन कार्ड धारक परिवारों को लाभ
- सिलेंडर की मौजूदा कीमत के बराबर राशि परिवार के मुखिया के आधार-लिंक्ड खाते में पहुंचेगी

# पाक में अमेरिकी दूतावास पर वीजा सेवाएं स्थगित

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि लाहौर और कराची में जारी प्रदर्शन और हिंसा, साथ ही इस्लामाबाद और पेशावर में अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी कर्मचारियों को सीमित गतिविधि और घर पर रहने का निर्देश दिया गया है।

सुरक्षा चेतावनी में अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचार पर नजर रखने, भीड़ से दूर रहने, अपने आसपास सतर्क रहने और अपने स्टेप रजिस्ट्रेशन को अपडेट रखने की सलाह दी गई है। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि कराची और लाहौर के वाणिज्य दूतावास, तथा इस्लामाबाद अमेरिकी दूतावास में 2 मार्च के सभी वीजा अपॉइंटमेंट और

### ◆ हिंसक प्रदर्शन के चलते सुरक्षा अलर्ट जारी

अमेरिकी नागरिक सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके बाद एक अमेरिकी रूढ़िवादी (कंजरवेटिव) कार्यकर्ता ने अमेरिका के विदेश विभाग से मांग की है कि पाकिस्तानियों के सभी वीजा, यहां तक कि ग्रीन कार्ड भी रद्द कर दिए जाएं। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री मार्को रुबियो को टैग करते हुए लिखा 'अमेरिकी विदेश विभाग को पाकिस्तानियों के सभी वीजा और ग्रीन कार्ड भी जब तक संभव हो, निलंबित कर देने चाहिए।' उनकी यह मांग कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास परिसर के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बाद आई है। (अनंत ज्ञान)

# उन्नाव में एक्सप्रेसवे पर खड़े ट्रक से टकराई बस, 3 यात्रियों की मौत, 31 घायल

**एजेंसी, उन्नाव।** लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सिरधरपुर और देवखरी गांव के पास मथुरा और आगर डिपो की दो रोडवेज बसें एक ही ट्रक में भीड़ गईं। हादसे में तीन यात्रियों की मौत हो गई जबकि दोनों बसों के 31 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को बांगरमऊ सीएचसी भेजा। वहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दोनों घटनाएं चालक को झपकी आने से बताई जा रही हैं। पुलिस रोडवेज बस हटवाने के बाद रात्रि 2:30 बजे क्षतिग्रस्त ट्रक को प्रीतमपुरा चौकी ले जाया जा रहा था, तभी आगरा फोर्ट की ही दूसरी रोडवेज बस इस ट्रक में पीछे से टकरा गई। हादसे में तीन सवारियों की मौत हो गई, उसमें बैठी 17 सवारियां घायल हो गईं। फिर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायलों को स्वास्थ्य केंद्र लाई। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों बसों के घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 1048 अंक गिरा निफ्टी भी 313 अंक लुढ़का




**एजेंसी, मुंबई**

**अमेरिका**-इसराइल और ईरान जंग के चलते भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को गिरावट रही। सेंसेक्स 1048 अंक (1.29%) गिरावट के साथ 80,239 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 313 अंकों (1.24%) की गिरावट रही, ये 24,866 के स्तर पर आ गया। जियोपॉलिटिकल तनाव और जंग जैसी स्थिति में महंगाई बढ़ने का खतरा रहता है। इससे कंपनियों का मुनाफा कम हो सकता है। ऐसे में निवेशक उनके शेयर बेचना शुरू कर देते हैं और इसे सोने-चांदी जैसी सुरक्षित जगह निवेश करते हैं। इससे बाजार में गिरावट आती है। पाकिस्तान का कराची 30 इंडेक्स 9.73% गिरकर 46,326 पर बंद हुआ।
जापान का निक्केई इंडेक्स 1.35% गिरकर 58,057 पर बंद हुआ। हांगकांग का हैंगसेंग इंडेक्स 2.14% गिरकर 26,059 पर बंद हुआ। चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.47% चढ़कर 4,182 पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिका-ईरान जंग से सोना 7000 रुपए महंगा

## 10 ग्राम सोने की कीमत 1.66 लाख, चांदी भी 20,000 रुपए बढ़कर 2.87 लाख पर पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**अमेरिका**-इसराइल और ईरान जंग के चलते सोने व चांदी के दाम में सोमवार को बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 7 हजार रुपए बढ़कर 1.66 लाख रुपए पहुंच गया है। इससे पहले इसकी कीमत 1.59 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, एक किलो चांदी 20 हजार रुपए बढ़कर 2.87 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले इसकी कीमत 2.67 लाख रुपए प्रति किलो थी। कमोडिटी एक्सपर्ट अजय केडिया के मुताबिक सोना 1.90 लाख रुपए तक जा सकता है।



चांदी 3.50 लाख तक पहुंच सकती है। युद्ध जैसे अनिश्चित माहौल में निवेशक सोने को सुरक्षित मानते हैं और इसमें पैसा लगाने लगते हैं। इससे इसकी डिमांड बढ़ती है और ये महंगे होने लगते हैं। सोना व चांद के दामों में इजाफा होने के तीन कारण माने जा रहे हैं। मिडिल ईस्ट में अमेरिका-ईरान जंग और रूस-यूक्रेन वार्ता फेल होने से असुरक्षा का माहौल है। लोग गोल्ड में पैसा लगा रहे हैं। अमेरिकी फेड से इस साल ब्याज दरें घटाने के संकेत दिए हैं।

दरें कम होने पर गोल्ड जैसी चीजों की डिमांड बढ़ जाती है। पिछले दिनों दोनों मेटल्स में बड़ी गिरावट के बाद दाम आकर्षक हो गए। निवेशक और ज्वेलर्स ने सस्ते में खरीदना शुरू कर दिया। सोना इस साल 33,000 रुपए और चांदी 56,000 रुपए महंगी इस साल सोने-चांदी की कीमत में तेजी देखने को मिली है। बीते साल के आखिर में सोना 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 1.66 लाख रुपए पर पहुंच गया है। यानी इसकी कीमत इस साल अब तक 56 हजार बढ़ चुकी है। वहीं चांदी भी इस दौरान 61 हजार रुपए महंगी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### एआई शिखर सम्मेलन में विरोध प्रदर्शन मामला

# अदालत ने युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को दी जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** की एक अदालत ने 'एआई शिखर सम्मेलन' के दौरान कमीज उतारकर किए गए विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार युवा कांग्रेस के नौ कार्यकर्ताओं को जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन प्रतीकात्मक रूप से राजनीतिक आलोचना था और मुकदमे की सुनवाई से पहले हिरासत में रखा जाना 'अवैध तरीके से पहले ही सजा दिए जाने' के समान होगा।

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी रवि ने रविवार को नौ आरोपी कृष्ण हरि, नरसिम्हा यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान ज्यादा से ज्यादा एक प्रतीकात्मक राजनीतिक आलोचना का रूप था: नेतृत्व की तस्वीर वाली कमीज, सांप्रदायिक या क्षेत्रीय रंग से रहित गैर-भड़काऊ नारे और अस्थायी सभा थी। कोई सबूत यह नहीं बताते कि किसी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया गया, या प्रतिनिधियों में डर फैलाया गया; लोग सुरक्षित बाहर निकले। इसने कहा कि बगैर जरूरी कारण मुकदमे की सुनवाई शुरू होने से पहले ही हिरासत में रखा जाना दोषसिद्धि से पहले ही अवैध तरीके से सजा देने के बराबर हो सकता है। जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए दिल्ली पुलिस ने कहा कि संविधान शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का अधिकार देता है, लेकिन इसके लिए कुछ शर्तें भी हैं। (अनंत ज्ञान)

# म्यांमार की सैन्य सरकार ने 10 हजार से अधिक कैदियों को दी माफी

**एजेंसी, बैंकॉक।** म्यांमार के सैन्य शासन प्रमुख ने 10,000 से अधिक कैदियों को माफी दी है और अन्य की सजा में कटौती की है। हालांकि, 2021 के सैन्य तख्तापलट में सत्ता से बेदखल की गईं पूर्व नेता आंग सान सू की की रिहाई का कोई संकेत नहीं है। सू की को तब से लगभग पूरी तरह बाहरी संपर्क से दूर रखा गया है। यह माफी संसद के पांच साल से अधिक समय बाद होने जा रहे पहले सत्र से करीब दो सप्ताह पहले दी गई है। हालिया चुनाव के बाद यह सत्र आहूत किया गया। हालांकि, आलोचकों ने कहा था ये चुनाव न तो पारदर्शी थे और न ही निष्पक्ष। सरकारी टेलीविजन 'एमआरटीवी' की खबर के मुताबिक, सैन्य शासन प्रमुख सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने किसानों के सम्मान में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय अवकाश 'किसान दिवस' पर 10,162 कैदियों को माफ किया, जिनमें से 7,337 कैदी आतंकवाद रोधी कानून के तहत दोषी ठहराए थे। मुकदमों का सामना कर रहे या या छिपे 12,487 लोगों को माफी दी जाएगी और उनके खिलाफ उकसावे से जुड़े मामले बंद किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग और डीप-टैक इनोवेशन में अग्रदूतों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** बेंगलुरु में लीला भारतीय सिटी कन्वेंशन सेंटर में संपन्न आईईएसए विजन समिट 2026 के दौरान आईईएसए टेक्नोवेशन अवार्ड्स दिए गए। ये भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग (ईएसडीएम) और सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री में सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं।

इंडस्ट्री, सरकार, स्टार्ट अप और शिक्षा जगत के सबसे तेज दिमागों को एक साथ लाते हुए, दो दिन के इस समिट -जिसकी थीम थी 'डिज़ाइन टू मैन्युफैक्चरिंग: सिनर्जी ऑफ प्रोडक्ट, प्रोडक्शन एंड स्किल'- ने भारत के प्रोडक्ट नेशन बनने के सपने में एक अहम बदलाव का संकेत दिया। भारत के सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स ईकोसिस्टम को मजबूत करने में उनके शानदार योगदान के लिए इस साल के टेक्नोवेशन अवॉर्ड विजेताओं को बधाई देते हुए आईईएसए के प्रेसिडेंट श्री अशोक चांडक ने कहा विजेताओं की उपलब्धियां नवोन्मेष की गहराई, उद्यमिता की भावना और कार्यान्वयन की उत्कृष्ट क्षमता दर्शाती हैं, जो भारतीय प्रौद्योगिकी के भविष्य को आकार दे रही हैं। सेमीकंडक्टर और ईएसडीएम वैल्यू चेन में बेहतरीन प्रदर्शन को प्रकाश में लाकर ये पुरस्कार भारत में टेक्नोलॉजी लीडरशिप और ईकोसिस्टम पर असर के लिए नए मानक स्थापित सेट करते रहेंगे। उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ सालों में, टेक्नोवेशन अवाड्र्स भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग में तेज़ी से हो रहे बदलाव के साथ-साथ आगे बढ़े हैं। अब इन श्रेणियों में स्टार्टअप्स, सूक्ष्म-लघु-मध्यम उद्यम, ऐंटरप्राइज और सर्विसेज, टेक्नो-विज़नरी लीडर, और स्किलिंग व एकेडेमिया शामिल हैं - जो इनोवेशन, मैन्युफैक्चरिंग ताकत, ग्लोबल डिलीवरी क्षमता और प्रतिभा विकास के पूरे विस्तार को दिखाते हैं जो हमारे ईकोसिस्टम को परिभाषित करते हैं।

पुरस्कारों के इस 2026 संस्करण को एप्लाइड मैटेरियल्स और इनफिनियॉन ने सपोर्ट किया, जिसने इनोवेशन और ईकोसिस्टम विकास हेतु उद्योग के मजबूत समर्थन को जाहिर किया।

# आरबीयू में रंगों व उत्साह के साथ मनाया होली का उत्सव

**अनंत ज्ञान**



**गुरनाम सागर, मोहाली।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी के परिसर में रंगों का त्योहार होली बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों और फैकल्टी सदस्यों ने एकजुट होकर इस पर्व को रंग-बिरंगे और यादगार अंदाज में मनाया।

यूनिवर्सिटी के मुख्य लॉन में आयोजित समारोह के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। डीजे की धुनों पर छात्र-छात्राएं खुशी से झूमते और नृत्य करते रहे तथा एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उत्साहित विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों को भी रंग लगाकर उत्सव की रौनक को और बढ़ाया। सुरक्षा एवं पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय की ओर से सुरक्षित एवं जैविक हर्बल रंगों की व्यवस्था की गई, ताकि होली का त्योहार आनंद के साथ-साथ स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से मनाया जा सके। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर एवं रयात बाहरा ग्रुप के चेयरमैन श्री गुरविंदर सिंह बाहरा ने अपने संदेश में कहा कि होली हमें बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देती है तथा आपसी प्रेम, भाईचारे और एकता को सुदृढ़ बनाती है। उन्होंने समस्त विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी को सामाजिक सौहार्द एवं खुशी की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। ग्रुप के वाइस चेयरमैन गुरिंदर सिंह बाहरा और वाइस चांसलर प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को बधाई दी और उन्हें नए उत्साह और आशावाद के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन उल्लासपूर्ण और आनंदमय वातावरण में हुआ, जिसने सभी उपस्थित विद्यार्थियों के लिए रंगों, संगीत और सामूहिक खुशियों की अविस्मरणीय यादें छोड़ दीं।

# नशों के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति को जनता के सहयोग से जन आंदोलन में बदला गया: मान

**अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'युद्ध नशों विरुद्ध' मुहिम का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने पर पंजाब के लोगों को बधाई दी और इसे राज्य को नशों के खतरे से मुक्त करने की दिशा में एक निर्णायक और ऐतिहासिक अभियान बताया।

पंजाब सरकार द्वारा शुरू किए गए इस जन आंदोलन की पहली वर्षगांठ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने पंजाब में नशों के खिलाफ लड़ाई की दिशा को पूरी तरह बदल दिया है और नशा आपूर्ति के नेटवर्क को सख्ती से समाप्त किया गया है। एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा, 'युद्ध नशों विरुद्ध मुहिम पंजाब में ड्रग नेटवर्क के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई रही है। पिछली सरकारों ने ड्रग व्यापार को संरक्षण दिया, जिससे राज्य की कई पीढ़ियां बर्बाद हो गईं। दूसरी ओर, पंजाब सरकार ने नशों की सप्लाई लाइन तोड़कर और इस घिनौने अपराध में शामिल बड़ी मछलियों को सलाखों के पीछे भेजकर नशे के कारोबार की रीढ़ की हड्डी तोड़ दी है। इस मुहिम के प्रभाव और व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशों के खिलाफ इस मुहिम को आम लोगों के सक्रिय सहयोग से एक जन आंदोलन में बदलने के लिए व्यापक और बहुआयामी रणनीति अपनाई गई। उन्होंने बताया कि मार्च 2025 से फरवरी 2026 तक नशों के खतरे के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति लागू की गई। इस मुहिम के अंतर्गत की गई कार्रवाई का विवरण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा तस्करों के खिलाफ कुल 36,178 एफआईआर दर्ज की गईं और 51,648 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त 2,277 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई तथा 49 लाख से अधिक नशीली गोलियां और कैप्सूल बरामद किए गए। नशा तस्करों से 16.70 करोड़ रुपए की ड्रग मनी बरामद की गई है और तस्करों से संबंधित करोड़ों रुपए की संपत्तियां जब्त या ध्वस्त की गई हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत कुल सजा दर लगभग 84 प्रतिशत रही है, जो निरंतर सुधार के साथ वर्ष 2025 में लगभग 88 प्रतिशत तक पहुंच गई है। यह मजबूत केस तैयारी और फॉरेंसिक सहयोग का प्रमाण है। पिछली सरकारों के विपरीत वर्तमान सरकार नशा पीड़ितों की लाशों और चिताओं की कीमत पर तस्करों को फलने-फूलने नहीं देगी।

# महिला दिवस पर मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान

**अनंत ज्ञान, मोहाली।** शैल्बी अस्पताल, मोहाली में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुफ्त एचपीवी (ह्यूमन पेपिलोमावायरस) टीकाकरण अभियान आयोजित किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य युवा लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाना है, जो भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है और हर साल लगभग 90,000 महिलाओं की जान ले लेता है। ऑन्को सर्जन डॉ. अश्वनी कुमार सचदेवा ने बताया कि भारत में हर 8 मिनट में एक महिला सर्वाइकल कैंसर से मृत्यु के शिकार होती है। कंसलटेंट गाइनेकोलॉजी डॉ. अरविंदर कौर हीर ने कहा कि एकल-खुराक एचपीवी टीकाकरण, एचपीवी 16 और 18 संक्रमण के जोखिम को लगभग 90 प्रतिशत तक कम कर सकता है और 20 वर्षों में उच्च जोखिम वाले संक्रमण के प्रसार को 49 प्रतिशत तक घटा सकता है। डब्ल्यूएचओ की सिफारिश अनुसार प्राथमिक लक्षित समूह 9-14 वर्ष की लड़कियां हैं।

### आयोजन वन व वन्यजीव विभाग यूटी चंडीगढ़ ने स्कूल परिसरों के पेड़ों के लिए तकनीकी कार्यशाला की आयोजित

# पेड़ों के शारीरिक व संरचनात्मक क्षरण के संकेतकों की पहचान पर दिया बल

**अनंत ज्ञान**




**चंडीगढ़।** वन एवं वन्यजीव विभाग, यूटी चंडीगढ़ द्वारा स्कूल परिसरों में स्थित मृत, खतरनाक एवं खोखले पेड़ों की वैज्ञानिक पहचान तथा जोखिम मूल्यांकन के संबंध में एक तकनीकी कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक पहचान तंत्र को सुदृढ़ करना तथा संस्थागत स्तर पर पेड़ों के व्यवस्थित जोखिम आकलन की क्षमता विकसित करना था, ताकि तेज हवाओं, भारी वर्षा एवं अत्यधिक मौसमीय परिस्थितियों के दौरान पेड़ों के गिरने की घटनाओं की रोकथाम की जा सके। विचार-विमर्श के दौरान वृक्ष-विज्ञान आधारित आकलन तकनीकों, संरचनात्मक दोषों की पहचान तथा विजुअल ट्री असेसमेंट पद्धति पर विस्तार से चर्चा की गई। तकनीकी सत्र में पेड़ों के शारीरिक एवं संरचनात्मक क्षरण के संकेतकों की पहचान पर विशेष बल दिया गया, जिनमें छत्रभाग (क्राउन) का सूखना, छाल का अलग होना, कवकीय वृद्धि (फंगल फ्रूटिंग बॉडी) की उपस्थिति, तनों में गुहाएं (कैविटी), दरारें, जड़-तंत्र की अस्थिरता तथा असामान्य झुकाव शामिल हैं।

प्रतिभागियों को मृत शाखाओं एवं संरचनात्मक रूप से कमजोर शाखाओं के बीच अंतर स्पष्ट करने तथा बाहरी दृश्य संकेतों के आधार पर खोखले तनों एवं आंतरिक सड़न का आकलन करने का प्रशिक्षण दिया गया। वृक्ष की स्थिरता का मूल्यांकन करते समय भार वितरण, छत्र संतुलन एवं जड़ों की पकड़ (रूट एंकरिज) को समझने पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, व्यवस्थित दस्तावेजीकरण, समयबद्ध रिपोर्टिंग तथा संबंधित विभागों के साथ समन्वय के प्रोटोकॉल पर चर्चा की गई, ताकि आवश्यकता अनुसार छंटाई, केबलिंग, ब्रेसिंग अथवा पेड़ों को हटाने जैसे शमनात्मक उपाय समय पर किए जा सकें। कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षकों ने भाग लिया। उन्हें अपने-अपने संस्थानों में आंतरिक निगरानी तंत्र विकसित करने तथा परिसर प्रबंधन योजना में नियमित वृक्ष स्वास्थ्य ऑडिट को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

तकनीकी सत्र प्रोफेसर सतीश नरूला, सेवानिवृत्त प्रोफेसर (उद्यानिकी) द्वारा संचालित किया गया, जिन्होंने शहरी पेड़ों को प्रभावित करने वाले जैविक एवं अजैविक तनाव कारकों के निदानात्मक संकेतकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। मेजर जनरल बेवली (सेवानिवृत्त) ने सभा को संबोधित करते हुए तैयारी, संरचित निरीक्षण कार्यक्रम एवं समन्वित आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि संभावित जोखिमों को न्यूनतम किया जा सके।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुप कुमार सोनी, वन संरक्षक, यूटी चंडीगढ़ ने की। अभियांत्रिकी विभाग के उद्यानिकी प्रकोष्ठ तथा नगर निगम के अधिकारियों ने भी भाग लिया, जिससे शहरी वृक्ष जोखिम प्रबंधन एवं जन-सुरक्षा के क्षेत्र में अंतर्विभागीय समन्वय की महत्ता पर बल मिला। विभाग ने चंडीगढ़ में वैज्ञानिक शहरी वानिकी प्रथाओं को बढ़ावा देने, जोखिम न्यूनीकरण सुनिश्चित करने तथा जन-सुरक्षा के साथ-साथ हरित संपदा के संरक्षण हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# मुकुल सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट व मेहुल बनी सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट

**अनंत ज्ञान**

**गुरनाम सागर, मोहाली।** सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली के परिसर में 'स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज' द्वारा आयोजित तीन दिवसीय '9वीं वार्षिक खेल मीट 2026' खेलों के एक अनूठे संगम के साथ संपन्न हुई। इस आयोजन ने विश्वविद्यालय के छात्रों व शिक्षकों को एक परिवार के रूप में जोड़ते हुए युवाओं की ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया।

खेल मीट की शुरुआत एक भव्य 'मार्च पास्ट' से हुई, जिसने पूरे परिसर में अनुशासन और जीत का जज्बा भर दिया। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवॉर्डी और भारतीय तीरंदाजी टीम के कोच जीवनजोत सिंह तेजा, निदेशक प्रशिक्षण एवं पाठ्यक्रम, पंजाब ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और खिलाड़ियों को बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया। उनके साथ विनीत कुमार, डिप्टी डायरेक्टर जनरल, भारतीय खेल प्राधिकरण, पटियाला व सरप्रीत सिंह नेशनल साइक्लिंग चैंपियन ने भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई और खेल नैतिकता पर जोर दिया। खेलों के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबीकूद, ऊंचीकूद, शॉटपुट और जेवलिन थ्रो जैसे कड़े मुकाबले हुए।




छात्रों में मुकुल को सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट और मेहुल बिष्ट को सर्वश्रेष्ठ महिला एथलीट घोषित किया गया। वर्ष 2025-26 के लिए लक्ष्य जिंदल और जागृति तिवारी को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी (पुरुष और महिला) के खिताब से नवाजा गया। रिले दौड़ और मिक्स्ड रिले इवेंट्स आकर्षण का केंद्र रहे, जहाँ टीम वर्क और तालमेल का बेहतरीन नमूना पेश किया गया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना और उनमें फिटनेस और अनुशासन पैदा करना है। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### ब्लू गॉड एंटरटेनमेंट' ने 49 करोड़ में किया 'एलएलसी' का अधिग्रहण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 'ब्लू गॉड इंटरटेनमेंट लिमिटेड' ने 'लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी)' का अधिग्रहण 49 करोड़ रूपये में कर लिया है। यह जानकारी सोमवार को 'एब्सोल्यूट लीजेंड्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' ने दी। इसके साथ ही यह पहली क्रिकेट लीग बन गई है जिसका प्रतिनिधित्व एक सूचीबद्ध भारतीय कंपनी के माध्यम से किया जाएगा। यह सौदा लीग को खेल, मनोरंजन और पूंजी बाजार के एकीकरण के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। 'एब्सोल्यूट लीजेंड्स स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड' के चेयरमैन विवेक खुशालानी ने कहा, 'लीजेंड्स लीग क्रिकेट' को मजबूत व्यावसायिक बुनियाद और इसे प्रशंसकों की लगातार बढ़ती भागीदारी के साथ वैश्विक स्तर पर विस्तार योग्य खेल संपत्ति के रूप में तैयार किया गया है। यह साझेदारी इसके विकास के अगले चरण का प्रतिनिधित्व करती है, जिससे संस्थागत पूंजी, दीर्घकालिक वृद्धि की स्पष्टता और लीग के लिए वैश्विक विस्तार के बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे।' समझौते के तहत 'ब्लू गॉड एंटरटेनमेंट' मीडिया, प्रायोजन, फ्रेंचाइज़ी विकास और वैश्विक कंटेंट वितरण सहित दीर्घकालिक वाणिज्यिक अधिकार अपने पास रखेगी। (अनंत ज्ञान)

### एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रही दीक्षा डागर

**एजेंसी, वोलोंगोंग।** एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर यहां महिला एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रहीं। दीक्षा ने पहले दौर में छह ओवर 77 का स्कोर बनाया था और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बाद हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतिम दौर में 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा। फ्रांस की खिलाड़ी अगाथे लैस्ने ने खिताब जीता। उन्होंने 16 अंडर के कुल स्कोर के साथ थाईलैंड की एप्रिल अंगुरसारानी और कोरिया की सूमिन ओह पर एक शॉट से जीत हासिल की। खराब मौसम से प्रभावित इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य तीन भारतीय खिलाड़ी हिताशी बख्शी, प्रणवी उर्स और अवनी प्रशांत कट में जगह बनाने से चूक गईं थी। (अनंत ज्ञान)

### अमरिका-इसराइल के हमलों के बीच ईरान से सुरक्षित निकले मुनिर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व बार्सिलोना स्टार मुनिर एल हद्दादी ने पुष्टि की है कि अमेरिका और इसराइल द्वारा ईरान पर किए गए हवाई हमलों के बीच वह सुरक्षित रूप से देश छोड़कर निकल चुके हैं। मोरक्को के फॉरवर्ड मुनिर एल हद्दादी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर स्पेनिश में लिखा कि ईरान में मेरी स्थिति को लेकर आपके संदेशों और चिंता के लिए मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। कल देश को हवाई मार्ग से छोड़ने की योजना थी, लेकिन अंत में हमें विमान से उतार दिया गया और उड़ान नहीं भर सके। मुनिर एल हद्दादी सितंबर 2025 में स्पेनिश क्लब सीडी लेगानेस से ईरानी क्लब एस्तेग़लाल एफसी से जुड़े थे। उन्होंने बताया कि मौजूदा क्लब ने उनकी सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की। उन्होंने लिखा, 'क्लब ने मुझे सड़क मार्ग से देश छोड़ने के लिए कार उपलब्ध कराई, जिसकी मदद से मैं बिना किसी समस्या के सीमा पार कर सका। फिलहाल मैं तुर्की में सुरक्षित हूं और अगले कुछ घंटों में स्पेन पहुंच जाऊंगा। आप सभी की दयालुता के लिए धन्यवाद। ला मासिया अकादमी से निकले मुनिर एल हद्दादी ने एफसी बार्सिलोना के लिए चार सत्र खेले। इस दौरान उन्होंने तीन ला लीगा खिताब और 2015 में यूईएफए चैंपियंस लीग का खिताब जीता। (अनंत ज्ञान)

### किम सेई-यंग की खूबसूरती बेमिसाल

**किम** सेई-यंग एक दक्षिण कोरियाई पेशेवर गोल्फर हैं। किम एलपीजीए ऑफ कोरिया टूर और एलपीजीए टूर में खेलती हैं। उन्होंने एलपीजीए ऑफ कोरिया टूर पर पांच बार और एलपीजीए टूर पर बारह बार जीत हासिल की है। इन्हें 2020 एलपीजीए प्लेयर ऑफ द ईयर भी चुना गया।




# टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने अपना सबसे बड़ा रनचेज किया

## टारगेट का पीछा करते हुए संजू ने भारत की ओर से खेली सबसे बड़ी पारी

**एजेंसी, कोलकाता**

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा रनचेज करते हुए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। आखिरी सुपर-8 मुकाबले में टीम इंडिया ने 196 रन के लक्ष्य को 19.2 ओवर में हासिल कर वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया। ईडन गार्डन्स में जीत के हीरो संजू सैमसन रहे, जिन्होंने नाबाद 97 रन की पारी खेलकर विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

वह टारगेट का पीछा करते हुए भारत की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले प्लेयर बने। वेस्टइंडीज के खिलाफ 196 रन का लक्ष्य हासिल कर भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में अपना सबसे बड़ा रनचेज दर्ज किया। इससे पहले 2014 में टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 173 रन चेज किए थे।

ओवरऑल यह टूर्नामेंट इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा रनचेज रहा। इससे बड़ा चेज 2016 में वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 230 रन बनाकर किया था। भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में छठी बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस उपलब्धि के साथ टीम ने पाकिस्तान और इंग्लैंड की बराबरी कर ली है। दोनों टीमें भी 6-6 बार अंतिम-4 में पहुंच चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)



◆ भारत टी-20 वर्ल्ड कप में छठी बार सेमीफाइनल में जगह बनाने में कामयाब

### कोहली का रिकॉर्ड टूटा

**वेस्टइंडीज** के खिलाफ संजू सैमसन ने 97 रन की पारी खेलकर टी-20 वर्ल्ड कप रनचेज में भारत के लिए सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले 2016 में विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नाबाद 82 रन बनाए थे। ओवरऑल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की ओर से यह दूसरी सबसे बड़ी पारी है। 2010 में सुरेश रैना ने 101 रन की शतकीय पारी खेली थी।

### सूर्या बतौर कप्तान 81.25% जीत के साथ नंबर वन

**सूर्यकुमार** यादव भारत के लिए 50 टी-20 मैचों में कप्तानी करने वाले चौथे खिलाड़ी बने। उन्होंने 50 में से 38 मुकाबले जीतकर 81.25 प्रतिशत का शानदार जीत प्रतिशत दर्ज किया, जो इस सूची में सबसे बेहतर है। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी (73 मैच), रोहित शर्मा (62 मैच) और विराट कोहली (50 मैच) यह आंकड़ा छू चुके हैं।

### बुमराह ने हेटमायर को छठी बार किया आउट

**जसप्रीत** बुमराह ने टी-20 क्रिकेट में शिमरन हेटमायर को छठी बार अपना शिकार बनाया। खास बात यह है कि हेटमायर ने बुमराह के खिलाफ 10 पारियों में सिर्फ 17 रन बनाए हैं। उनका औसत 2.83 और स्ट्राइक रेट 73.91 का रहा है। हालांकि हेटमायर ने एक एडिशन में 19 सिक्स लगाने का रिकॉर्ड बना लिया है।

# धर्मशाला में 14 जून को होगा भारत-अफगानिस्तान का मैच

## दोनों में एक टेस्ट और 3 वनडे मुकाबले होंगे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल का 19वां सीजन खत्म होने के बाद सीरीज शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शेड्यूल रिलीज करते हुए बताया कि मुल्लांपुर में टेस्ट मैच से सीरीज शुरू होगी। फिर धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 3 वनडे खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने मीडिया रिलीज में बताया कि महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 6 से 10 जून तक टेस्ट मैच होगा। 14 जून को धर्मशाला टेडियम में पहला वनडे, 17 जून को इकाना स्टेडियम में दूसरा वनडे और 20 जून को चेपॉक स्टेडियम में तीसरा वनडे खेला जाएगा। सभी वनडे दोपहर 1.30 बजे से शुरू होंगे।

अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ 4 वनडे खेले, 3 में टीम को हार मिली। वहीं एक मुकाबला टाई रहा। अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ 4 वनडे खेले, 3 में टीम को हार मिली। वहीं एक मुकाबला टाई रहा।

अफगानिस्तान ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत ही टीम इंडिया के खिलाफ मैच से की थी। 2018 में बेंगलुरु के मैदान पर भारत ने पारी और 262 रन से मुकाबला जीत लिया था। तब से अफगानिस्तान ने 13 टेस्ट खेले, 4 जीते और 7 गंवा दिए। जबकि 2 ड्रॉ रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



### भारत को कभी नहीं हरा सका अफगानिस्तान

**अफगानिस्तान** और भारत के बीच 4 वनडे खेले गए। सभी मल्टिनेशन टूर्नामेंट में ही रहे। एशिया कप में दोनों ने 2 मैच खेले, 1 में भारत को जीत मिली, जबकि 2018 में एक मुकाबला टाई भी रहा। 2019 और 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी दोनों के बीच 2 मैच हुए। सभी में भारत जीता। दोनों टीमों के बीच पहली बार वनडे फॉर्मेट की सीरीज होने जा रही है। टी-20 इंटरनेशनल में दोनों टीमों के बीच 9 मुकाबले हुए। 8 में भारत को जीत मिली, जबकि एशियन गेम्स में एक मुकाबला बेनतीजा भी रहा। दोनों टीमों ने इस फॉर्मेट की इकलौती सीरीज 2024 में खेली थी, तब भारत 3-0 से जीता था।

## टी-20 विश्व कप में खराब प्रदर्शन करने पर पाक टीम पर गिरी गाज

# पीसीबी ने प्लेयर्स पर ठोंका 50-50 लाख जुर्माना

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बड़ा कदम उठाया है। बोर्ड अपने खिलाड़ियों से जुर्माना वसूलने वाला है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के मुताबिक, पाकिस्तान के हर खिलाड़ी पर 50 लाख पाकिस्तानी रुपए (16.28 लाख भारतीय रुपए) का जुर्माना लगाया गया। बोर्ड अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि अब खिलाड़ियों को आर्थिक फायदा केवल अच्छे प्रदर्शन के आधार पर ही मिलेगा।

बता दें कि पाकिस्तान में नेशनल टीम का हिस्सा प्लेयर्स को 4 कैटेगरी में सैलरी मिलती है। ए कैटगरी में करीब 65 लाख, बी कैटेगरी में 45 लाख, सी कैटेगरी में 20 लाख और डी कैटेगरी में 12.50 लाख रुपए हर महीने मिलते हैं। हालांकि, जुलाई 2025 से जून 2026 के पिछले कॉन्ट्रैक्ट में पीसीबी ने किसी भी खिलाड़ी को ए कैटेगरी में नहीं रखा। (अनंत ज्ञान)






### पीसीबी ने भारत से मैच हारने के बाद ही लगा दिया था जुर्माना

**पाकिस्तानी** फैंस के साथ बोर्ड अधिकारी भी टीम के प्रदर्शन से बेहद नाराज हैं। भारत के खिलाफ मैच हारने के बाद ही हर पाकिस्तानी खिलाड़ी पर 50 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया गया था। पीसीबी ने कहा कि अगर अच्छे प्रदर्शन पर इनाम मिलता है, तो खराब प्रदर्शन पर सजा भी मिलेगी। भारत से हार के तुरंत बाद टीम को यह फैसला बता दिया गया था।

### श्रीलंका पर जीत के बावजूद टूर्नामेंट से बाहर हुई टीम

**पाकिस्तान** का सुपर-8 स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच बारिश में धुल गया। इंग्लैंड ने करीबी मुकाबला हरा दिया। इसके बाद सेमीफाइनल की उम्मीदें दूसरे मैचों के नतीजों पर टिक गईं। श्रीलंका पर करीबी जीत के बावजूद रन रेट खराब रहा। इस कारण न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में पहुंच गया और पाकिस्तान बाहर हो गया।

# मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण जितने संजू के 97 रन: गंभीर

**एजेंसी, कोलकाता**

गौतम गंभीर का मानना है कि टीम गेम में प्रत्येक खिलाड़ी का छोटा या बड़ा योगदान महत्वपूर्ण होता है, लेकिन भारतीय क्रिकेट में लंबे समय से इसका अभाव रहा है। भारत के मुख्य कोच ने कहा कि अगर शिवम दुबे ने रविवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 विश्व कप के मैच में 19वें ओवर दो चौके नहीं लगाए होते तो संजू सैमसन की 97 रन की मैच विजेता पारी की कोई बात नहीं कर रहा होता। गंभीर ने कहा कि जब तक वह कोच हैं, प्रत्येक खिलाड़ी के योगदान का पूरे सम्मान के साथ उल्लेख किया जाएगा।

गंभीर ने पत्रकारों से कहा, 'मुझे खुशी है कि आप सभी के योगदान के बारे में बात कर रहे हैं क्योंकि कई वर्षों से हम केवल कुछ विशेष योगदानों के बारे में ही बात करते रहे हैं। यह एक टीम गेम है और यह हमेशा टीम गेम ही रहेगा।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए शिवम के दो चौके भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने संजू के 97 रन, क्योंकि अगर उसने वे दो चौके नहीं लगाए होते तो आप उस (97 रन की पारी) के बारे में बात भी नहीं करते।' गंभीर ने कहा कि बड़ा योगदान सुर्खियां बटोरता है, लेकिन छोटा योगदान भी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि वह टीम को जीत दिलाने में मदद कर सकता है, उसे लक्ष्य तक पहुंचा सकता है। इसीलिए मैं कहता हूं कि जब तक मैं इस पद पर हूं, हमारी आगे भी यही नीति रहेगी। दुनिया भर के कोच आंकडों (डेटा) को महत्वपूर्ण मानते हैं लेकिन इनमें गंभीर शामिल नहीं हैं। उन्होंने कहाकि सच कहूं तो मुझे आंकड़ों पर भरोसा नहीं है। मैंने कभी आंकड़े देखे ही नहीं। मुझे तो यह भी नहीं पता कि आंकड़े होते क्या हैं। मैं उन पर बिलकुल भी विश्वास नहीं करता, क्योंकि मुझे लगता है कि वे अधिकतर सहज ज्ञान पर आधारित होते हैं।' गंभीर की यह टिप्पणी आश्चर्यजनक थी क्योंकि टीम डेटा विश्लेषक हरि प्रसाद पर काफी हद तक निर्भर रहती है। (अनंत ज्ञान)



# दिल्ली को 23 वर्ष बाद एसजेएफआई के नेशनल कन्वेंशन की मेजबानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजेएफआई) का नेशनल कन्वेंशन 2026 आगामी 13 से 16 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। 23 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद राष्ट्रीय राजधानी को इस प्रतिष्ठित वार्षिक आयोजन की मेजबानी का अवसर मिला है। इस बार का संस्करण विशेष रूप से ऐतिहासिक होगा क्योंकि इसके साथ एसजेएफआई अपनी स्वर्ण जयंती (गोल्डन जुबली) भी मना रहा है। आयोजन की मेजबानी दिल्ली स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट एसोसिएशन (डीएसजेए) द्वारा की जा रही है। एसजेएफआई को विश्व खेल पत्रकार संगठन इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्रेस एसोसिएशन (एआईपीएस) से मान्यता एवं संबद्धता प्राप्त है। चार दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में उत्तर, पूर्व, पश्चिम और दक्षिण जोन से 250 से अधिक वरिष्ठ खेल पत्रकार, खेल प्रशासक, नीति-निर्माता, ओलंपिक खिलाड़ी और उद्योग जगत के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। इस विशेष गोल्डन जुबली संस्करण में 'ग्रैंड स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के शीर्ष खेल प्रशासक और ओलंपिक आइकन शामिल होंगे। इसके साथ ही जेके बोस इंटर-जोनल टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट, एसी बाली टेबल टेनिस टूर्नामेंट, मॉडर्न पायथियन गेम्स जैसी पारिवारिक और युवा गतिविधियां तथा भव्य फाइनल्स एवं समापन समारोह भी कार्यक्रम का हिस्सा होंगे।

डीएसजेए के अध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने कहा कि आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं और यह सम्मेलन ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने खेल मंत्रालय, खेल क्षेत्र की कंपनियों और भारतीय तीरंदाजी संघ के सचिव एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। एसजेएफआई के अध्यक्ष सरजू चक्रवर्ती ने कहा कि स्वर्ण जयंती नेशनल कन्वेंशन संगठन की 50 वर्ष की गौरवशाली यात्रा का प्रतीक है। (अनंत ज्ञान)

### बिश्केक में मॉडर्न पाइथियन गेम्स में भाग लेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** मॉडर्न पाइथियन गेम्स में तब नया इतिहास रचा जाएगा, जब भारत बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले युवा डेल्फिक गेम्स में युवा कलाकारों का अपना पहला राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। भारत का 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 22 मार्च को किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक के लिए रवाना होगा, जो वर्तमान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की अध्यक्षता कर रहा है। यह पहला अवसर है जबकि भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की तर्ज पर आयोजित किए जा रहे इन खेल में भाग लेगी। भारतीय दल में 41 युवा कलाकार भी शामिल हैं। इनमें से दिल्ली के 21, हिमाचल प्रदेश के 10, कर्नाटक के चार तथा उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, उत्तराखंड और हरियाणा के एक एक कलाकार शामिल हैं। प्रतिभागी लोक संगीत, नृत्य, गायन, पॉप संगीत, डीजे कला, दृश्य कला, कला और शिल्प तथा पियानो सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। (अनंत ज्ञान)

◆ भारत का 65 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 22 मार्च को होगा रवाना

# सीओई में सेवाएं देने को बीसीसीआई ने जहीर के बाद हरभजन से साधा संपर्क

**एजेंसी, कोलकाता**

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।

बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जहीर खान युवा तेज गेंदबाजों के साथ पांच दिवसीय शिविर के लिए पहले ही बेंगलुरु पहुंच चुके हैं। ये युवा गेंदबाज सीनियर टीम में जगह बनाने के करीब हैं या उसके लिए कुछ मैच खेल चुके हैं। पता चला है कि सीओई के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट की अगली पीढ़ी को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने पूर्व साथियों से चार से पांच दिन के विशेष शिविरों के लिए संपर्क किया था। इस घटनाक्रम से अवगत बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, ''यह एक स्वागत योग्य पहल है जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।'' (अनंत ज्ञान)



# कहलूर में डॉ. निशांत और डॉ. सौरभ की जोड़ी ने जीता बैडमिंटन का खिताब

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर द्वारा द्वितीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन कहलूर इंडोर स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमों ने भाग लिया तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज करवाई। प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों के मध्य आपसी समन्वय, स्वास्थ्य जागरूकता एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशि दत्त शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने न केवल मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई, बल्कि एक उत्कृष्ट खिलाड़ी के रूप में स्वयं भी प्रतियोगिता में भाग लेकर सभी को प्रेरित किया। पारितोषिक वितरण समारोह में क्षेत्रीय अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. भूपेंद्र शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का फाइनल मैच बेहद रोमांचक रहा, जिसमें डॉ. सौरभ शर्मा एवं डॉ. निशांत वर्धन की टीम का मुकाबला गोल्डी एवं डॉ. निशांत आचार्य की टीम से हुआ। कड़े संघर्ष के बाद डॉ. निशांत वर्धन एवं डॉ. सौरभ शर्मा की जोड़ी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डॉ. शिवांशु बंसल, डॉ. प्रसाद एके, डॉ. कुलदीप वात्स्यायन, डॉ. दिनेश ठाकुर, डॉ. गौतम कार्तिक, सुरेश टाडू, श्याम शर्मा, पंकज शर्मा, अमित ठाकुर, रजनीश शर्मा, सुरेंद्र नड्डा, सुरेश नड्डा, डॉ. अभिषेक, डॉ. नीरज, डॉ. निशांत वर्धन, डॉ. सौरभ शर्मा, डॉ. निशांत आचार्य, डॉ. शशि दत्त शर्मा एवं गोल्डी सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में उद्घोषक निशांत कपूर एवं सुरेंद्र नड्डा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



मुख्यातिथि से इनाम प्राप्त करते विजेता खिलाड़ी। अनंत ज्ञान

## फुटबॉल — फ्लोरिडा डर्बी में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने दागे शानदार दो गोल

# इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी को 3-2 से दी शिकस्त

**एजेंसी, ऑरलैंडो**

फ्लोरिडा डर्बी में स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे और अपनी टीम इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) में 10 खिलाड़ियों तक सिमटी ऑरलैंडो सिटी पर 3-2 से रोमांचक जीत दिलाई। मुकाबला रविवार को ऑरलैंडो के इंटरएंडको स्टेडियम में खेला गया। मैच की शुरुआत में ऑरलैंडो सिटी ने आक्रामक खेल दिखाया।

पहले हाफ में मार्को पासालिक और मार्टिन ओहेडा ने छह मिनट के भीतर गोल दागकर मेजबान टीम को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में इंटर मियामी ने रणनीति में बदलाव किया और फुल-बैक नोआ एलेन की जगह माटेओ सिलवेट्टी को मैदान पर उतारा। यह बदलाव तुरंत असरदार साबित हुआ। मैदान पर आने के चार मिनट के भीतर सिलवेट्टी ने टेलास्को सेगोविया के पास पर गोल कर टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। इसके बाद सेगोविया ने एक और शानदार मूव तैयार किया और आठ मिनट बाद मेसी को असिस्ट दिया। मेसी ने बॉक्स के बाहर से बेहतरीन शॉट लगाते हुए 2026 सीजन में अपना पहला लीग गोल दागा और स्कोर बराबर कर दिया। मैच के 85वें मिनट में मेसी ने सेगोविया को पास दिया, जिन्होंने कर्लिंग शॉट के जरिए गोल कर मियामी को बढ़त दिला दी और टीम की वापसी पूरी की। इंजरी टाइम में ऑरलैंडो की मुश्किलें और बढ़ गईं जब कॉलिन गुस्के ने मेसी पर फाउल किया और दूसरा येलो कार्ड मिलने के बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इससे ऑरलैंडो सिटी 10 खिलाड़ियों तक सिमट गया। इसके बाद मेसी ने फ्री-किक पर शानदार गोल कर इंटर मियामी की जीत पक्की कर दी।

इस जीत के साथ इंटर मियामी ने ऑरलैंडो सिटी के खिलाफ सभी प्रतियोगिताओं में अपनी पहली जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)



